# नीतीश सरकार की व्यावसायियों पर नजर, जल्द बनेगा व्यापार आयोग



**पटना, एजेंसी।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा है कि बिहार में जल्द ही व्यापार आयोग का गठन होगा। इसमें कलवार समाज का भी प्रतिनिधित्व होगा।राजधानी के बीआईए सभागार में शनिवार को आयोजित कलवार एकीकरण सह सम्मान समारोह में उन्होंने यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि समाज एकीकृत है और राजनीतिक रूप से आगे बढ़ना चाहता है। भाजपा कलवार समाज को सम्मान देती रही है और आगे भी देगी। उन्होंने

### चुनाव से पहले इस जाति को तवज्जो

कलवार इंडिया एसोसिएशन के सभी नवनियुक्त अधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। साथ ही आह्वान किया कि सभी अपने अधिकार और सम्मान के लिए संघर्ष करें। सम्मान समारोह में सभी जिलों से आए कलवार समाज के लोग उपस्थित हुए। सम्मेलन में पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, विधान पार्षद तरुण कुमार, विनोद जायसवाल, मदन चौधरी, अशोक जायसवाल, डॉ. राजेश रौशन, विशाल और राधेश्याम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

राज्य सरकार ने शनिवार को चार महत्वपूर्ण आयोग और एक बोर्ड का गठन किया। जिन चार आयोगों का पुनर्गठन किया गया है उनमें अतिपिछड़े वर्गों के लिए राज्य आयोग, बिहार राज्य महिला आयोग, बाल श्रमिक आयोग, राज्य खाद्य आयोग शामिल हैं। वहीं बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड को अध्यक्ष समेत सदस्य मिल गए हैं। इन सभी के गठन की अधिसूचना सरकार के संबंधित महकमों ने जारी की है। वरिष्ठ जदयू नेता नवीन कुमार आर्या को फिर अति पिछड़े वर्ग राज्य आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं, मधुबनी निवासी केदारनाथ भंडारी और गया जी के अमित कुमार को आयोग का सदस्य बनाया गया है। समस्तीपुर के वाजितपुर नियारी निवासी अप्सरा मिश्रा को राज्य महिला आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। अप्सरा जदयू नेत्री हैं। बांका की शीला टूड्डू, रोहतास की रजिया कामिल अंसारी, लखीसराय की पिंकी कुमारी, पटना की सजल झा, गया की श्यामा सिंह और पटना की रश्मि रेखा सिन्हा को गैर सरकारी सदस्य बनाया गया है। समाज कल्याण विभाग की सचिव बंदना प्रेयषी पदेन सदस्य सचिव होंगी।

राज्य बाल श्रमिक आयोग के अध्यक्ष जदयू नेता अशोक कुमार (पुत्र आनंदी बादल) और उपाध्यक्ष भाजपा प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह बनाए गए हैं। विधायक श्रेयसी सिंह, रामविलास कामत, विजय कुमार तथा विधानपार्षद अनिल कुमार और रवींद्र प्रसाद सिंह को सदस्य बनाया गया है। सुनील कुमार और शौकत अली भी सदस्य बनाए गए हैं। प्रह्लाद कुमार को राज्य खाद्य आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है जबकि रिंकी रानी पांडेय, मनोज कुमार, अंगद कुशवाहा, नरेन्द्र कुमार ऋषि को सदस्य बनाया गया।

## संक्षिप्त समाचार

## आरा में ट्रेन से नीचे गिरने से मजदूर की मौत

■ काम करने के लिए बिहटा जा रहे थे, बैलेंस बिगड़ने से जमीरा हॉल्ट पर हुआ हादसा

**आरा, भोजपुर, एजेंसी।** आरा में जमीरा हॉल्ट के पास ट्रेन से गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। ट्रेन से मजदूरी करने के लिए बिहटा जा रहे थे। इस दौरान बैलेंस बिगड़ने से नीचे गिर गया। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पिपरहिया निवासी शिवनाथ सिंह(59) के तौर पर हुई है।



घटना दानापुर-पीडीडीयू रेल खंड की है। मृतक के बेटे विनोद कुमार ने बताया कि पिताजी मजदूरी करने के लिए जा रहे थे। आरा स्टेशन पर उन्होंने ट्रेन पकड़ी थी। रास्ते में गाड़ी से नीचे गिर गए। हादसे की सूचना हमलोग मौके पर पहुंचे। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से डॉक्टरों ने पटना रेफर कर दिया, लेकिन कायमनगर के पास मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को शव सौंप दिया है। मृतक तीन भाई-बहन में सबसे बड़ा था। परिवार में पत्नी शनिचरा देवी, एक बेटा विनोद और बेटी मोना देवी है। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया बकरीद का त्योहार

**भागलपुर, एजेंसी।** प्रखंड में बकरीद का त्योहार शनिवार को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। ईदगाहों और मस्जिदों में पूरी अकीदत के साथ नमाजियों ने नमाज अदा की और गले मिलकर एक-दूसरे को बकरीद का मुबारकबाद दिया। शहर और गांव के ईदगाहों-मस्जिदों पर सुबह से ही नए-नए कपड़े पहनकर बकरीद की नमाज अदा करने नमाजियों के पहुंचने का सिलसिला प्रारंभ हो गया था। शहर के विभिन्न ईदगाह और मस्जिदों में नमाजियों ने देश में अमन चैन और सामाजिक सौहार्द्र की दुआ मांगी। इससे पूर्व शुक्रवार की देर रात तक बाजारों में ईद की खरीदारी हुई। कुर्बानी के मद्देनजर साफ-सफाई के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस दौरान बच्चे, युवा और बुजुर्गों में खासा उत्साह देखा गया। बकरीद को लेकर चिह्नित जगहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। जिसका कमान खुद थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार संभाले हुए थे।

## मुर्रा नस्ल की भैंस लेकर चोर फरार

**बेतिया, एजेंसी।** बिहार के पश्चिम चंपारण के बेतिया में अनोखी चोरी का मामला सामने आया है। मझौलिया थाना क्षेत्र के चनायनबांध पंचायत के वार्ड नंबर 11 में चोरों ने पिकअप वाहन से आकर मुर्रा नस्ल की भैंस चुरा ली। घटना देर रात की है। चोर पिकअप वाहन से गांव पहुंचे। उन्होंने वाहन को कुछ दूरी पर खड़ा किया। दो चोर देवनाथ पटेल के घर के दरवाजे तक गए। वहां से भैंस को निकाला और पिकअप में लादकर फरार हो गए।सुबह जब देवनाथ पटेल को भैंस नहीं मिली तो उन्होंने खोजबीन की। सीसीटीवी फुटेज में पूरी चोरी कैद हो गई थी।

**रोजाना 12 लीटर देती थी दूध :** पटेल ने बताया कि भैंस की कीमत करीब 1 लाख 45 हजार रुपए थी। भैंस रोजाना 12 लीटर दूध देती थी। इलाके में उसके दूध का स्वाद विशेष माना जाता था। मझौलिया थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल टावर लोकेशन और अन्य तकनीकी माध्यमों से चोरों की तलाश कर रही है। पुलिस ने भैंस की बरामदगी के लिए विशेष टीम बनाई है।

## भागलपुर-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस पर पत्थरबाजी

■ कोच का शीशा टूटा, यात्रियों में दहशत, 2 माह के अंदर दूसरी घटना

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर-हावड़ा के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस पर एक बार फिर पत्थरबाजी हुई है। दो माह के अंदर यह दूसरी घटना है। टिकानी रेलखंड के पास ट्रेन के सी-7 कोच की 42 और 43 नंबर सीट के शीशे पर दो पत्थर लगे। जिससे शीशा टूट गया। तेज आवाज से यात्री सहम गए, शोर मचाने लगे। कैटरिंग स्टाफ और आरपीएफ एस्कॉर्ट ने यात्रियों को शांत कराया। घटना शनिवार दोपहर करीब 3:20 बजे की है। भागलपुर से खुलने के बाद गाड़ी टिकानी रेलखंड से गुजर रही थी। इस दौरान हट पुरैनी और टिकानी के बीच मवेशी के ट्रेन से कट जाने के कारण गुस्साए लोगों ने पथराव कर दिया। मालदा रेल मंडल के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने का निर्देश दिया है, ताकि आरोपियों की पहचान हो सके। पत्थरबाजी और मवेशी कटने की वजह से दूसरी ट्रेनों पर भी असर पड़ा। गोमतीनगर जाने वाली ट्रेन लेट से पहुंची। दुमका से पटना जा रही एक्सप्रेस ट्रेन को हंसडीहा में रोक लिया गया।



## ट्रैक्टर ड्राइवर पर फायरिंग मामले पर आरोपी गिरफ्तार

**आरा, भोजपुर, एजेंसी।** भोजपुर के चरपोखरी पुलिस ने ट्रैक्टर ड्राइवर अमरेंद्र सिंह (22) पर फायरिंग मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान इमादपुर थाना क्षेत्र के बिहटा निवासी संजय साव के तौर पर हुई है। आरोपी के पास से वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद हुआ है। अवैध संबंध के विरोध करने पर अपराधियों ने मुंह पर गोली मारी थी। एसपी राज ने इसकी पुष्टि की है।

अज्ञात अपराधियों के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पीरो एएसपी के. के सिंह के नेतृत्व में जांच के लिए टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर छापेमारी कर कांड में संलिप्त संजय साव को धर दबोचा।

### संजय ने साथियों के साथ रची साजिश

पीरो एएसपी ने बताया कि घायल की पत्नी और आरोपित के बीच काफी नजदीकी संबंध थे। जिसका अमरेंद्र विरोध करता था। उसे रास्ते से हटाने के लिए संजय ने अपने साथियों के साथ मिलकर साजिश रची थी। कांड में शामिल अन्य अपराधियों की तलाश की जा रही है।

**अपराधियों ने घेरकर मारी थी गोली :** चार जून को अमरेंद्र सिंह चरपोखरी से बालू अनलोड करके लौट रहे थे। इस दौरान कोयल गांव में हथियार बंद हथियारबंद अपराधियों घेरकर उन्हें गोली मार दी थी। परिजनों ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। डॉक्टरों ने ऑपरेशन करके बुलेट निकाला था। अभी मरीज की स्थिति स्टेबल है।



## प्रकृति को सुंदर और सुरक्षित रखने के लिए लगाएं पौधे

**गया, एजेंसी।** फतेहपुर प्रखंड की कठौतिया केवाल पंचायत के रंगूनगर में गुरुकुल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर दर्जनों पौधों का वितरण व पौधरोपण किया गया। साथ ही हरियाली व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। शिक्षकों व विद्यार्थीयों ने पर्यावरण को हरा-भरा रखने का संकल्प लिया। गुरुकुल के संस्थापक नरेश भारती के नेतृत्व में बरगद, पीपल, नीम, आम आदि फलदार व छायादार पौधे लगाए गए। साथ ही संस्थान के बच्चों के बीच पौधे बांटे गए। मौके पर नरेश भारती ने कहा कि प्रकृति ही हमारे जीने की आधार है। हरियाली व पर्यावरण जितना स्वच्छ व सुंदर होगा। हमारा जीवन उतना ही बेहतर होगा। इसके लिए हरियाली लानी होगी। हमें पौधे लगाने होंगे। उन्होंने कहा कि हमें अपने घरों के आसपास जगह के अनुसार छोटे-बड़े पौधे लगाने चाहिए। इससे स्वच्छ हवा के साथ हरियाली भी आएगी। मौके पर काफी संख्या में गुरुकुल के विद्यार्थी मौजूद रहे।

## जगदीशपुर प्रखंड जदयू मीडिया सेल संगठन का विस्तार

**भागलपुर, एजेंसी।** जगदीशपुर प्रखंड के जदयू मीडिया सेल संगठन का शनिवार को विस्तार हुआ। जिसकी अध्यक्षता मीडिया सेल प्रखंड अध्यक्ष रंजित कुमार ने की। वहीं जिला उपाध्यक्ष रमण कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस दौरान संगठन के विस्तार के बाद उपाध्यक्ष, महासचिव सहित अन्य पदों का जिला जदयू मीडिया सेल जिलाध्यक्ष रविश रवि और जदयू प्रदेश राजनीतिक सलाहकार सदस्य शिशुपाल भारती के द्वारा घोषणा की गई। प्रखंड कमेटी की सूची घोषित करने के बाद मुख्य अतिथि शिशुपाल भारती ने नवमनोनित सभी साथियों को विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का निर्देश दिया। जिलाध्यक्ष रविश रवि ने सोशल मीडिया के बारीकियों के बारे में जानकारी दी।

## पटना के अस्पताल में महिला मरीज को चढ़ा दी एक्सपायरी स्लाइन, खूब हंगामा-कर्मचारियों से हाथापाई

**पटना, एजेंसी।** बिहार की राजधानी पटना के एक अस्पताल में मरीज को एक्सपायरी स्लाइन का मामला सामने आया है। दरअसल पटना से सटे बाढ़ अनुमंडल अस्पताल में शनिवार को पंडारक की महिला मरीज को एक्सपायरी स्लाइन चढ़ाने की बात उजागर होने पर परिजनों ने जमकर हंगामा किया। वहीं, बीच बचाव करने पहुंचे कर्मचारियों के साथ हाथापाई की। परिजनों ने कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की। इसके अलावा भी स्लाइन और मरीज को कभी दिया गया था। वहीं, इस मामले में अनुमंडल अस्पताल उपाधीक्षक ने जांच के आदेश दिये हैं। इस संबंध में पंडारक निवासी आदित्य, निशांत ,रंजन का कहना था कि कंचन शर्मा पति भास्कर शर्मा निवासी पश्चिमी पंडारक को करंट लगने के बाद पंडारक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से बाढ़ अनुमंडल अस्पताल रेफर किया गया था। इलाज के दौरान






नर्स और अन्य कर्मचारी ने मरीज को एक्सपायरी डेट की स्लाइन चढ़ा दी। हालांकि, मरीज को कोई दिक्कत नहीं हुई थी। इस बात की जानकारी मिलने पर परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची। परिजनों ने पुलिस और एसडीओ के पास शिकायत की है। जांच के दौरान पता चला कि फरवरी 25 में ही डीएनएस सलाइन के उपयोग की तिथि समाप्त हो गई थी। इसके बावजूद बिना जांच किए स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा इमरजेंसी में सप्लाई की जा रही थी। शनिवार को भी लगातार यह सलाइन मरीजों को दी गई। एक कार्टन एक्सपायरी डेट की सलाइन इमरजेंसी में पाई गई है, जिसे तुरंत हटा दिया गया है। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. विनय कुमार चौधरी ने बताया कि इस मामले को लेकर ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों की लापरवाही सामने आई है। जांच के बाद दोषी पर कार्रवाई की जाएगी।

## बिहार विधानसभा चुनाव क्यों लड़ना चाहते हैं चिराग पासवान, केंद्रीय मंत्री ने खुद बताया

**पटना, एजेंसी।** लोजपा (रा.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने खुद के विधानसभा चुनाव लड़ने के पीछे के कारणों का खुलासा किया और कहा कि उनके चुनाव लड़ने का अंतिम फैसला संसदीय बोर्ड का होगा। इसके पीछे की सोच पार्टी की स्ट्राइक रेट और गठबंधन को मजबूत करना होगा। वे शनिवार को पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं है कि मैं कुछ ऐसा अनोखा प्रयोग कर रहा हूं, अलग-अलग समय में भाजपा व कई बड़े दल भी अपने रार्ष्ट्रीय स्तर के नेताओं को विधानसभा का चुनाव लड़वाते रहे हैं। उसके पीछे की सोच अपने कार्यकर्ताओं में उत्साह लाने की होती है।

यह अपने गठबंधन व पार्टी के स्ट्राइक रेट को बेहतर करने की होती है। उन्होंने बताया कि आरा में पार्टी की ओर से विशाल जनसभा का आयोजन रविवार को होगा। पार्टी पांच छह जिलों को जोड़कर ऐसी जनसभाएं आयोजित करेगी। वहीं, चिराग पासवान ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि उन्होंने बिहार चुनाव हारने का बहाना तैयार कर लिया है। ये सिर्फ बहाने ढूंढ़ते हैं कि कैसे अपनी हार पर लीपापोती की जा सके। उन्होंने हर संवैधानिक संस्थान पर सवाल उठाए जाने और इवीएम के बाद नये मतदाता जोड़ लेने के सवाल उठाए जाने की आलोचना की। चिराग पासवान ने कहा कि ये बिहार तो हारेंगे ही इसके बाद पश्चिम बंगाल और असम भी हारेंगे।



## गया में 2 गुट आपस में भिड़े, जमकर हुई मारपीट

### 3 राउंड फायरिंग से इलाके में दहशत, पुलिस के पहुंचते ही आरोपी मौके से फरार

**गया, एजेंसी।** गयाजी में शनिवार देर शाम आपसी विवाद में 2 गुट आपस में भिड़ गए। इस दौरान 3 राउंड फायरिंग की गई। गोलीबारी के बाद आसपास अफरा-तफरी मच गई। मारपीट और फायरिंग की सूचना पर डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस के पहुंचते ही दोनों गुट के लोग फरार हो गए। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गुलाबबाग मोहल्ले की है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया, पहले 2 युवकों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद बढ़ने पर एक युवक ने फोन करके अपने भाइयों और दोस्तों को बुला लिया। इस बीच दूसरे ने भी अपने लोगों को बुला लिया। दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। मारपीट में एक युवक घायल हो गया। एक पक्ष के लोगों ने घर पर चढ़कर फायरिंग कर दी। करीब 3 राउंड गोली चली है।




### आरोपी के घर पर पुलिस ने छापा मारा था

स्थानीय लोगों के मुताबिक मारपीट में शामिल एक युवक का क्रिमिनल रिकॉर्ड है। घर के आसपास दबंगई और मारपीट करता है। 4 साल पहले नवजात चोरी मामले में मेडिकल थाने की पुलिस ने घर पर छापा मारा था। एक राइफल बरामद हुआ था।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है

थानाध्यक्ष सुनील कुमार द्विवेदी ने बताया, दो राउंड फायरिंग की सूचना मिली है। हालांकि अभी तक कोई ठोस सबूत या मौके से खोखा नहीं मिला है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। पहचान करके दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## दरभंगा में लाठीचार्ज में कई बीजेपी कार्यकर्ता घायल: मशाल जुलूस निकालने पहुंचे थे



### घायलों से मिले मंत्री जीवेश मिश्रा, बोले– दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई होगी

**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा में डिप्टी मेयर नाजिया हसन के आरएसएस पर दिए गए विवादित बयान के विरोध में शनिवार को बीजेपी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। हिंदू संगठनों के साथ मशाल जुलूस निकालने की तैयारी थी, लेकिन जिला प्रशासन की ओर से अनुमति नहीं दी गई। इसके बावजूद कार्यकर्ता आयकर चौराहे पर जुटे। पुलिस ने मशाल जब्त करने की कोशिश की तो धक्का-मुक्की शुरू हो गई। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। इसमें कई बीजेपी कार्यकर्ता घायल हो गए। इलाज के लिए छ्रस्छ॥ में भर्ती कराया गया। मामले की जानकारी मिलते ही बिहार सरकार के मंत्री जीवेश मिश्रा देर रात अस्पताल पहुंचे। घायलों से मुलाकात कर उनका हाल जाना।

### दोषी अधिकारी पर कार्रवाई होगी

मंत्री जीवेश मिश्रा ने कहा, वीडियो फुटेज मंगाई जा रही है। एसएसपी को निर्देश दिया गया है कि स्थानीय लोगों की गवाही और फुटेज देखने के बाद दोषी अधिकारी पर कार्रवाई हो। मशाल जुलूस की अनुमति नहीं थी। कार्यकर्ताओं ने खुद को सरेंडर किया था। इसके बाद किस परिस्थिति में लाठीचार्ज हुआ, यह जांच का विषय है। जब मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग में 35प्रतिशत महिलाओं की बहाली की है, तो मौके पर महिला पुलिस क्यों नहीं थी। महिलाओं पर लाठीचार्ज पुरुष पुलिसकर्मी ने क्यों किया। जब तक वीडियो फुटेज नहीं देखे जाते, तब तक कुछ भी कहना उचित नहीं होगा। इसलिए एसएसपी को निर्देश दिया गया है कि वे खुद निगरानी में वीडियो देखने के बाद दोषियों पर कार्रवाई करें। केवटी विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा ने कहा, घायलों से मिलने डीएमसीएच गया था। एसडीपीओ सदर का कहना है कि सिर्फ धक्का-मुक्की हुई थी। लेकिन अस्पताल में घायलों की हालत देखकर ऐसा लग रहा है कि लाठीचार्ज हुआ है।

**महिलाओं पर भी लाठियां बरसाई :** वहीं, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सपना भारती ने कहा कि प्रशासन ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज किया। इसमें 15 से 20 लोग घायल हुए। सभी का इलाज डीएमसीएच में चल रहा है। पुरुष कार्यकर्ताओं पर जब लाठीचार्ज शुरू हुआ, तब महिलाएं बचाव के लिए आगे आईं। पुरुष कर्मियों ने महिलाओं पर भी लाठियां चलाईं।

## संक्षिप्त समाचार

### बंगाल विसचुनाव के लिए भाजपा का स्पेशल प्लान, धनबाद और रांची में भाजपा करने जा रही ये काम




रांची, एजेंसी। बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए वहां से सटे राज्य के शहरों में भाजपा आइटी सेंटर बनाएगी। यहां से मतदाताओं को संदेश भेजे जाएंगे। इसके साथ ही सीटों पर रणनीति बनाने के लिए रिसर्च और डाटा संग्रहण का काम भी किया जाएगा। बता दें कि 2026 के मार्च महीने में बंगाल में विधानसभा चुनाव संभावित हैं। पार्टी की योजना धनबाद और रांची में सेंटर स्थापित करने की है। भाजपा आईटी सेल इससे पहले भी बंगाल के चुनावों के लिए राज्य में रणनीतिक केंद्र बनाता रहा है। पुरुलिया और इससे सटे बंगाल के इलाकों में बड़े नेताओं की आवाजाही के लिए भी बोकारो, धनबाद और रांची केंद्र का उपयोग होता है। इसी महीने बंगाल भाजपा के नेता रांची आकर प्रदेश के नेताओं संग बैठक करेंगे और आगे की रणनीति तैयार करेंगे।

### 30 जून तक बर्द्धमान-हटिया मेमू बोकारो तक चलेगी, 9 और 11 को झाड़ग्राम मेमू रहेगी कैंसिल

धनबाद, एजेंसी। धनबाद व बोकारो समेत राज्य के बड़े हिस्से के यात्रियों की परेशानी शनिवार से बढ़ जाएगी। आगामी 30 जून तक बर्द्धमान–हटिया मेमू अलग–अलग दिनों में हटिया के बदले बोकारो तक जाएगी। वापसी में भी बोकारो से बर्द्धमान तक चलाई जाएगी। बोकारो से हटिया के बीच दोनों ओर से रद रहेगी। इसके साथ ही हटिया से सांकी के बीच चलने वाली दो जोड़ी पैसेंजर ट्रेनें भी 30 जून तक अलग–अलग दिनों में रद रहेंगी। इतना ही नहीं, धनबाद से बोकारो व टाटा होकर चलने वाली झाड़ग्राम मेमू भी नौ व 11 जून को दोनों ओर से रद रहेगी। अलग–अलग दिनों में भोजूडीह–चंद्रपुरा मेमू महुदा तक चलेगी। रेलवे से जारी सूचना में बताया कि रांची मंडल के रांची–टाटीसिल्वे के बीच ट्रैफिक ब्लाक तथा तथा आद्रा रेल मंडल में विकास कार्यों के कारण अलग–अलग दिनों में ट्रेनें प्रभावित रहेंगी।

### ट्रैक्टर और कार की टक्कर में युवती की मौत, चार घायल

धनबाद, एजेंसी। सिकंदरा–नवादा मुख्य मार्ग पर शनिवार की अहले सुबह बकरीद मनाने आ रहा एक परिवार हादसे का शिकार हो गया। ट्रैक्टर और इनोवा की आमने–सामने की टक्कर में 17 वर्षीय युवती की मौत हो गयी, जबकि एक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे में कुल चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए। इनमें से दो को पटना रेफर किया गया। मृतका की पहचान कोडरमा निवासी राजाउद्दीन खान की पुत्री नेहा खातून (17) के रूप में हुई है। घटना सिकंदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत नवादा–सिकंदरा मुख्य पथ स्थित पेट्रोल पंप के समीप की है। यह परिवार धनबाद से बकरीद मनाने अपने गांव सेवे लौट रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे ईंट लदे ओवरलोड ट्रैक्टर से इनोवा की जोरदार टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी भयानक थी कि इनोवा का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और ट्रैक्टर का बीच का हिस्सा भी टूट गया। हादसे में इनोवा सवार मो एजाजुल हक (60), उनके पुत्र मो शिजान यूसुफ उर्फ सैयद कैफ (22), मो कामरान यूसुफ (25), और नेहा खातून (17) गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी को तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से सिकंदरा पीएचसी लाया गया, जहां से दो की हालत गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल और फिर पटना रेफर किया गया। इलाज के दौरान पटना ले जाने के क्रम में नेहा खातून ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। शिजान यूसुफ का इलाज पटना के एक अस्पताल में चल रहा है, जहां उनकी स्थिति नाजुक बतायी जा रही है। हादसे में इनोवा सवार तीन अन्य लोगों को मामूली चोटें आयी हैं। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है और चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## पुराने कुएं के भरोसे 100 से अधिक आदिवासियों की जिंदगी,

# बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं लोग



**लातेहार, एजेंसी।** सरकार के द्वारा घर-घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने की योजना भले ही कागजों में पूरी हो गयी हो, पर अभी भी कई ऐसे गांव और टोले हैं, जहां के लोग आज भी शुद्ध पेयजल के लिए तरस रहे हैं। लातेहार के परसही पंचायत के बघमरी टोला की स्थिति कुछ ऐसी ही है। यहां रहने वाले लगभग 100 लोग आज भी एक पुराने कुएं पर आश्रित हैं। कुआं जब सूख जाता है तो यहां के ग्रामीण पोखर पर निर्भर हो जाते हैं।

दरअसल, लातेहार जिला मुख्यालय से मात्र 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित परसही का बघमरी टोला अवस्थित है। यहां उरांव जनजातियों की एक अलग बस्ती है। जहां आज तक शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं हो पाई है। ग्रामीण गांव में स्थित एक पुराने कुएं पर निर्भर रहते हैं। हालांकि जब गर्मी अत्यधिक पड़ने लगती है तो यह कुआं भी सूख जाता है। इसके बाद ग्रामीणों के समक्ष पानी की व्यवस्था करने की जद्दोजहद आरंभ हो जाती है।

गांव से थोड़ी दूर पर एक तालाब है, जहां चुआड़ी बनाकर ग्रामीणों को पानी लाना पड़ता है। यहां के ग्रामीण बताते हैं कि अगस्त से लेकर फरवरी मार्च तक तो किसी प्रकार कुएं से ही पानी मिल जाता है। परंतु मई और जून में पानी की घोर कमी हो जाती है। वहीं बरसात के दिनों में पानी बरसने के बाद ना तो कुएं का पानी पीने लायक रहता है और ना ही तालाब का पानी ही साफ बचता है। इस स्थिति में ग्रामीणों को लगभग 1 किलोमीटर दूर जाकर पीने का पानी लाना पड़ता है।

**कई बार लगाई गुहार, परंतु नहीं हुआ समस्या का समाधान:** स्थानीय ग्रामीण ननकू उरांव और आरती कुमारी ने बताया कि पानी की समस्या के समाधान के लिए कई बार जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारियों तक गुहार लगाई गई। परंतु आज तक इस गांव में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं हो पाई।

ग्रामीणों ने कहा कि कई बार मुखिया से भी अनुरोध किया गया कि गांव में काम से कम एक सोलर जल मीनार लगा दिया जाए परंतु उनकी बातों पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में पीने का पानी लाने के लिए ग्रामीणों को गांव से काफी दूर जाना पड़ता है। वहीं गर्मी के दिनों में जब कुआं सूख जाता है तो तालाब के पानी पर पूरे ग्रामीण निर्भर हो जाते हैं। हालांकि इस वर्ष समय-समय पर बारिश होने के कारण कुआं में अभी भी पानी बचा हुआ है, जिससे ग्रामीणों को कुछ सहूलियत हो रही है।

**पुराने चापानल की कराई गई मरम्मत :** इधर इस संबंध में लातेहार जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने बताया कि परसही उनका गृह पंचायत है। उन्होंने कहा कि बघमरी टोला में पानी की समस्या की जानकारी होने के बाद उन्होंने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता को मामले में कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया है।

उन्होंने कहा कि तत्काल में एक पुराने चापानल की मरम्मत कराई गई है। ताकि ग्रामीणों को आवश्यकता अनुसार पानी मिल सके। उन्होंने कहा कि जल्द ही यहां पेयजल की व्यवस्था कराने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं इस संबंध में विभागीय अभियंता ने कहा कि मामला संज्ञान में है। जल्द ही यहां सोलर आधारित जलमीनार लगाकर ग्रामीणों की समस्या का समाधान किया जाएगा।

## बंगाल की खाड़ी में नहीं बन रहा सिस्टम

### झारखंड में मानसून प्रवेश में 8 दिन की देर संभव

**रांची, एजेंसी।** देश में इस बार समय से सात दिन पहले 24 मई को ही मानसून की एंट्री हो गई। इसे देखकर उम्मीद जताई गई थी कि झारखंड में 6 जून तक मानसून आ जाएगा। लेकिन बंगाल की खाड़ी में पिछले कुछ दिनों से कोई सिस्टम न बनने के कारण मानसून अटक गया। आमतौर पर 12 जून तक झारखंड में मानसून प्रवेश करने का समय है, लेकिन इस बार सिस्टम नहीं बनने से इसमें 8 दिन की देर होने के आसार हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि अब हवा का रुख बदल रहा है। 16 जून तक बंगाल की खाड़ी में सिस्टम बनने की संभावना है। सिस्टम मजबूत हुआ तो मानसून की चाल तेज होगी। अब 20 जून तक मानसून के झारखंड में एंट्री की उम्मीद है। इसके बाद पांच-छह दिन के भीतर यह पूरे राज्य को कवर कर लेगा। पिछले साल भी राज्य में 21 जून को मानसून ने प्रवेश किया था। इस बार भी ऐसी ही उम्मीद है। अगर ऐसा हुआ तो खेती पर असर पड़ेगा।मानसून का इंतजार कर रहे झारखंडवासियों को एक बार फिर गर्मी सताएगी। क्योंकि, अगले दो दिनों में अधिकतम तापमान में 4 डिग्री तक बढ़ोतरी की संभावना है। हालांकि, इस दौरान कई क्षेत्रों में हल्की बारिश भी होगी। मौसम केंद्र के अनुसार गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबंगज, रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी सहित अन्य जिलों में बारिश हो सकती है। 9 जून को पलामू, चतरा, कोडरमा, लातेहार को छोड़कर अन्य जिलों में कहीं-कहीं हल्की बारिश की संभावना है।10 और 11 जून को राज्य के कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। इस दौरान 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा भी चलेगी। मौसम केन्द्र ने दो दिनों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। इधर, राजधानी रांची में 13 जून तक रोजाना हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना जताई गई है। इस दौरान अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है।

मौसम केन्द्र के मुताबिक अभी पछुआ हवा चल रही है। पछुआ हवा अरब सागर से होते हुए बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। इस वजह से पुरवैया हवा कमजोर पड़ गई है। ऐसे में नमीयुक्त बादल नहीं बन रहा है। इससे मानसून पर ब्रेक लग गया है। पुरवैया हवा तेज होने से नमी वाला बादल बनता है। 10 जून से पुरवैया हवा चलने से हल्की बारिश की संभावना है। इसके बाद एक सिस्टम बनता है तो मानसून तेजी से बढ़ेगा।

## देवघर में साइबर ठगों का आतंक, सामाजिक ट्रस्ट को बनाया निशाना, खाते से उड़ाए 3 लाख रुपये

**देवघर, एजेंसी।** देवघर के जसीडीह थाना क्षेत्र के स्थित एक सामाजिक ट्रस्ट को साइबर ठगों ने अपना शिकार बनाया है। अब ट्रस्ट के ट्रस्टी ने मामले को लेकर साइबर थाना में केस दर्ज करवाया है। पीड़ित ने प्राथमिकी में बेंगलुरु की एक कंपनी के चार कर्मचारियों और एक बैंक खाताधारक कंपनी को आरोपी बनाया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मामले की तफ्तीश में जुड़ गयी है।

जानकारी के अनुसार, 30 अप्रैल से एक मई के बीच ट्रस्ट के बैंक खाते से कुल 3,06,427 रुपये की राशि अवैध तरीके से फर्जी एकाउंट में ट्रांसफर कर दी गयी। ट्रस्टी का कहना है कि यह ट्रांजेक्शन पूरी तरह से फर्जी है। इसकी भनक उन्हें तब लगी जब ट्रस्ट का खाता अचानक फ्रीज कर दिया गया।

वहीं, जब खाते को होल्ड में डालने के बाद जांच की गयी, तो पता चला कि यह साइबर ठगी का मामला है। इसके बाद उन्होंने तत्काल साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराया। साथ ही खाते से होल्ड हटाने का आग्रह भी किया।

बता दें कि पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है। साथ ही आरोपियों की तलाश में जुट गयी है। लेकिन, इस तरह साइबर अपराध के बढ़ते मामले लोगों के लिए चिंता का सबब बन गये हैं। इन मामलों ने राज्य में डिजिटल सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिये हैं। फिलहाल, पुलिस ने पीड़ित को भरोसा दिलाया है कि जल्द ही दोषियों को पकड़ लिया जायेगा।

इधर, जसीडीह में ही एक जैप जवान भी साइबर अपराधियों के जाल में फंस गया। आरोपियों ने पीड़ित के बैंक खाते से लगभग 99 हजार रुपये की अवैध निकासी कर ली है। इस मामले में जैप जवान ने एक अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ साइबर थाना में शिकायत दर्ज करवायी है। पीड़ित ने आरोपी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध में पीड़ित जैप जवान ने बताया कि उसका जसीडीह स्थित एसबीआई शाखा में एकाउंट है। कुछ दिनों पूर्व गिरिडीह जिले के एक व्यक्ति ने उसके मोबाइल पर एक मैसेज भेजा। जब भेजे गये टैक्स मैसेज में दिये गये लिंक को खोलकर इंटरनेट बैंकिंग से जुड़ा आईडी व पासवर्ड डाला। आईडी और पासवर्ड डालते ही उसके एकाउंट से 99 हजार रुपये की अवैध निकासी कर ली गयी। पीड़ित के अनुसार आरोपी ने फर्जी लिंक भेजकर उसे ठगी का शिकार बनाया है। साइबर थाना की पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है।

# टाटानगर से चाकुलिया और चाईबासा के लिए मेमू ट्रेन सेवा शुरू




**जमशेदपुर, एजेंसी।** टाटानगर से छह साल साल के बाद चाकुलिया के लिए नई मेमू शुरू हुई। हालांकि पूर्व में टाटा से चाकुलिया के लिए पैसेंजर ट्रेन रवाना होती थी। टाटानगर से चाकुलिया के लिए 12 डिब्बे वाली मेमू सुबह 11 बजकर रवाना होगी जो दोपहर 12 बजकर 45 मिनट पर पहुचेंगी। वहीं, डाउन ट्रेन दोपहर तीन बजे चाकुलिया से शुरू होगी जो शाम पांच बजे टाटानगर आएगी।

इसके अलावा टाटानगर से चाईबासा के लिए आठ डिब्बों वाली मेमू शुरू की गई है। जो चाईबासा से सुबह तीन बजकर 20 मिनट पर रवाना होगी और यह पौने छह बजे टाटानगर आएगी, जबकि टाटानगर से यह ट्रेन रात आठ बजकर 55 मिनट पर रवाना होगी और 11 बजे चाईबासा पहुंचेगी।

कार्यक्रम के लिए जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय, जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी और पोटका विधायक संजीव सरदार को भी आमंत्रित किया गया था, लेकिन जमशेदपुर पूर्वी के विधायक पूर्णिमा साहू को छोड़कर कोई भी विधायक नहीं पहुंचे, जबकि उद्घाटन समारोह के बैनर में सभी विधायकों का भी नाम था।

68137 टाटा-चाईबासा मेमू रात आठ बजकर 55 मिनट पर टाटानगर से रवाना होगी तो यह रात नौ बजकर तीन मिनट पर आदित्यपुर स्टेशन पहुंचेगी। जबकि डाउन ट्रेन 68138 चाईबासा-टाटा मेमू सुबह चार बजकर 38 मिनट पर आदित्यपुर पहुंचेगी, लेकिन यह ट्रेन सुबह पांच बजकर 45 मिनट पर टाटानगर पहुंचेगी।

यानि इस ट्रेन को आदित्यपुर से टाटानगर की पांच किलोमीटर की यात्रा करने में 57 मिनट का समय लग जाएगा।

सालगाझरी से गम्हरिया तक थर्ड व फ्रोथ लाइन बनने के बाद ट्रैफिक जाम की समस्या समाप्त हो जाएगी। डीआरएम का कहना है कि वर्तमान में चक्रधरपुर से गम्हरिया तक पांच लाइन आती है लेकिन गम्हरिया से सालगाझरी तक मात्र दो लाइनें हैं जिसके कारण ट्रैफिक जाम उत्पन्न होता है जिसके कारण ट्रेनें देर होती है।

उन्होंने बताया कि इस साल के अंत तक थर्ड लाइन का काम पूरा हो जाएगा और फ्रोथ लाइन निर्माण का प्रस्ताव भी मुख्यालय की ओर से रेलवे बोर्ड को भेजा गया है स्वीकृति मिलने के बाद इस पर भी काम शुरू होगा। इसके अलावा दो नई लाइन भी यहां प्रस्तावित है। वहीं, उन्होंने कहा कि ट्रेनें लेट न हो इसके लिए रेलवे अपनी ओर से पूरी कोशिश कर रही है।

## झारखंड में स्मार्ट पीडीएस योजना की नई समस्या, इन 6 जिलों में नहीं मिल रहा वन नेशन, वन कार्ड योजना का लाभ




**रांची, एजेंसी।** केंद्र सरकार की ओर से झारखंड के छह जिलों में स्मार्ट पीडीएस योजना शुरू हो गयी है। फरवरी माह में पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत खूंटी से यह योजना शुरू की गयी। इसकी सफलता के बाद चतरा, गुमला, कोडरमा, लातेहार और सिमडेगा में भी अप्रैल माह से स्मार्ट पीडीएस योजना शुरू की गयी है। इस योजना के शुरू होने के बाद राज्य में एक नयी समस्या शुरू हो गयी है। इन छह जिलों के राशन कार्डधारियों को वन नेशन, वन कार्ड योजना का लाभ मिलना बंद हो गया है।

बताया जा रहा है कि इसे लेकर दूसरे जिलों में काम करने गये राशन कार्डधारियों को वन नेशन, वन कार्ड योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। खूंटी की रहने वाली सुखमनी लकड़ा और सुकरा उरांव जब इस योजना के तहत रांची के पीडीएस दुकानदार के पास गये, तो उन्हें बताया गया कि ई-पॉश मशीन में उनका नाम नहीं दिख रहा है। ऐसे में उन्हें राशन लेने के लिए अपने जिला जाना होगा। इसी प्रकार गुमला के कई लाभुक भी मई माह में वन नेशन, वन कार्ड का लाभ लेने से वंचित रह गये।

वन नेशन, वन राशन कार्ड योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है। यह विशेष रूप से उन लोगों के लिए लाभकारी है, जो रोजगार या अन्य कारणों से अपने मूल स्थान से दूर रहते हैं। इस योजना के माध्यम से सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि कोई भी पात्र व्यक्ति भूखा न रहे, चाहे वह देश के किसी भी हिस्से में क्यों न हो।

इस संबंध में रांची जिला फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ज्ञानदेव झा ने कहा कि मई माह में चतरा, गुमला, कोडरमा, लातेहार, सिमडेगा, खूंटी के राशन कार्डधारियों को वन नेशन, वन कार्ड योजना का लाभ नहीं मिल पाया। इस योजना के तहत अन्य जिलों और राज्य के बाहर से काम करने आये कार्डधारी राशन लेने से वंचित रह गये। पीडीएस डीलरों के ई-पॉश मशीन के सिस्टम में बदलाव होने के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है।

वहीं, जेएसएफसी के निदेशक दिलीप तिर्की ने बताया कि राशन कार्डधारियों के लिए वन नेशन, वन कार्ड योजना और स्मार्ट पीडीएस योजना केंद्र सरकार की ओर से शुरू की गयी है। अभी पायलट प्रोजेक्ट के तहत छह जिलों में स्मार्ट पीडीएस योजना शुरू की गयी है। सॉफ्टवेयर में आंकडा दर्ज नहीं होने के कारण इस प्रकार की समस्या हो रही होगी। जिलों से बात कर इस समस्या का जल्द निदान किया जायेगा।

## मंईयां सम्मान योजना को जारी हुआ एक और आदेश!

**लोहरदगा, एजेंसी।** सामाजिक सुरक्षा कोषांग की बैठक शनिवार को उपायुक्त डा. कुमार ताराचंद की अध्यक्षता में हुई। जिसमें उपायुक्त ने केंद्र और राज्य संपोषित पेंशन योजनाओं में लाभुक की अहर्ता और उसे दी जाने वाली राशि से संबंधित जानकारी ली।

इसमें सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक प्रमोद दास ने बताया कि राशि की उपलब्धता के अनुसार लाभुकों को चिह्नित माह का पेंशन उनके खाते में भेजा जा चुका है। उपायुक्त ने महिला लाभुकों को चिह्नित करते हुए राज्य सरकार के आदेश के बाद पोर्टल खुलने पर उन्हें मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से आच्छादित करने का निर्देश दिया।

राज्य संचालित पेंशन योजनाओं में स्वामी विवेकानंद निश्शक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य आदिम जनजाति पेंशन योजना, एचआईवी एड्स पीड़ित व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन योजना की समीक्षा की गई। केंद्र प्रायोजित योजनाओं में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना शामिल है। उपायुक्त डॉ. कुमार ताराचंद ने बैठक में लोहरदगा जिले में मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों का सत्यापन, अयोग्य पाए गए लाभुक समेत अन्य एजेंडों की समीक्षा की।

इसमें पाया कि कई लाभुकों का आधार नंबर उनके बैंक खाता से लिंक नहीं है, जिसके कारण लाभुक का आधार इनेक्टिव होना बताया गया। डीपीओ यूआईडी को आधार एक्टिव कराने के लिए सभी संबंधित लाभुको के पंचायतों में मुखिया से समन्वय बनाते हुए आधार अपडेशन शिविर आयोजित करने और बैंक से समन्वय बनाकर बैंक खाता को आधार नंबर से लिंक कराने का निर्देश दिया। शिविर के लिए तिथि तय कर इसकी जानकारी मुखिया को देने का निर्देश दिया गया, ताकि इसकी सूचना प्रत्येक लाभुक और ग्रामीणों को हो सके।

# खरखाई नदी में तीन दोस्त डूबे एक युवक को बचाया, 2 के शव बरामद



**जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम), एजेंसी।** जमशेदपुर के बागबेड़ा थाना क्षेत्र स्थित बड़ौदा घाट के खरखाई नदी में नहाने के दौरान तीन दोस्त शनिवार की शाम डूब गए। एक युवक को बचा लिया गया जबकि 2 के शव आज रविवार को बरामद हुए। मृतकों में कदमा भाटिया बस्ती स्थित गौतम अपार्टमेंट के रहने वाले शशांक कुमार और मानगो कुंवर बस्ती के रहने वाले शुभम कुमार मेहता हैं। वहीं तीसरा दोस्त बड़ौदा घाट निवासी पार्थ कुमार इस हादसे में बच गया। शनिवार को पार्थ कुमार का जन्मदिन था। तीनों जन्मदिन मनाने बड़ौदा घाट पहुंचे थे।

**वीडियो बनाते रहे लोग :** स्थानीय लोगों ने नदी में डूबने का वीडियो भी बनाया है। इसमें 2 युवक डुबते नजर आ रहे हैं। सवाल उठ रहा है कि लोगों ने वीडियो बनाया, लेकिन मदद के लिए आगे नहीं आए। इधर सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। अंधेरा होने की वजह से लापता दो युवकों की तलाश शुरू नहीं हो पाई। आज रविवार को पुलिस युवकों की तलाश के लिए गोताखोरों को नदी में उतारी। जिसके बाद बॉडी बरामद की ली गई।

**बर्थडे मनाने की बात कह निकला था शशांक :** हादसे के शिकार शशांक कुमार की मां शारदा देवी घटनास्थल पहुंची। उन्होंने बताया कि दोस्त पार्थ का जन्मदिन 3मनाने की बात बोलकर बेटा दोपहर एक बजे घर से निकला था। दोपहर तीन बजे तक उससे बात भी थी। तब तक सब ठीक था। बेटे को तैरना नहीं आता था। शशांक की मां सिलाई का काम करती है जबकि पिता सुनील मिश्रा की तबीयत ठीक नहीं रहती है। शुभम और शशांक के डूबने की खबर से दोनों के परिजनों का रो-रो कर बूरा हाल है।

**गढ़वा का रहने वाला है शुभम :** पानी में लापता शुभम कुमार मेहता मूल रूप से गढ़वा जिले का रहने वाला है। मानगो स्थित कुंवर बस्ती में वह अपने चाचा बिजली विभाग में लाइनमैन राजेश कुमार के घर में रहकर बीटेक की पढ़ाई कर रहा है। उसके पिता मिथिलेश मेहता गांव में ही रहते हैं। शुभम दो भाई बहनों में बड़ा है। उसके चाचा मौके पर पहुंचे बताया कि भतीजा सुबह ही घर से निकला था। पुलिस ने फोन कर घटना की जानकारी दी।

**राजस्थान सेवा सदन में पार्थ का चल रहा इलाज :** पार्थ कुमार को इलाज के लिए लोगों ने जुगसलाई स्थित राजस्थान सेवा सदन पहुंचा। यहां वह इलाजरत है। तीनों आरवीएस कॉलेज के बीटेक फाइनल ईयर के छात्र थे।

**लगातार हो रही हैं डूबने की घटनाएं :** शहर और आसपास के इलाके में नदी और डैम में डूबने की लगातार घटनाएं हो रही हैं। इस साल 6 महीने में 11 लोगों की डूबने से मौत हो चुकी है। इसके बावजूद भी प्रशासन ने गोताखोर की व्यवस्था नहीं की है। राहत और बचाव कार्य ठीक से नहीं चल पाता है। यहां तक कि शवों को ढूंढने में भी लंबा इंतजार करना पड़ता है। जिला प्रशासन ने घटनाओं को देखते हुए एनडीआरएफ की टीम की स्थायी व्यवस्था की घोषणा की थी लेकिन अबतक इसको अमल में नहीं लाया गया है।

## टाटानगर रेलवे स्टेशन पर बदल जाएगा बहुत कुछ, यहां बनेंगे 4 नए प्लेटफॉर्म

**जमशेदपुर, एजेंसी।** टाटानगर रेलवे स्टेशन की डिजाइन में बड़ा बदलाव किया गया है। अब स्टेशन की मुख्य बिल्डिंग के सामने चार नए प्लेटफार्म बनाए जाएंगे। बकौल सांसद, रेल मंत्रालय को हमने यहां की ट्रैफिक की समस्या का समाधान करने का आग्रह किया है इसलिए प्रधानमंत्री द्वारा शिलान्यास करने के बावजूद इसके डिजाइन में काफी बदलाव किए गए हैं।

अब यह जानकारी मिली है कि वर्तमान में स्टेशन का जो एक नंबर प्लेटफार्म है वह भविष्य में पांच नंबर हो जाएगा और मुख्य बिल्डिंग के सामने पार्किंग एरिया सहित उसके आगे की ओर चार नए प्लेटफार्म आएंगे। इससे स्टेशन का दायरा तो बड़ा होगा ही, नई रेल लाइन बिछने से ट्रैफिक की समस्या भी कम होगी और पूर्व में बिछी लाइन का उपयोग लूप लाइन सहित अन्य उपयोग में होंगे। मालूम हो कि अमृत भारत योजना के तहत टाटानगर रेलवे स्टेशन का री-डेवलपमेंट होना है। गति शक्ति प्रोजेक्ट के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 फरवरी 2024 को इसका शिलान्यास भी कर चुके हैं। चक्रधरपुर मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य चौधरी ने बताया कि स्टेशन बिल्डिंग के री-डेवलपमेंट के लिए 10 कंपनियों ने निर्माण के लिए इच्छा जताई है। ऐसे में सभी कंपनियों की तकनीकी योग्यता की जांच की जा रही है।

इसके लिए सभी कंपनियों द्वारा दी गई जानकारियों की जांच की जा रही है इसके लिए रेल मंत्रालय सहित दक्षिण पूर्व रेलवे के अधिकारी काम कर रहे हैं।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 08-06-2025 21:42 Page 1



# क्रिकेट खेलते वक्त सांसद हुए चोटिल

## मेडिकल कॉलेज में कराया गया उपचार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** रविवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल क्रिकेट खेलते वक्त गेंद लगने से घायल हो गए। यह घटना कटकमदाग थाना क्षेत्र के पसई क्रिकेट मैदान में आयोजित आनंद क्रिकेट टूर्नामेंट-2025 के फाइनल मैच के दौरान हुई, जहाँ वे बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे।

मैदान में मौजूद युवाओं के आग्रह पर जब सांसद ने बैटिंग की, उसी दौरान एक तेज गेंद सीधे उनकी नाक पर लग गई, जिससे तेज रक्तस्राव शुरू हो गया। तुरंत स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सांसद जायसवाल को हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां शल्य चिकित्सक डॉ. अभिषेक कुमार ने उनका प्राथमिक उपचार करते हुए नोजल पैकिंग की। इलाज के बाद रक्तस्राव पर नियंत्रण पाया गया और उनकी स्थिति सामान्य हो गई। सांसद ने घटना के बाद सोशल मीडिया के माध्यम से खुद जानकारी देते हुए कहा कि वे अब पूरी तरह स्वस्थ हैं और निर्धारित कार्यक्रम के तहत रामगढ़ की ओर रवाना हो रहे हैं।

इलाज के दौरान उनके साथ सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, पूर्व विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, पूर्व प्रमुख अशोक यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस घटना के बाद समर्थकों और क्षेत्रवासियों ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

# नाबालिग आदिवासी किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म

## सभी आठ आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोड्डा।** गोड्डा जिले के सुन्दरपहारी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग आदिवासी किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया है।

किशोरी बीते शनिवार की रात अपने रिश्तेदार के घर शादी समारोह में गई थी। वहां आठ युवकों ने किशोरी को अगवा कर एक कमरे में बंद कर दिया और बारी बारी से सभी आठ युवकों ने किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

मामला प्रकाश में आने का बाद स्वजनों ने रविवार को इसकी शिकायत सुंदरपहाड़ी थाना की पुलिस से की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आठ आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी आशीष कुमार ने इसकी पुष्टि की है। गिरफ्तार सभी आरोपित सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र के जोलो गांव के हैं।



इससे पहले गांव में पंचायत भी हुई। बता दें यह इलाका झारखंड के मुख्यमंत्री का विधानसभा क्षेत्र बरहेट के अधीन है।

गिरफ्तार आरोपितों में सिकन्दर मरांडी पिता मरांग मरांडी, पलूशन टुडू पिता ईश्वर टुडू, राजेश टुडू पिता जय टुडू, जितेन्द्र हांसदा पिता सोनल हांसदा, सुरेंद्र मुर्मू पिता सोमलाल मुर्मू और धुना मरांडी पिता सपन मरांडी शामिल हैं।

# अपने कार्यों को जनता के बीच लेकर जाना हमारी परंपरा : विकास प्रीतम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़।** विकसित भारत के अमृत काल के तहत केंद्र की मोदी सरकार के सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल पूर्ण होने पर रामगढ़ में आज एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष विकास प्रीतम ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत किया। इस क्रम में उनके साथ भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ इकाई के प्रमुख कार्यकर्ता के साथ शहर के कई बुद्धिजीवी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि विकास प्रीतम जी के साथ प्रमुख भाजपाइयों ने दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित के बाद दीप प्रज्वलित कर शुरू किया। मौके पर मुख्य अतिथि ने केंद्र में सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के लिए केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से उपस्थित लोगों को अवगत कराया। मौके पर मुख्य अतिथि विकास प्रीतम जी ने देश के प्रधानमंत्री की सराहना करते हुए विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए तुरंत की कई घटनाओं का जिक्र करते हुए बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 11 वर्षों में प्रधानमंत्री जी ने जो सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के जो कार्य किए हैं उनको लेकर जनता के बीच में जाना और यह हमारी परंपरा भी रही है।

मौके पर कार्यशाला में पहुंचे एक व्यक्ति ने बताया कि हमारे देश का यह अमृत काल चल रहा है इस कार्यशाला में प्रधानमंत्री के द्वारा चलाए गए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को सभी लोगों के बीच रखा गया यहां ऐसी योजनाओं की जानकारी दी गई जो अब तक लोगों के पहुंच से बाहर थी, हम लोगों के क्षेत्र में ऐसी विभिन्न योजनाओं का लाभ लेकर लोग गरीबी रेखा से बाहर निकल रहे हैं।

कार्यशाला में पहुंची सुदूरवर्ती देहात की एक महिला ने बताया कि भारत में चल रहे सुशासन को घर-घर तक पहुंचना है और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन देहात में भी हो रहा है।

## शादी का मंडप बना रण क्षेत्र

हाजीपुर। वैशाली जिले में एक शादी समारोह उस वक्त हिंसक रूप ले लिया जब वरमाला की रस्म को लेकर बाराती और वधू पक्ष आमने-सामने आ गए। मामूली सी परंपरागत रस्म को लेकर हुए विवाद ने देखते ही देखते इतना उग्र रूप धारण कर लिया कि मारपीट, हंगामा और घायल होने तक की नौबत आ गई।

यह पूरी घटना पातेपुर प्रखंड के चकमीर वॉकी गांव की है, जहां समस्तीपुर के आनंदपुर मोरवा से बारात आई थी। जानकारी के अनुसार, बारात में पहुंचे कुछ लोगों ने वरमाला की रस्म कराने की जिद पकड़ ली। लेकिन वधू पक्ष ने साफ कहा कि उनके परिवार में वरमाला की परंपरा नहीं है और यह बात पहले ही तिलक समारोह के समय दूल्हे के परिवार को बता दी गई थी। इसके बावजूद बारातियों ने वरमाला के बिना शादी से इनकार की धमकी दे दी और माहौल तनावपूर्ण हो गया।

# इंटर स्कूल स्तरीय वोकेबुलरी टेस्ट का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा।** रेनबो क्लब के तत्वाधान में इंटर स्कूल स्तरीय वोकेबुलरी टेस्ट का डॉ विजय कुमार सिन्हा के मिशन कंपाउंड आवास पर आयोजन किया गया।

जिसमें काफी छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। उक्त प्रतियोगिता में प्रथम स्थान समृद्धि राजकीय कन्या उच्च माध्य विद्यालय की छात्रा रजनीश कुमार सिंह राजेंद्र कॉलेजिएट के छात्र आदित्य कुमार सिंह संजय गांधी स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं वहीं जूनियर ग्रुप में ऋषि राज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

सफल प्रतिभागियों को जयप्रकाश विश्वविद्यालय वनस्पति विज्ञान के पूर्व विभाग अध्यक्ष डॉ एच के वर्मा, अंग्रेजी विभाग के पूर्व विभाग अध्यक्ष डॉ विजय कुमार सिन्हा, डॉ अभिषेक कुमार अरविंद कुमार आदि ने संयुक्त रूप से पुरस्कार देकर हौसला बढ़ाया।

# बैठक में प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र बनाने का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़कागांव, हजारीबाग।** बड़कागांव वन क्षेत्र अंतर्गत पंडरिया वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति द्वारा रविवार को रानी बागी में पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष संजय महतो ने की। इस बैठक में क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया।

बैठक के बाद समिति के सदस्यों ने बुढ़वा महादेव एवं रानी बागी परिसर में फैले प्लास्टिक कचरे को चुन-चुन कर एकत्रित किया। इस स्वच्छता अभियान में कुल 13 बोरी प्लास्टिक जमा की गई।

सावन माह को देखते हुए समिति ने निर्णय लिया कि बुढ़वा महादेव एवं रानी बागी परिसर में दुकान या ठेला लगाने वाले दुकानदारों को डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखने का निर्देश दिया जाएगा। दुकानदारों द्वारा प्लास्टिक बोतल, गिलास आदि खुले में फेंकने पर 10051 का जुर्माना लगाया जाएगा।



बैठक में उपस्थित सदस्यों में संजय महतो, झाड़ी महतो, किनू राम, भोला महतो, त्रिभुवन महतो, दिनेश्वर महतो, बसंती देवी, जीरा देवी, सीता देवी, जितेंद्र गंजझू, अनीता देवी, सरिता देवी, झालो देवी, मघिया देवी, मूर्ति देवी, दुलेर देवी, फुदो देवी सहित कई अन्य लोग शामिल थे। समिति की यह पहल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अनुकरणीय कदम मानी जा रही है।

# 4 बार यूजीसी नेट उत्तीर्ण राजेश ने अब 8वां सेट भी किया क्वालीफाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छत्तीसगढ़।** व्यवसायिक परीक्षा मण्डल (व्यापम) रायपुर द्वारा सहायक प्रोफेसर पद की अर्हता के लिए आयोजित प्रतिष्ठित राज्य पात्रता परीक्षाः2024 (छतीसगढ़ सेट) को छपरा के राजेश कुमार सिंह ने 70% अंको के साथ क्रैक कर न केवल सारण जिला का मान बढ़ाया है बल्कि टॉप 10 में छठा स्थान प्राप्त कर पुरे प्रदेश का नाम शिक्षा जगत में रौशन किया है।छत्तीसगढ़ के कॉलेज व विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए व्यापम रायपुर द्वारा जुलाई 2024 में आयोजित इस परीक्षा में कुल एक लाख से ज्यादा छात्र शामिल हुए थे। जिसमे 4519 छात्रों ने इतिहास विषय से परीक्षा दी थी। जिसमे अंतिम रूप से आयोग द्वारा सिर्फ 158 छात्र हीं सफल घोषित किए गए, जिसमे राजेश ने पुरे छत्तीसगढ़ में ओवरआल छठा रैंक व सामान्य कोटि में दूसरा स्थान हासिल कर युवाओं के लिए एक मिशाल बनने का काम किया है।



सारण जिले के पीएम श्री अलख नारायण सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एकमा में कार्यरत वरिष्ठ लाइब्रेरियन राजेश कुमार सिंह इसके पूर्व भी लगातार 4 बार यूजीसी नेट की परीक्षा क्रैक कर चुके हैं। आपने देश के 7 राज्यों गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, मध्य प्रदेश, प. बंगाल जम्मू कश्मीर, तेलंगाना का सेट भी क्वालीफाई कर रखा है। आपने बिहार शिक्षक पात्रता परीक्षा प्राथमिक से उच्चतर माध्यमिक भी क्वालीफाई किया हुआ है।

आपकी तीन पुस्तकें भी प्रकाशित हो चुकी है। उच्च शिक्षा को अपना लक्ष्य मानने वाले राजेश का कहना है की सफलता के लिए उम्र कोई मायने नहीं रखती। आपकी इस शानदार सफलता पर बिहार विधान पार्षद बीरेंद्र नारायण यादव, जयप्रकाश यूनिवर्सिटी छपरा के इतिहास विभाग के अध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर रितेश्वर नाथ तिवारी, प्रोफेसर सैयद रजा, अंग्रेजी विभाग के डॉ उदय शंकर ओझा, अर्थशास्त्र विभाग के डॉ अजित कुमार तिवारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी विद्यानन्द ठाकुर, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी धनंजय पासवान, उच्च विद्यालय एकमा के प्रधानाध्यापक कृष्ण भगवान यादव, पीएम उच्च विद्यालय, कोंध भगवानपुर की प्रधानाध्यापिका गुड़िया कुमारी, डॉ अंजू सिंह, कुमार विजय एवं अन्य लोगों ने आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

# केंद्र को घेरने का तानाबाना बुन रही हेमंत सरकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार ने केंद्र सरकार की वित्तीय नीतियों के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाते हुए 16वें वित्त आयोग के समक्ष केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी को 41% से बढ़ाकर 55% करने की मांग उठाई है। इसके साथ ही कोयला रॉयल्टी और अन्य बकाया अनुदानों के भुगतान के लिए केंद्र पर दबाव बढ़ाने की रणनीति बनाई जा रही है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस संबंध में वित्त विभाग को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। गैर भाजपा शासित राज्यों की अनदेखी के आरोपों के बीच झारखंड सरकार की यह मांग केंद्र-राज्य वित्तीय संबंधों में एक नए विवाद को जन्म दे सकती है। झारखंड सरकार ने 16वें वित्त आयोग के समक्ष अपनी वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण मांगें रखी हैं।

इनमें केंद्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी को मौजूदा 41% से बढ़ाकर 55% करने की मांग प्रमुख है। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने रांची में 30 मई को आयोजित वित्त आयोग की बैठक में इस मांग को जोरदार तरीके से उठाया।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के शुद्ध कर संग्रह का 41% हिस्सा राज्यों को मिलता है, जो अपर्याप्त है। इसे बढ़ाकर 55% करने से राज्यों को विकास योजनाओं के लिए अधिक संसाधन उपलब्ध होंगे। इसके अलावा झारखंड ने अगले पांच वर्षों (2025-30) के लिए 3,03,527 करोड़ रुपये के अनुदान की मांग भी की है।

झारखंड सरकार ने केंद्र पर कोयला खनन क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों पर 1,36,042 करोड़ रुपये के बकाया राशि का भुगतान सुनिश्चित करने का दबाव डाला है। वित्त मंत्री ने कहा है कि इस राशि के भुगतान से झारखंड के विकास को गति मिलेगी।

इसके अतिरिक्त, मनरेगा के तहत 2024 से मई 2025 तक सामग्री और मजदूरी मद में 1,300 करोड़ रुपये और जल जीवन मिशन के तहत 5,235.43 करोड़ रुपये बकाया होने का दावा किया गया है।

राष्ट्रीय पेंशन योजना के तहत भी 78.27 करोड़ रुपये की राशि केंद्र से प्राप्त नहीं हुई है। ये बकाया राशियां झारखंड की वित्तीय स्थिति को प्रभावित कर रही हैं।

झारखंड की सत्तारूढ़ झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन ने केंद्र सरकार पर गैर भाजपा शासित राज्यों की वित्तीय मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। गठबंधन का कहना है कि केंद्र की नीतियां उन राज्यों के प्रति पक्षपातपूर्ण हैं, जो भाजपा के शासन में नहीं हैं।

16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया के समक्ष झारखंड ने यह भी मांग की है कि राज्यों के बीच विकास असमानता को दूर करने के लिए कम विकसित राज्यों को अधिक अनुदान दिया जाए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस संदर्भ में कहा कि राज्यों को उनकी स्थानीय जरूरतों के आधार पर वित्तीय स्वायत्तता दी जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वित्त विभाग को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड की भौगोलिक और सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए केंद्र से अधिक वित्तीय सहायता की जरूरत है। राज्य की 70-80% आबादी कृषि पर निर्भर है, लेकिन सिंचाई और भू-क्षरण की समस्याएं विकास में बाधक हैं। इसके अलावा, उग्रवाद भी एक चुनौती बना हुआ है।

सोरेन ने वित्त आयोग से इन चुनौतियों के समाधान के लिए विशेष पैकेज की मांग की है।

# नहाने के क्रम में डूबने से दो दोस्तों की गई जानें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजधानी पटना में स्नान करने के दौरान दो दोस्तों की डूबने से मौत हो गई। घटना गांधी मैदान थाना क्षेत्र के कलेक्ट्रेट घाट की है। मृतकों की पहचान रोहित कुमार (14) और संकल्प कुमार (12) के रूप में की गई है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि रोहित और संकल्प घर से यह कहकर निकले थे कि मैं दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने जा रहा हूं, लेकिन ये दोनों खेलने के लिए गांधी मैदान के बजाय गंगा घाट पहुंच गए। घाट पर इनके पहुंचने से पहले कुछ अन्य बच्चे भी मौजूद थे, जो वहां घाट पर स्नान कर रहे थे। उन सभी को स्नान करते देख रोहित और संकल्प भी गंगा में स्नान करने लगे।

इसी दौरान संकल्प स्नान करते-करते गहरे पानी में चला गया,जिस वजह से वह डूबने लगा। संकल्प को डूबते देख रोहित संकल्प को बचाने के लिए आगे की तरफ बढ़ गया, लेकिन वहां गहराई होने के कारण रोहित भी डूबने लगा। इस दौरान अन्य बच्चे जोर-जोर से चीखने चिल्लाने लगे लेकिन इससे पहले कि कोई उनकी मदद कर पाता, दोनों नदी में डूब गये।



बच्चों की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़कर आये तब उन्हें घटना की जानकारी मिली। लोगों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही गांधी मैदान थाना की पुलिस कलेक्ट्रेट घाट पर पहुंची औरबच्चों की खोजबीन शुरू हो गई। खोजबीन के दौरान रोहित का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि संकल्प की तलाश अब भी की जा रही है।

# छिनतई के दौरान महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खगड़िया।** जिले में एनएच 107 पर छिनैती की एक घटना ने एक महिला की जान ले ली थी। अब इस सनसनीखेज मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बेलदौर थाना क्षेत्र में 3 मई को हुई इस घटना में शामिल एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि उसका दूसरा साथी अब भी फरार है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त बाइक को भी बरामद कर लिया है और दावा किया है कि केस का खुलासा कर लिया गया है।

रविवार को बेलदौर थाना में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में गोगरी के प्रभारी एसडीपीओ त्रिलोक कुमार मिश्र ने जानकारी दी कि गिरफ्तार अपराधी की पहचान बेला नौबाद गांव निवासी सुदीन यादव के पुत्र छोटू कुमार के रूप में की गई है। उसे शनिवार शाम उसके घर से गिरफ्तार किया गया। तकनीकी सबूतों और स्थानीय लोगों से मिली सूचना के आधार पर की गई जांच के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की।

मृतका की पहचान डुमरी गांव निवासी बेबी देवी, पति नरेश साह के रूप में हुई है। तीन मई की दोपहर वे अपने पति के साथ सहरसा से इलाज करवा कर बाइक से घर लौट रही थीं। करीब चार बजे जब उनकी बाइक एनएच 107 पर बालू खदहा के पास पहुंची, तो पल्सर बाइक सवार दो अज्ञात अपराधियों ने उनका पीछा कर उनकी कान की बाली छीन ली। छीना-झपटी में बेबी देवी बाइक से असंतुलित होकर गिर पड़ीं और गंभीर रूप से घायल हो गईं।सूचना मिलते ही 112 की पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और घायल महिला को पीएचसी पहुंचाया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पति नरेश साह की लिखित शिकायत पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

# जीयर स्वामी जी महाराज का आगमन 11 जून को परमाननपुर में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भारत के महान मनीषी संत श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज का आगमन 11 जून को परमानपुर चातुर्मास स्थल पर होगा। स्वामी जी के आगमन को लेकर के परमानपुर एवं आसपास के सभी गांव के साथ बिहार के सभी भक्तों में काफी उत्साह है।प्रवचन पंडाल, स्वामी जी के लिए कुटिया, भोजनालय, पेयजल एवं सभी प्रकार की तैयारी पूरी कर ली गई है चातुर्मास व्रत यज्ञ समिति के अध्यक्ष श्री छोटेलाल तिवारी की अध्यक्षता में पिछले दो महीने से लगातार भव्य प्रवचन पंडाल, पीने के लिए पानी की व्यवस्था, यज्ञ स्थल स्थल पर पहुंचने के लिए सड़क निर्माण इत्यादि का काम चल रहा है।स्वामी जी के आगमन के पूर्व ही पिछले कुछ दिनों से लगातार श्रद्धालु भक्तों का आना-जाना शुरू हो चुका है। शाहाबाद की धरती पर 6 साल के बाद जियर स्वामी जी महाराज का चातुर्मास बिहार में हो रहा है। जिससे रोहतास, भोजपुर, बक्सर, कैमूर, औरंगाबाद सहित पूरे बिहार के श्रद्धालुओं को अपने गृह राज्य में कथा श्रवण, आरती एवं दर्शन लाभ प्राप्त करने का सुअवसर प्राप्त होगा।चातुर्मास व्रत की शुरूआत पूरे विधि विधान के साथ 12 जून से शुरू होगा।पूरे चातुर्मास स्थल जो कि लगभग 2 किलोमीटर की दूरी में बना हुआ है। जिसकी साफ-सफाई का काम तेजी से चल रहा हैं। पूरे प्रवचन पंडाल, कुटिया एवं आसपास के जगह को जल एवं गोबर से शुद्ध करके सजाने का काम किया जा रहा है।स्वामी जी के आगमन के बाद सुबह में मंगल आरती एवं शाम में श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने का सौभाग्य मिलेगा।परमानपुर सहित आसपास के सभी गांवों का यह बहुत बड़ा सौभाग्य है कि यहां पर 4 महीने तक ज्ञान की गंगा में डुबकी लगाने का अवसर मिलेगा।मानव जीवन में श्रीमद् भागवत कथा सुनने का बहुत बड़ा महत्व है।

# राष्ट्रीय कराटे में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेगा धनबाद का सौरभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन द्वारा आगामी 12 जून से 15 जून तक देहरादून में आयोजित नैशनल सब जूनियर, कैडेट तथा जूनियर कराटे चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने के लिए गठित झारखंड कराटे टीम में धनबाद के सौरभ रवानी को शामिल किया गया है।

ज्ञात हो कि सौरभ जिले के एकमात्र कराटे खिलाड़ी हैं जिन्हें इस वर्ष के जिला तथा राज्य कराटे चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के उपरांत यह अवसर प्राप्त हुई है. धनबाद जिला कराटे संघ के चेयरमैन सुनील कुमार, अध्यक्ष रंजीत केशरी, वरीय उपाध्यक्ष रजा इश्तियाक, सचिव राजेश सिंह तथा अन्य पदाधिकारियों ने सौरभ को बधाई देते हुए उसके बेहतर प्रदर्शन की कामना की है. सौरभ आज (9 जून) को दून एक्स्प्रेस से देहरादून के लिए रवाना होंगे।

# उपायुक्त ने की नगर पंचायत के कार्यों की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को नगर परिषद दुमका तथा नगर पंचायत बासुकीनाथ द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर कई अहम निर्देश दिए गए। बैठक में नगर परिषद दुमका द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सिटी मैनेजर को शहर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। बारिश को ध्यान में रखते हुए पूरे शहर में नियमित रूप से फॉगिंग कराया जाए। शहरी पेयजलापूर्ति में किसी प्रकार की कोई कठिनाई हो रही हो तो उसे संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए दूर करने का निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त ने नगर परिषद को प्राप्त होने वाले रेवेन्यू एवं राशि के खर्च के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी प्राप्त की।

यह निर्देश सभी दुकानदारों, व्यापारियों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को ट्रेड लाइसेंस लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए है।

कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद दुमका शीतांशु खलखो द्वारा जानकारी दी गई कि सालिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए निविदा का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

उपायुक्त ने कहा कि जो भी स्ट्रीट लाइट खराब हैं उन्हें दुरुस्त करें। नगर परिषद कार्यालय द्वारा नंबर जारी किया जाए, ताकि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त नंबर पर संपर्क कर साफ-सफाई के संबंध में शिकायत कर सके। प्रायः शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर जाम की स्थिति रहती है। इससे निपटने सड़कों से अतिक्रमण को हटाया जाए।

कहा कि पूरे शहर का ड्रोन के माध्यम से सर्वे किया जाए। ड्रोन के माध्यम से साफ-सफाई के साथ-साथ ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर करने एवं अतिक्रमण को हटाने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि वाहनों के पार्किंग के जगह चिह्नित किए जाएं,।

# तैलिक साहू महासभा ने प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चौपारण।** अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा, बरही अनुमंडल की ओर से रविवार को चौपारण स्थित साहू भवन में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वर्ष 2025 की मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रथम श्रेणी से सफल साहू समाज के सैकड़ों छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।समारोह की अध्यक्षता अनुमंडल अध्यक्ष अमित साहू ने की, जबकि संचालन पूर्व युवा अध्यक्ष राजेश साव ने किया। विद्यार्थियों को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र, पेन तथा एक-एक पौधा देकर सम्मानित किया गया। पौधा देकर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का संदेश भी दिया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय, पलामू के प्रो. पुरण साव और सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार उपस्थित रहे। अपने प्रेरणादायक संबोधन में इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए नशे से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा, नशा युवा पीढ़ी को खोखला कर रहा है, समय रहते इससे खुद को और अपने साथियों को बचाना जरूरी है। प्रो. पुरण साव ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनके करियर संबंधी सवालों का जवाब दिया और उन्हें आने वाले समय के लिए मार्गदर्शन भी प्रदान किया।कार्यक्रम में चौपारण के जमुनियातरी गांव की बिरहोर समुदाय की दो प्रतिभाशाली छात्राएं झ्र किरण कुमारी और चनवां कुमारी को भी उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया।



समारोह में समाज के कई वरिष्ठ पदाधिकारी व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से झ्र पूर्व अनुमंडलीय अध्यक्ष मुकुंद साव, सीताराम साहू, चेतलाल प्रसाद, अर्जुन साव, अशोक गुप्ता, युवा अध्यक्ष बीरबल साव, महासचिव राजेश साव, कोषाध्यक्ष राजदेव साव, चौपारण अध्यक्ष मुनेश्वर गुप्ता, पदमा अध्यक्ष राजेश साव, दीपक गुप्ता, समाजसेवी मदन कुमार साहू, हरियाली दूत दिनेश साहू, मुखिया मोहन साव, आशीष गुप्ता सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

CMYK

# डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं में बिहार देश में अव्वल

## लगभग 90% से अधिक स्वास्थ्य संस्थान हुए पेपरलेस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के क्रियान्वयन में बिहार ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है। राज्य में शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में 92% ओपीडी पंजीकरण अब ऑनलाइन हो रहे हैं, वहीं मरीजों की जांच के लिए क्यूआर कोड स्कैन की संख्या भी सबसे अधिक है। यह उपलब्धि सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ और कुशल बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस सफलता के केंद्र में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत 'स्कैन एंड शेयर' पहल है, जिसमें मरीज स्वास्थ्य संस्थान के प्रवेश द्वार पर लगे क्यूआर कोड को स्कैन कर सीधे परामर्श के लिए जा सकते हैं, जिससे लंबी कतारों और कागजी प्रक्रिया की झंझट समाप्त हो गई है। इस सरल लेकिन क्रांतिकारी कदम और आभा आईडी की व्यापक स्वीकृति से सरकारी अस्पतालों में मरीजों को अब परामर्श से लेकर दवा लेने तक में कुल समय मात्र 45 मिनट के लगभग ही लगता है जो पहले एक घंटे से भी अधिक था। इस डिजिटल परिवर्तन के प्रभाव और पैमाने को समझने के लिए तीन दिवसीय दौरे पर आए नौ सदस्यीय राष्ट्रीय मीडिया प्रतिनिधिमंडल ने सचिवालय, पटना स्थित अत्याधुनिक कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का दौरा किया। वहां राज्य स्वास्थ्य



समिति के प्रशासनिक पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि कैसे राज्य की भव्या योजना, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अनुरूप, पूरे राज्य में स्वास्थ्य सेवा की सुलभता और गुणवत्ता की परिभाषा बदल रही है। राजधानी पटना स्थित यह कमांड सेंटर राज्य के सभी जिला अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों से रियल-टाइम फीड प्राप्त करता है जिससे त्वरित अलर्ट, अनुपालन निगरानी और सभी स्तरों पर सुचारु संचालन सुनिश्चित होता है। इस प्रणाली को जिला स्तरीय कमांड सेंटरों और डाटा एनालिटिक्स यूनिट्स का भी समर्थन प्राप्त है जिससे संभावित स्वास्थ्य आपात स्थितियों की पहचान और प्रबंधन वास्तविक समय में संभव हो पाता है। नालंदा के सिलाव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिनिधिमंडल द्वारा किए गए क्षेत्रीय दौरे में मरीजों ने इस नई डिजिटल प्रक्रिया की सुविधा और प्रभावशीलता की पुष्टि की और बताया कि यह पूर्व की जटिल प्रणाली की तुलना में पूरी तरह से परिवर्तित और सरल है। बिहार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति के सीइओ शशांक शेखर सिन्हा ने मीडिया को बताया कि राज्य न केवल ओपीडी पंजीकरण हेतु क्यूआर कोड स्कैन में अग्रणी है बल्कि सबसे अधिक इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड (तैयार करने में भी देश में शीर्ष पर है। उन्होंने यह भी बताया कि बिहार को केंद्र सरकार की डिजिटल हेल्थ इंसेंटिव स्कीम के तहत सर्वाधिक प्रोत्साहन राशि प्राप्त हुई है जिसका उपयोग राज्य की डिजिटल स्वास्थ्य अधोसंरचना को और मजबूत करने में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डिजिटल मिशन और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत की गई सशक्त पहलों के माध्यम से बिहार ने यह सिद्ध किया है कि रणनीतिक डिजिटल अपनाने और जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन के ज़रिये सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को अधिक कुशल, समावेशी और उत्तरदायी बनाया जा सकता है।

# राज्य सवर्ण आयोग का उपाध्यक्ष बनने पर राजीव रंजन प्रसाद को दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार के समान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना निर्गत कर युवा एवं संघर्षशील अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की उपज, ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद को उच्च जातियों के विकास के लिये राज्य सवर्ण आयोग का उपाध्यक्ष बनाया है। यह जानकारी मिलते ही सवर्ण विशेषकर चित्रांशो में प्रसन्नता की लहर दौड़ गई है। वे उनके निवास स्थान पटना पहुंच कर या दूरभाष से बधाईयां दे रहे हैं। इसी क्रम में वैशाली जिला निवासी अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बिहार प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवीन्द्र कुमार रतन, अभाकाम के अध्यक्ष पूर्व मुखिया दीपक कुमार सिन्हा, अधिवक्ता अमरदीप फूलन, अधिवक्ता संघ के पूर्व उपाध्यक्ष राज कुमार दिवाकर, पंकज कुमार, उमेश श्रीवास्तव, संजीव कुमार, आकाश अधिवक्ता, रवि कुमार सिंह, ओमप्रकाश साह आदि ने उनसे व्यक्तिगत



रुप से मिलकर बुके, माला स्वरचित पुस्तक देकर उनका स्वागत-सत्कार अभिनंदन करते हुए बधाइयां दी। इन लोगों ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति भी तहे दिल से आभार व्यक्त किया। श्री रतन ने कहा कि राजीव प्रसाद से सवर्णों को बल मिलेगा, उनकी समस्याओं का शीघ्र निदान होगा। श्री राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि यह बधाई हमारी नहीं सभी की है जिसके स्नेह सहयोग से हमे इस जिम्मेवारी को वहन करने की ताकत मिलेगी।

# बिहार बोर्ड के सात छात्र-छात्राओं को मिला रमन बंका अवार्ड

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रमन प्रकाश बंका आईपीएस स्मृति ट्रस्ट के तत्वावधान में बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के साहू जैन हॉल में रमन अवार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आईआरसीटीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संजय कुमार जैन ने शहीद रमन प्रकाश बंका के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके अतिरिक्त सपरिवार सभी अतिथियों, ट्रस्टियों तथा सभागार में उपस्थित प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। मुख्य अतिथि संजय कुमार जैन ने बताया कि वे और शहीद रमन कोलकाता में सीए करने तथा यूपीएससी की तैयारी के लिए दिल्ली के मुखर्जी नगर में एक साथ थे। उन्होंने कहा कि रमन बहुत ही मेधावी, मिलनसार, मददगार और साहसी थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष ने बताया कि अपने शहीद पुत्र रमन की स्मृति में वर्ष 2014 में ट्रस्ट का गठन किया गया और इसके




माध्यम से वर्ष 2015 से प्रत्येक वर्ष रमन अवार्ड वितरण कार्यक्रम किया जा रहा है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इंटर के विज्ञान, वाणिज्य और कला संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को ट्रस्ट द्वारा रमन अवार्ड से अलंकृत किया जाता है। इसके अलावा मैट्रिक में अगर छात्र राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करते हैं तो छात्राओं एवं छात्रों में प्रथम स्थान प्राप्त छात्रा को भी रमन अवार्ड से सम्मानित किया जाता है। रमन अवार्ड में एक लाख रुपये की राशि, एक मेडल और प्रशस्ति-पत्र सम्मिलित है। इस वर्ष 2025 में 7 छात्र-छात्राओं को रमन अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इस वर्ष मैट्रिक की परीक्षा में पश्चिम चंपारण की अंशु कुमारी, समस्तीपुर से साक्षी कुमारी एवं भोजपुर से रंजन वर्मा ने 489 अंक प्राप्त किए। बोर्ड परीक्षा में प्राप्त अंकों में ये सबसे अधिक है। वर्ष 2023 में शेखपुरा से रूमान अशरफ, वर्ष 2024 में पूर्णिया से शिवांकर कुमार को भी इतने ही अंक प्राप्त हुए थे। इसके अतिरिक्त आईएससी में पश्चिमी चंपारण से प्रिया जायसवाल, आइकॉम में वैशाली जिले से रौशनी कुमारी तथा आईए में वैशाली जिले की अंकिता कुमारी तथा बक्सर से रंजन वर्मा को संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त करने पर रमन अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# ब्रेन ट्यूमर अब लाइलाज नहीं : डॉ. मुकुन्द

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल में विश्व मस्तिष्क ट्यूमर दिवस के मौके पर रविवार को ब्रेन ट्यूमर सर्वाइवर्स प्रोग्राम आयोजित किया गया। ये वे ब्रेन ट्यूमर सर्वाइवर्स हैं जिनका इलाज जयप्रभा मेदांता में किया गया। इलाज के बाद से ये ट्यूमर सर्वाइवर्स अपना जीवन-यापन सामान्य रूप से अन्य लोगों की तरह कर रहे हैं। प्रोग्राम में आए लोगों को सम्बोधित करते हुए जयप्रभा मेदांता हॉस्पिटल के इंस्टीच्यूट ऑफ न्यूरोसाइंसेज के डायरेक्टर डॉ. मुकुन्द प्रसाद ने कहा कि मस्तिष्क ट्यूमर की सर्जरी अब बिल्कुल सुरक्षित और प्रभावी है। मस्तिष्क के ऑपरेशन की तकनीक काफी उन्नत हो गयी है, इसलिए



सटीकता के साथ ऑपरेशन किया जाता है। चाहे कैंसरस या नॉन कैंसरस ट्यूमर हो, दोनों ही स्थिति में मरीज अच्छी जिन्दगी बिता सकता है। उन्होंने कहा कि अब ट्यूमर लाइलाज नहीं है, इसके ऑपरेशन से डरने की जरूरत नहीं है। शुरुआती दौर में ट्यूमर का ऑपरेशन हो जाने से यह पूर्णरूप से ठीक हो सकता है। डॉ. मुकुन्द ने कहा कि अगर किसी महिला-पुरुष में 20 से 30 वर्ष की आयु के बाद लगातार सिरदर्द रहे, मिर्गी आए और उल्टी हो तो इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए बल्कि फौरन किसी न्यूरोलॉजिस्ट से दिखाकर इलाज करवाना चाहिए। इस स्थिति में सिटी स्कैन में यह बीमारी पकड़ में आ जाती है। ट्यूमर दवा से ठीक नहीं होता। इसका इलाज ऑपरेशन से ही संभव है। उन्होंने कहा कि लगातार सिरदर्द होना, मिर्गी आना, पक्षघात हो जाना, आंख की रोशनी कम होना, चलने में लड़खड़ाहट, उल्टी होना, कोई चीज आंख से डबल दिखना ब्रेन ट्यूमर के लक्षण हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि ट्यूमर को लेकर लोगों में जागरूकता जगाने की जरूरत है ताकि समय रहते लोग अपना इलाज करा सकें। हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. रवि शंकर सिंह ने कहा कि हमारे हॉस्पिटल में न्यूरो के इलाज के लिए वे सारे इलाज, ऑपरेशन, तकनीक और सुविधाएं उपलब्ध हैं जो देश और विदेश में मौजूद हैं। इस मौके पर न्यूरो सर्जरी के डॉ. आबता बच्चन और डॉ. आशीष कुमार झा, न्यूरोलॉजी के डायरेक्टर डा कुणाल कुमार आदि लोग भी मौजूद थे।

# पाकपरस्ती में डीप फ़ेक की फैक्ट्री बने हुए हैं राहुल गांधी : डॉ. संतोष सुमन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्य के मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने कहा है कि चीनी कांसुलेट का टूलकिट बने राहुल गांधी 'नरेंदर-सरेंडर' जैसी घटिया तुकबंदी से न केवल पीएम पर अमर्यादित टिप्पणी कर रहे हैं बल्कि देश और यहां की सेना का भी अपमान कर रहे हैं। श्री सुमन ने रविवार को कहा कि जब देश के सीडीएस ने स्पष्ट तौर पर कहा कि हमने आठ घंटे में ही पाकिस्तान को घुटने टेकने पर विवश किया और उसके बाद उसने सीजफायर की मांग की तो फिर राहुल गांधी घटिया बयानबाजी कर किसे खुश करना चाह रहे हैं? उन्होंने कहा कि पाकपरस्ती में राहुल गांधी डीप फ़ेक की फैक्ट्री बने हुए हैं। प्रधानमंत्री के विरोध में वे देश के विरोध पर उतर आए हैं। राहुल गांधी का ही बयान है कि वे 'इंडियन स्टेट' से लड़ रहे हैं। ऐसे में उन्हें बताना चाहिए कि क्या वह चीन और पाकिस्तान के साथ हैं? सुमन ने कहा कि पीएम को तू-तड़ाक और अशिष्ट भाषा में सम्बोधित करना, भारतीय सेना के पराक्रम को झुठलाना और उसके शौर्य पर बार-बार सवाल उठाकर राहुल गांधी खुद को अविश्वसनीय बना लिए हैं। जेएनयू में जाकर 'भारत तेरे टुकड़े होंगे' का नारा लगाने वाले राहुल गांधी की राजनीतिक हताशा व कुंठा की यह परकाष्ठा है।

# ऑर्गेनिक ग्रॉसरी स्टोर फ्रेशोरा अर्थ का भव्य शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम पहल करते हुए पटना के बोरिंग रोड में अत्याधुनिक ऑर्गेनिक ग्रॉसरी स्टोर फ्रेशोरा अर्थ का भव्य शुभारंभ हुआ। यह स्टोर उन उपभोक्ताओं के लिए समर्पित है जो प्राकृतिक, रसायनमुक्त और स्वास्थ्यवर्धक उत्पादों को अपनी जीवनशैली में अपनाना चाहते हैं। इस स्टोर का शुभारंभ फ्रेशोरा अर्थ के संचालक संकेत कुमार ने फीता काटकर किया। उन्होंने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि फ्रेशोरा अर्थ में अनाज, मसाले, मिल्लेट्स, कूकीज, गुर, पास्ता, नूडल्स, ड्राई फ्रूट्स सहित विभिन्न प्रमाणित जैविक उत्पाद उपलब्ध हैं। स्टोर की स्थापना का उद्देश्य केवल उत्पादों की बिक्री



नहीं बल्कि एक स्वस्थ और टिकाऊ जीवनशैली को बढ़ावा देना है। हम चाहते हैं कि लोग अपने स्वास्थ्य को लेकर सजग हों और ऐसी चीजें अपनाएं जो न केवल शरीर के लिए फायदेमंद हों, बल्कि प्रकृति के लिए भी अनुकूल हों। उन्होंने कहा कि शुभारंभ के अवसर पर हम अपने ग्राहकों को सभी उत्पाद पर आज से 1 सप्ताह तक 10 प्रतिशत तक की विशेष छूट दे रहे हैं। स्टोर सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक ग्राहकों की सेवा में उपलब्ध रहेगा। फ्रेशोरा अर्थ आने वाले समय में ऑनलाइन डिलीवरी सेवा की शुरुआत कर उपभोक्ताओं की सुविधा को और अधिक सहज बनाने की योजना भी बना रहा है। मौके पर फ्रेशोरा अर्थ से जुड़े कर्मियों सहित अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

# फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** दानापुर के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी के नेतृत्व में रविवार को सभी रेल कर्मियों को स्वस्थ रहने एवं दूसरों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दानापुर जगजीवन स्टेडियम परिसर तक फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन मंडल क्रीड़ा संघ द्वारा किया गया। विदित हो कि फिट इंडिया मूवमेंट की शुरुआत 29 अगस्त 2019 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई थी जिसका उद्देश्य फिटनेस को हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाना है। इस मूवमेंट का उद्देश्य व्यवहार में बदलाव लाना और शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय जीवनशैली की ओर बढना है। इस अवसर पर अभियान को




और सशक्त करने के लिए मंडल रेल प्रबंधक के नेतृत्व में एक साइकिल रैली का आयोजन भी किया गया जो मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय से शुरू होकर जगजीवन स्टेडियम तक गई। इसमें मंडल के अधिकारियों, रेलकर्मियों, मंडल क्रीड़ा संघ के खिलाड़ी, रेल सुरक्षा बल के जवान एवं स्काउट एंड गाइड के बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि फिट इंडिया फ्रीडम रन का उद्देश्य रेलकर्मियों एवं आम जनता के बीच फिटनेस को प्रोत्साहित करना और नागरिकों को आलस्य, तनाव, चिंता एवं अन्य बीमारियों से मुक्ति दिलाने में मदद करना है। मौजूदा समय एवं हालात के परिप्रेक्ष्य में प्रतिरोधक क्षमता बेहतर करने के लिए तंदुरुस्ती के मद्देनजर यह कार्यक्रम कहीं अधिक महत्वपूर्ण साबित होगा।

# समर कैम्प के समापन पर बच्चों ने बटोरी वाहवाही

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मलेन एवं अग्रवाल चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान एवं कला जागरण पटना के सहयोग से दादी मंदिर में बच्चों के लिए चलाये जा रहे समर कैम्प के अंतिम दिन बच्चों ने अग्रसेन भवन स्थित मुख्य हाल के मंच पर सम्मानित अतिथियों के सम्मुख अपनी कला का प्रदर्शन किया। अग्रवाल सम्मलेन के अध्यक्ष अमर अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, समाजसेवी संजय भलोटिया, डॉ गीता जैन एवं अन्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। अतिथियों का स्वागत करते हुए महिला अध्यक्ष डॉ गीता जैन ने बताया कि इस वर्ष समर कैम्प में करीब 70 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। कैम्प में दूरदर्शन एवं आकाशवाणी रंगमंच के वरिष्ठ निर्देशक सुमन कुमार, हैदराबाद सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी, थियेटर आर्ट्स डिपार्टमेंट के प्रो. नितेश कुमार, नाटककार रणविजय सिंह के अतिरिक्त रीना कुमारी, निभा कुमारी एवं रोज सिंह एवं अन्य ने बच्चों को प्रशिक्षण दिया। अग्रवाल सम्मलेन के अमर अग्रवाल ने बताया लगातार 11 वर्षों से समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष करीब 20 प्रतिष्ठित विद्यालयों के बच्चों ने




इस समर कैंप में भाग लिया। आज के कार्यक्रम की शुरुआत प्राप्ति मित्रा के गणेश वंदना से हुई। इसके बाद राज नंदिनी नें 'ऐ गिरी नन्दिनी, महिषासुर मर्दिनी' का पाठ किया जिसकी सबों ने प्रशंसा की। आदया, नियति, अयान, अनुष्का, प्रतिज्ञा, याशिता, अनन्या, आदर्श ने योग कर सबका मन मोह लिया। फिर सभी बच्चों ने मिलकर काला चश्मा एवं डांस का भूत नृत्य कर सबकी प्रशंसा बटोरी। प्रसिद्ध रंगमंच निर्देशक सुमन कुमार द्वारा निर्देशित हास्य नाटिका ठग ठगे गए का मंचन किया गया। इसमें समाज में ढोंगी पंडित लोगों को डराकर लोगों को ठगते हैं, उनको बेनकाब किया गया है। इसके बाद अर्जित, अगस्त्य, अनुष्का राज, ऋषभ, राज रानी, लक्ष्मी, दीक्षित, सान्वी, ध्रुव, विशाखा, यशवीर, प्राची ने स्कूल चले हम नृत्य कर सबका मन मोह लिया। इसके बाद मिल्की गोयनका, नव्या, हर्षिता आनंद, ऋद्धिशा, संस्कृति, रूद्राकिता द्वारा पसूरी मैशअप नृत्य किया जिसे सभी ने बहुत पसंद किया।कार्यक्रम में पूरा सहयोग करने के लिए समाजसेवी संजय भलोटिया, श्याम सुन्दर भरतिया, नन्द किशोर अग्रवाल मुन्नाजी अमित राज अकेला, अशोक शर्मा को सम्मानित किया गया। इसके साथ हीं तनुजा अग्रवाल, अनुपम प्रिया, पुष्पा जैन, सुनैना सिंह, सुरेन्द्र कौर को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया तथा भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रमाणपत्र दिया गया। कार्यक्रम में अमर अग्रवाल, पी के अग्रवाल, महामंत्री अक्षय अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, जे पी तोदी, मीनाक्षी अग्रवाल, सहित सैकड़ों की संख्या में बच्चे एवं अभिभावक उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ नाट्य निर्देशक सुमन कुमार ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल ने दी ईद की मुबारकबाद

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान की



गरिमामयी उपस्थिति में ईद मुबारक कार्यक्रम का आयोजन प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. एस.ए. रज़ा के निवास पर यह आयोजित हुआ जिसमें अशोक मनकानी भी उपस्थित थे। कर्यक्रम में सईदा रज़ा, डॉ. रज़ा के सुपुत्र वकार एवं उनकी पत्नी अनम, डॉ. मोहम्मद, सरफराज़ तथा परिवार के सभी सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस क्रम में राज्यपाल ने अपने सेवाकाल की अनेक स्मृतियां एक सुंदर और आत्मीय भोजन के दौरान साझा कीं, जो अत्यंत प्रेरणादायक रहीं।

### गठबंधन नहीं ठगबंधन है महागठबंधन : गिरिराज सिंह

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पक्ष और विपक्ष के नेताओं ने एक-दूसरे पर हमला तेज कर दिया है। इसी कड़ी में रविवार को पटना पहुंचे केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में कहा कि लालू प्रसाद यादव अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाने का सपना मगरमच्छ की तरह देख रहे हैं। गिरिराज सिंह ने कहा कि महागठबंधन कोई गठबंधन नहीं है, बल्कि ठगबंधन है। इसमें शामिल दलों के लोग कब किसका पैर खींच दें इसकी लड़ाई चल रही है। लालू प्रसाद मुंगेरी लाल के हसीन सपने देख रहे हैं। लेकिन जनता ने मन बना लिया है कि बिहार में इनको सत्ता में कभी वापस नहीं लाएगी। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग कभी तेजस्वी को मुख्यमंत्री नहीं बनाएंगे। बिहार की जनता जान गई है कि अगर ये मगरमच्छ आएगा तो बिहार को खा जाएगा। जनता ने फिर से एनडीए की सरकार बनाने का मन बना लिया है।

### उपमुख्यमंत्री बनना चाह रहे थे प्रशांत किशोर : संजय सिंह

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। इस बीच चुनावी रणनीतिकार से राजनीति में आये प्रशांत किशोर को लेकर जदयू ने बड़ा खुलासा करते हुए बताया है कि आखिर वह कौन सी वजह थी कि मुख्यंत्री नीतीश कुमार ने प्रशांत किशोर को पार्टी से बाहर निकाला था। जदयू के विधान पार्षद संजय सिंह ने रविवार को पटना में प्रेस वार्ता कर कहा कि जब प्रशांत किशोर जदयू में थे, तब उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उपमुख्यमंत्री का पद मांगा था। उनका उद्देश्य सिर्फ सत्ता और पद प्राप्त करना था, न कि जनता की सेवा। संजय सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उन्हें सम्मान दिया लेकिन अब वही प्रशांत किशोर उनके खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां कर रहे हैं। वे सिर्फ सत्ता के सौदागर हैं, शुद्ध रूप से व्यापारी। जनसुराज पार्टी उन्होंने सिर्फ पैसा खपाने के लिए बनाई है जबकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार को नई पहचान दी है।

### महागठबंधन में सीएम के चेहरे को लेकर रार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बिहार दौरे के बाद एक बार फिर से महागठबंधन में मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर घमासान शुरू हो गया है। बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने एक बार फिर से कहा है कि तेजस्वी यादव महागठबंधन के मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं हैं। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव को सिर्फ को-ऑर्डिनेशन कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। उधर, कृष्णा अल्लावरू के बयान पर मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए तेजस्वी ने कहा कि किसी को इसके लिए परेशान होने की जरूरत नहीं है और ना ही किसी को चिंता करने की कोई जरूरत है। उन्होंने कहा कि हम सब लोग मिलकर नया बिहार बनाएंगे। बिहार को बनाने की कवायद चल रही है। वहीं, राहुल गांधी के चुनाव फिक्स वाले बयान पर तेजस्वी ने कहा कि उन्होंने बिल्कुल सही आशंका जताई है। जिस तरीके से चुनाव आयोग की कार्यशाली रही है, उससे तो यही आशंका जताई जा सकती है। चुनाव आयोग ने पिछले विधानसभा चुनाव में क्या किया? दिन में उन्होंने काउंटिंग को रुकवा दिया और रात के अंधेरे में काउंटिंग को शुरू किया और तीन-तीन बार प्रेस वार्ता करके अपनी सफाई दी। चुनाव आयोग भाजपा की सरकार की प्रकोष्ठ की तरह काम कर रही है, तो सवाल उठने जायज हैं।

### बिहार गौरव अवार्ड सह सांस्कृतिक समारोह संपन्न

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार स्वास्थ्य शिक्षा परिषद द्वारा 37वीं वर्ष



'बिहार गौरव अवार्ड' सह सांस्कृतिक समारोह का आयोजन विधायक आवास छज्जूबाग में किया गया जिसका उद्घाटन कुम्हरार विधायक अरुण कुमार सिन्हा ने किया। मुख्य अतिथि समाजसेवी युवा नेता आनंद मोहन झा थे। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार विश्वमोहन चौधरी संत ने किया। अतिथियों के हाथों संगीत निर्देशन में विनोद पंडित, समाजसेवा में आनंद मोहन झा, गायन एवं वादन में मनोज कुमार, नृत्य में प्रियंका श्रीवास्तव और विशेष रूप से नवीन कुमार को सम्मानित किया गया। कई पुरस्कारों से सम्मानित कवियत्री सुनीता रंजन ने अपने समसामयिक कविता पाठ से उपस्थित दर्शकों का मनोरंजन किया। देर रात तक सांस्कृतिक समारोह विनोद पंडित के संगीत निर्देशन में हुआ जिसमें इंदु कुमारी ने झूमर, मोहित कुमार लोकगीत, प्रियंका ने लोक नृत्य कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध हुए।

### आंख जांच कर लोगों को दिया चशमा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार स्वभिमान मंच के तत्वावधान में प्रेम यूथ



फाउंडेशन के सहयोग से निःशुल्क आंख जांच शिविर का आयोजन जगमल बिगहा स्थित उच्च विद्यालय में शिविर लगाया गया। इस क्रम में आंख जांच कर लोगों को मुफ्त में दवा एवं चश्मा दिया गया। मौके पर उपस्थित मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेक शर्मा ने बताया कि बख्तियारपुर विधानसभा में यह 25वीं शिविर है और आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सेवा ही संकल्प है कि भावना से हम लोगों की सेवा कर रहे है। वहीं प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम ने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। स्वस्थ्य तन में ही स्वस्थ्य मन निवास करता है। आगे भी इस तरह के और भी शिविर आयोजित किये जायेंगे। मौके पर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ राजीव कुमार, डॉ अलाउद्दीन, सत्येन्द्र कुमार, सुनील कुमार, मृत्युंजय कुमार, दीपक कुमार स्वर्ण, शशि कुमार, नीरज कुमार, गोपाल कुमार आदि उपस्थित रहे।

### भाजपा नेता ने पीड़ित परिवार से मिल दी सांत्वना

**दानापुर(नबिटा संवाददाता)।** दानापुर नगर परिषद के वार्ड संख्या 19 के सुल्तानपुर पुलिस चौकी स्थित बुलेटन राय के तीन वर्षीय पुत्र का खुले नाले में डूबने से मौत हो गई थी। आज स्थानीय कार्यकर्ता द्वारा सूचना मिलने के उपरांत प्रदेश भाजपा नेता सनोज यादव सुल्तानपुर स्थित घर पर जाकर और शोकाकुल परिजनों से मिलकर सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि यह घटना हृदय विदारक घटना है। मृतक के पिता बुलेटर राय ने प्रदेश भाजपा नेता सनोज यादव को बताया कि विगत दिनों सुल्तानपुर पुलिस चौकी से एक बारात गुजर रही थी। बच्चे को जिंद पर बारात दिखाने रोड पर गया था। मेरा बच्चा हाथ पकड़े हुए था। अचानक कब हाथ छोड़कर चला गया पता नहीं चला। कुछ देर बाद खोजबीन की तो पता चला कि खुले नाले में वह गिरा पड़ा था। उसे निकालें तो उसकी सास नहीं चल रही थी। उसकी मौत हो चुकी थी।

## संपादकीय

# जश्न बना मातम, कार्यक्रम की इजाजत क्यों और किस स्तर पर दी गई?

बंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास जुटी भीड़ के अनियंत्रित हो जाने के बाद भगदड़ में ग्यारह लोगों की मौत और तीस से ज्यादा लोगों के घायल होने की घटना एक बार फिर आयोजन में बरती गई घोर लापरवाही का ही उदाहरण है। हैरानी की बात यह है कि वहां क्रिकेटप्रेमियों की जितनी बड़ी संख्या जुटी थी, उसमें आशंका के बावजूद कई स्तर पर सुरक्षा इंतजामों की अनदेखी की गई और एक तरह से हादसे की जमीन तैयार होने दी गई। गौरतलब है कि इंडियन प्रीमियर लीग प्रतियोगिता के तहत रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अठारह वर्षों के बाद खिताबी जीत हासिल की थी। इस जीत पर आम लोगों का खुशी जाहिर करना स्वाभाविक था, लेकिन वहां हालात ऐसे हो गए कि इस क्रम में उम्मीद से काफी ज्यादा लोग जमा हो गए। इसके बाद स्टेडियम में प्रवेश करने की एक जगह अव्यवस्था फैल गई और फिर भगदड़ मच गई। नतीजा बेहद त्रासद साबित हुआ, जिसमें अपनी पसंदीदा टीम की जीत पर जश्न मनाने पहुंचे कई लोगों की भगदड़ में कुचल कर मौत हो गई और कई बुरी तरह घायल हो गए। सवाल है कि मैचों का आयोजन करने के लिए जिम्मेदार संबंधित क्रिकेट संगठन और पुलिस के लिए इस बात का अंदाजा लगाना जरूरी क्यों नहीं लगा कि जितनी बड़ी तादाद में लोग वहां इकट्ठा हो गए थे और मैच के नतीजे के बाद से ही जश्न मनाने का जो स्वरूप देखने में आ रहा था, उसके बाद कैसे हालात पैदा हो सकते हैं। यह भी खबर आई कि करीब पैंतीस हजार लोगों के आने की उम्मीद थी, लेकिन वहां दो से तीन लाख लोग आ गए। इस बात की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए कि स्टेडियम की क्षमता से करीब दस गुना ज्यादा लोगों के वहां पहुंचने के क्या कारण थे और उन्हें एक जगह पर जमा होने से रोकने के लिए क्या इंतजाम किए गए। जीत के कुछ समय बाद जश्न मनाने के बजाय इतनी जल्दी कार्यक्रम की इजाजत क्यों और किस स्तर पर दी गई? क्या मुफ्त पास मिलने की खबर के बाद जश्न में शामिल होने वाले लोगों की संख्या और पैदा होने वाली स्थितियों या आशंकाओं का आकलन किया गया? इस तरह के जश्न मनाए जाने की घोषणा और कार्यक्रम शुरू होने के बीच कितना समय था और इसमें लोगों की भीड़ से निपटने के लिए कैसी तैयारी की गई? विडंबना यह है कि किसी खेल में जीत-हार को खेल भावना के तहत ही देखने और संयमित अभिव्यक्ति की संस्कृति को बढ़ावा देने को लेकर सरकार और खेल संगठन शायद ही कभी गंभीर होकर सोचते हैं। इसके अलावा, देश भर में आए दिन धार्मिक आयोजनों सहित अलग-अलग तरह के कार्यक्रमों में लोगों के जमावड़े और उसके बाद अव्यवस्था की वजह से होने वाली भगदड़ में लोगों की जान जाने की घटनाएं होती रहती हैं। हर बार इस तरह की त्रासदी को महज हादसा मान कर आमतौर पर नजरअंदाज कर दिया जाता है। लेकिन शायद ही कभी भगदड़ की किसी घटना से सबक लेकर लोगों की संख्या, जुटने के लिए नियम-कायदे और भगदड़ रोकने के लिए हर स्तर पर व्यवस्था और सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाता है। हालत यह है कि जब किसी वजह से भगदड़ मच जाती है, तब बचाव और राहत कार्यों के लिए भी पुख्ता इंतजाम नहीं किए जाते। नतीजतन, किसी अफवाह या अप्रत्याशित कारण से अचानक ही लोगों के भीतर अफरा-तफरी मच जाती है और जश्न या खुशी का मौका मातम की त्रासदी में बदल जाता है।

# मोदी का 11वां साल: भारत के बदलाव में एक बड़ी उपलब्धि



हरदीप एस पुरी

लोकतंत्रों से अपेक्षा की जाती है कि वे वंचितों और अल्पवंचितों तक सेवाओं और सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करने में उच्च मानकों पर खरे उतरें। भारत में यह कसौटी और भी कठोर है। कोई भी नारा बिना उद्देश्य के और कोई भी दावा बिना परिणाम के नहीं टिकता। वास्तविक बदलाव का फायदा समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए, क्योंकि हमारे लोकतंत्र में, अंत्योदय (समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान) के लिए वोट किया जाता है। यही कारण है कि मोदी 3.0 के एक वर्ष में, दिल्ली, महाराष्ट्र और हरियाणा में मिले शानदार जनादेश केवल राजनीतिक उपलब्धि नहीं हैं, बल्कि वे इस बात की पुष्टि करते हैं कि आज के भारत में, बयानबाजी नहीं, बल्कि काम करके भरोसा जीता जाता है।

%अंत्योदय के माध्यम से सर्वोदय% के दर्शन पर आधारित कार्यक्रम यह सुनिश्चित करते हैं कि देश के विकास में कोई भी भारतीय पीछे न छूट जाए। 25 करोड़ से अधिक लोगों को कई तरह की गरीबी से बाहर निकाला गया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के माध्यम से 11 करोड़ से अधिक किसानों को ?3.68 लाख करोड़ से अधिक वितरित किए गए हैं। %लखपति दीदी% पहल ने एक करोड़ से अधिक ग्रामीण महिलाओं को सालाना ?1 लाख से अधिक आय प्राप्त करने का अधिकार दिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लगभग 3 करोड़ घरों को मंजूरी दी गई है।

जल जीवन मिशन के तहत, 15.44 करोड़ से अधिक ग्रामीण घरों में नल के पानी के कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये का निःशुल्क स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करने के लिए, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) का विस्तार किया गया है, चाहे उनकी आय कुछ भी हो। इससे लगभग 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को लाभ होने की उम्मीद है, जिससे उन्हें व्यापक स्वास्थ्य सेवा और वित्तीय सुरक्षा मिलेगी। इसके अलावा, इस योजना का विस्तार करके अग्रिम पंक्ति के सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को भी इसमें शामिल किया गया। ये चौंका देने वाले आंकड़े केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि लाखों भारतीय घरों में बदलाव की कहानियां हैं।

आतंकवादियों के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति से संबंधित प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता पहलगाम हमले के बाद त्वरित प्रतिक्रिया में स्पष्ट थी, जहां आतंकवादियों ने निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया था। देश ने नुकसान पर शोक व्यक्त किया, लेकिन एकजुट होकर ऑपरेशन सिंदूर को सटीकता और दबदबे के साथ अंजाम दिया, जिससे उसके आतंकवाद से लड़ने और अपने नागरिकों की रक्षा करने के संकल्प की पुष्टि हुई। दुनिया ने प्रधानमंत्री मोदी के मजबूत और निर्णायक नेतृत्व द्वारा समर्थित भारतीय रक्षा बलों की तकनीकी और रणनीतिक श्रेष्ठता देखी है।

दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति आत्मनिर्भरता के लिए रणनीतिक निवेश से मेल खाती है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की व्यापक सटीकता, आंशिक रूप से कई वर्षों तक स्वदेशी रक्षा क्षमता पर लगातार ध्यान केंद्रित करने के कारण सक्षम हुई। 2014 के बाद, भारत के रक्षा विनिर्माण का तेजी से आधुनिकीकरण हुआ है, निर्यात में भारी बढ़ोतरी हुई है। यह परिवर्तन अचानक नहीं हुआ है। आत्मनिर्भर भारत मिशन के तहत, रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (डीएपी), रक्षा उत्पादन और निर्यात प्रोत्साहन नीति (डीपीईपीपी) जैसे प्रमुख सुधार और कुछ क्षेत्रों के लिए 100त्न एफडीआई खोलने से घरेलू कंपनियों को फलने-फूलने में मदद मिली है।

ड्रोन और उसके कलपुर्जों के लिए दो विशेष पीएलआई योजनाओं की शुरुआत से अगली पीढ़ी के नवाचार को और भी बढ़ावा मिला है। आज, भारत द्वारा डिजाइन की गई मिसाइल प्रणाली, बख्तरबंद वाहन और नौसैनिक प्लेटफॉर्म न केवल हमारी सेनाओं में तैनात हैं, बल्कि 80 से अधिक देशों को निर्यात किए गए हैं। इससे ऐसे समय में क्षेत्रीय सुरक्षा प्रदाता के रूप में भारत की छवि मजबूत हुई है, जब विश्वसनीय रक्षा भागीदारों पर वैश्विक भरोसा बहुत अधिक है।

विनिर्माण इसी नजरिये के केंद्र में है। भारत बड़े निवेश और सरकारी प्रोत्साहनों के कारण सेमीकंडक्टर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स असम में ?27,000 करोड़ के निवेश से सेमीकंडक्टर असेंबली और परीक्षण संयंत्र बना रहा है, जिसके 2025 के मध्य तक परिचालन में आने और लगभग 27,000 नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। इस बीच, एचसीएल और फॉक्सकॉन का ?3,706 करोड़ का संयुक्त उद्यम उत्तर प्रदेश के जेवर में एक सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करने के लिए तैयार है, जो डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स पर ध्यान केंद्रित करेगी और इसका उत्पादन 2027 में शुरू होगा।

भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है, जिसमें 1.57 लाख से ज्यादा मान्यता प्राप्त स्टार्टअप हैं। इनमें 100 से ज्यादा यूनिकॉर्न और 3,600 से ज्यादा डीप-टेक वेंचर शामिल हैं जो एआई, बायोटेक और सेमीकंडक्टर पर केंद्रित हैं। अकेले हमारे अंतरिक्ष क्षेत्र में 200 से ज्यादा स्टार्टअप सामने आए हैं, जो एक भरोसेमंद इनोवेशन अर्थव्यवस्था के उदय का संकेत है। स्टार्टअप इकोसिस्टम ने पहले ही 17.2 लाख से ज्यादा प्रत्यक्ष रोजगार पैदा किए हैं और समस्या-समाधानकर्ताओं (प्रॉब्लम सॉल्वर्स) एवं उद्यमियों की एक नई पीढ़ी को प्रेरित किया है।

इस बीच, भारत धीरे-धीरे दुनिया के सबसे जुड़े हुए लोकतंत्र के रूप में उभरा है। 80 करोड़ से ज्यादा इंटरनेट यूजर्स और 136 करोड़ आधार नामांकन के साथ, यह दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल पहचान कार्यक्रम बन गया है। अब हमारी वैश्विक डिजिटल पेमेंट में 46त्न हिस्सेदारी हो गई है, जो यूपीआई जैसे प्लेटफॉर्म पर आधारित है जिसने वित्तीय लेन-देन को सभी के लिए आसान बना दिया है। इन प्रणालियों ने न केवल नागरिकों को सशक्त बनाया है बल्कि शासन को और भी स्मार्ट, तेज और पारदर्शी बनाया है।



2024-25 के केंद्रीय बजट में हमारी सरकार की निर्णय लेने की क्षमता साफ नजर आती है। कुल व्यय ?44.6 लाख करोड़ निर्धारित किया गया, जिसमें पूंजीगत व्यय को अभूतपूर्व रूप से बढ़ाकर ?10 लाख करोड़ किया गया। कर छूट को बढ़ाया गया, मध्यम वर्ग के लिए रिबेट दोगुनी कर दी गई और लंबे समय से स्टार्टअप के लिए चिंता का विषय रहे एंजल टैक्स को समाप्त कर दिया गया। इन सुधारों से उपभोग में बढ़ोतरी होती है, उद्यमशीलता को बढ़ावा मिलता है और भारत के दीर्घकालिक विकास पथ को मजबूती मिलती है।

मोदी 3.0 के एक साल पूरे होने पर, बदलाव स्पष्ट नजर आ रहा है। सड़कें, कारखाने और सौर पैनल सिर्फ प्रगति के संकेत नहीं हैं, बल्कि वे आकांक्षाओं की नींव हैं। आर्थिक, सामाजिक और रणनीतिक सहित हर क्षेत्र में भारत राष्ट्रीय स्तर पर नवीनीकरण का एक नया अध्याय लिख रहा है। जनादेश भी स्पष्ट है। विजन बरकरार है। और, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, निर्णायक दशक अच्छी तरह से आगे बढ़ रहा है। इतिहास इस वक्त को सिर्फ तेज विकास के चरण के रूप में ही नहीं, बल्कि उस क्षण के रूप में दर्ज करेगा, जब भारत ने विश्वास किया, बदलाव किया और नेतृत्व किया है।

**( हरदीप एस पुरी भारत सरकार में केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हैं )**

# सिंधु नदी का पानी रोके जाने के बाद घुटनों पर आया पाकिस्तान !

(अनिल कुमार)

सिंधु जल संधि को लेकर पाकिस्तान की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पहलगाम आतंकी हमले के बाद से भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित कर रखा है। इसके बाद पाकिस्तान लगातार भारत से गुहार लगा रहा है। पाकिस्तान ने भारत को चार पत्र लिखकर इस फैसले पर फिर से विचार करने का आग्रह किया है। दूसरी तरफ भारत ने जल संधि को निलंबित करने फैसले के पीछे सीमा पार आतंकवाद को कारण बताया है।साथ ही, जल साथ नहीं चल सकते। सिंधु जल संधि को निलंबित करने से भारत को कई फायदे हुए हैं। भारत ने सिंधु नदी प्रणाली से जुड़ी रणनीतिक जल बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर काम तेज कर दिया है। एक महत्वपूर्ण परियोजना 130 किलोमीटर लंबी नहर है। यह नहर ब्यास नदी को गंगा नहर से जोड़ेगी।

साथ ही, इसे यमुना नदी तक बढ़ाने का भी प्रस्ताव है। लगभग 200 किलोमीटर की इस परियोजना में 12 किलोमीटर लंबी सुरंग भी शामिल है। इससे यमुना का पानी गंगासागर तक




पहुंच सकेगा। दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान जैसे राज्यों को इस परियोजना से लाभ होगा. सरकार का कहना है कि काम तेजी से चल रहा है और दो से तीन साल में पूरा होने की उम्मीद है. एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) भी तैयार की जा रही है।

परियोजनाओं को लेकर भी कुछ तकनीकी आपत्तियां हैं। इस पूरे मामले से दोनों देशों के बीच रिश्तों में और खटास आ गई है।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद तीन पत्र

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान ने भारत को चार पत्र भेजे हैं। यह पत्र पाकिस्तान के जल मंत्रालय के सचिव सैयद अली मुर्तजा की तरफ से भेजे गए हैं। इनमें से तीन लेटर ऑपरेशन सिंदूर के बाद भेजे जा चुके हैं। पहला पत्र मई की शुरुआत में 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू होने से पहले भेजा गया था। इसके बाद मुर्तजा ने तीन और पत्र भेजे हैं। न्यूज 18 की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि सभी पत्र जल शक्ति मंत्रालय के माध्यम से विदेश मंत्रालय को भेजे गए हैं।

### पहलगाम आतंकी हमले के बाद ऐक्शन

पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भारत के जल शक्ति मंत्रालय की सचिव देबाश्री मुखर्जी ने पाकिस्तान के जल मंत्रालय के सचिव सैयद अली मुर्तजा को एक पत्र लिखा था। पत्र में भारत ने साफ कहा था कि वह पाकिस्तान से होने वाले सीमा पार आतंकवाद का शिकार है। भारत ने इसी बात को ध्यान में रखते हुए सिंधु जल संधि में अपनी भागीदारी को निलंबित करने का फैसला लिया था। भारत का कहना है कि पाकिस्तान ने 1960 की संधि के मूल भावना यानी आपसी विश्वास और सहयोग को कमजोर किया है।

### क्या है भारत की रणनीति?

पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि व्यापार और आतंकवाद, पानी और खून, गोलियां और बातचीत एक

### क्यों घुटनों पर आया पाकिस्तान?

संधि के निलंबन से पाकिस्तान घुटनों पर आ चुका है। संधि के निलंबन से पाकिस्तान पर बुरा असर पड़ सकता है। इससे पाकिस्तान की रबी फसलें प्रभावित हो सकती हैं। कृषि के अलावा, पानी की कमी से लोगों का जीवन भी प्रभावित हो सकता है। पाकिस्तान ने इस मामले में विश्व बैंक से मध्यस्थता करने का अनुरोध किया है। हालांकि, विश्व बैंक ने भारत के आंतरिक मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है।

भारत ने आईडब्ल्यूटी को 21वीं सदी की जरूरतों के हिसाब से बदलने की बात कही है। भारत का कहना है कि 1950 और 1960 के दशक में बनी यह संधि अब पुरानी हो चुकी है क्योंकि अब पानी के बहाव में बदलाव आया है। साथ ही, ग्लेशियर पिघल रहे हैं, जनसंख्या बढ़ रही है और पानी और ऊर्जा का सही तरीके से इस्तेमाल करना जरूरी है। भारत संधि को आधुनिक बनाने की बात कर रहा है, लेकिन पाकिस्तान इसका विरोध कर रहा।

भारतीय अधिकारियों का कहना है कि पाकिस्तान का यह रवैया संधि के नियमों के खिलाफ है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने कई कूटनीतिक और रणनीतिक कदम उठाए हैं. इनमें आईडब्ल्यूटी में अपनी भागीदारी को निलंबित करना भी शामिल है।

# भारतीय इंजीनियरिंग का अनोखा, नायाब नमूना है चिनाब ब्रिज !

**ये देश का पहला ऐसा रेलवे ब्रिज(पुल) है जो केबल स्टेड तकनीक पर बना है। मीडिया रिपोर्ट्स बताती हैं कि यह पुल नदी तल से 331 मीटर की ऊंचाई पर बना है। 1086 फीट ऊंचा एक टावर इसे सहारा देने के लिए बनाया गया है, जो करीब 77 मंजिला बिल्डिंग जितना ऊंचा है।यह ब्रिज अंजी नदी पर बना है, जो रियासी जिले के कटरा को बनिहाल से जोड़ता है। चिनाब ब्रिज से इसकी दूरी महज 7 किमी है। इस पुल की लंबाई 725.5 मीटर है इसमें से 472.25 मीटर का हिस्सा केबल्स पर टिका हुआ है।**

सुनील कुमार महला


हाल ही में हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर को चिनाब पुल का उद्घाटन करके एक बड़ी सौगात दी है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि यह(चिनाब पुल) दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल है। 6 जून 2025 को चिनाब पुल का उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसी ट्रैक पर बने अंजी ब्रिज का भी लोकार्पण किया। ये देश का पहला ऐसा रेलवे ब्रिज(पुल) है जो केबल स्टेड तकनीक पर बना है। मीडिया रिपोर्ट्स बतातीं हैं कि यह पुल नदी तल से 331 मीटर की ऊंचाई पर बना है। 1086 फीट ऊंचा एक टावर इसे सहारा देने के लिए बनाया गया है, जो करीब 77 मंजिला बिल्डिंग जितना ऊंचा है।यह ब्रिज अंजी नदी पर बना है, जो रियासी जिले के कटरा को बनिहाल से जोड़ता है। चिनाब ब्रिज से इसकी दूरी महज 7 किमी है। इस पुल की लंबाई 725.5 मीटर है।इसमें से 472.25 मीटर का हिस्सा केबल्स पर टिका हुआ है।

गौरतलब है कि यह ऐतिहासिक पुल न सिर्फ कश्मीर घाटी को पूरे भारत से जोड़ेगा, बल्कि क्षेत्र में व्यापार, पर्यटन और औद्योगिक विकास को भी नई गति देगा। बहरहाल, पुल के उद्घाटन के दौरान् प्रधानमंत्री ने कटरा और श्रीनगर को जोड़ने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पाठकों को बताता चलूं कि इस ट्रेन के जरिये जम्मू से श्रीनगर का रास्ता केवल 3 घंटे का रह जाएगा। उपलब्ध जानकारी के अनुसार यह जम्मू-कश्मीर में 46 हजार करोड़ की परियोजना है। कहना ग़लत नहीं होगा कि जम्मू कश्मीर को दो नई वंदे भारत ट्रेनें मिलने तथा जम्मू में नए मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास होने से जम्मू और कश्मीर के विकास को नई गति मिल सकेगी। यह काबिले-तारीफ है कि अब वादिए कश्मीर भारत के रेल नेटवर्क से जुड़ गई है। बहरहाल, यदि हम यहां पर चिनाब पुल की बात करें तो यह ब्रिज, दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज है।चिनाब रेलवे ब्रिज को बनाने में भले ही 22 साल लगे हो, लेकिन अब इसके शुरू होने के बाद कश्मीर घाटी और जम्मू के बीच सीधा रेल रास्ता बन जाएगा। यह पहली बार होगा जब लोग कन्याकुमारी से सीधे ट्रेन के जरिए कश्मीर घाटी तक जा सकेंगे।वास्तव में चिनाब ब्रिज एक स्टील और कंक्रीट से बना आर्च ब्रिज है, जो रियासी जिले के बक्कल और कौरी गांवों को जोड़ता है और ये ब्रिज चिनाब नदी के ऊपर बना है। इसकी खासियत यह है कि ये नदी के तल से 359 मीटर (लगभग 1,178 फीट) ऊंचा है। यानी यह पेरिस के मशहूर एफिल टॉवर से 35 मीटर और दिल?ली की कुतुब मीनार से करीब 5 गुना ऊंचा यानी कि 287 मीटर ऊंचा है। मीडिया रिपोर्ट्स बतातीं हैं कि 272 किलोमीटर लंबे इस रेल मार्ग में 1315 मीटर(करीब 4314 फीट) का यह ब्रिज उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक प्रोजेक्ट का हिस्सा है। पाठकों को बताता चलूं कि इस पुल का निर्माण 1486 करोड़ की लागत से किया गया है तथा यह 266 किमी प्रति घंटे तक की हवा की गति का सामना कर सकता है। साथ ही, यह ब्रिज भूकंपीय क्षेत्र पांच में स्थित है और रिक्टर स्केल पर 8 तीव्रता के भूकंप को सहने में सक्षम है। यहां पाठकों को यह भी बताता चलूं कि इस ब्रिज की नींव 2003 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने रखी थी तथा इसके निर्माण में 22 साल लगे और इसकी अनुमानित उम्र 120-125 साल से अधिक है।चिनाब रेल ब्रिज की डिजाइन और तकनीकी(इंजीनियरिंग) विशेषताओं ने इसे दुनियाभर में चर्चा का विषय बना दिया है और यह पुल तकनीक के क्षेत्र में भारत के सामर्थ्य को बखूबी दिखाता है। जानकारी के मुताबिक, इस ब्रिज को बनाने में 28,660 से 30,000 मीट्रिक टन स्टील का इस?तेमाल किया गया है। इसके साथ ही 46,000 क्यूबिक मीटर कंक्रीट का भी यूज हुआ है। साथ ही 6 लाख से ज?यादा बोल?ट भी यूज किए गए हैं। यह काबिले-तारीफ है कि इस पुल को बनाने में नदी के प्रवाह को नुकसान नहीं पहुंचाया गया है, नदी में कोई पिलर नहीं है, बल्कि इसे आर्च तकनीक(जैसा कि ऊपर जानकारी दे चुका हूं)से बनाया गया है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार इसे 40 टन टीएनटी के बराबर विस्फोट सहने के लिए डिजाइन किया गया है तथा साथ ही इसमें खास पेंट का इस्तेमाल किया गया है, जो इसे 20 साल तक जंग से बचाएगा। पाठकों को बताता चलूं कि वास्तव में इस पुल को किसी हमले से बचने के लिए ब्लास्ट प्रूफ स्टील से तैयार किया गया है।इस ब्रिज के निर्माण में डीआरडीओ की अचूक प्लानिंग शामिल रही है।इसे बनाने के लिए उत्तर रेलवे के साथ कोंकण, अफकान और केआरसीएल ने काम किया। इसके साथ ही भारतीय भौगोलिक सर्वेक्षण जैसी संस्थाएं भी जुड़ी रहीं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार इसमें आईआईटी रूड़की और आईआईटी दिल्ली ने भी अपना योगदान दिया है। पुल के निर्माण में 28,660 मीट्रिक टन स्टील का इस्तेमाल हुआ है। इतना ही नहीं,पुल में ऐसी तकनीक स्थापित की गई है कि कोई भी खतरा होने पर वार्निंग अलार्म खुद ही बजने लगेगा। पाठकों को बताता चलूं कि पुल में 112 सेंसर लगाए गए हैं, जो हवा की गति, टेंपरचर और कंपन आदि की जानकारी देंगे। ये न केवल एक रेलवे पुल है, बल्कि यह जम्मू-कश्मीर को हर मौसम में देश से जोड़ने का एक मजबूत माध्यम भी है। स्वयं प्रधानमंत्री ने इस पर यह बात कही है कि -%अब लोग चिनाब ब्रिज के जरिए कश्मीर देखने तो जाएंगे ही, साथ ही ये ब्रिज भी अपने आप में एक आकर्षक टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनेगा। चिनाब ब्रिज हो या फिर आंजी ब्रिज ये जम्मू-कश्मीर की समृद्धि का जरिया बनेंगे। इससे टूरिज्म तो बढ़ेगा ही इकोनॉमी के दूसरे सेक्टर्स को भी लाभ होगा। जम्मू कश्मीर की रेल कनेक्टिविटी दोनों क्षेत्रों के कारोबारियों के लिए नए अवसर बनाएगी।% इससे(चिनाब पुल से) देश की सैन्य ताकत को भी कहीं न कहीं बल मिलेगा, क्यों कि कश्मीर बर्फबारी के दिनों में भारत से कट जाता था। साथ ही कई क्षेत्रों में आपात स्थिति में सेना को अपनी मूवमेंट में इस बर्फबारी के समय काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था।अब चिनाब रेलवे ब्रिज के निर्माण से हर मौसम में कश्मीर पहुंचना सेना के लिए आसान हो जाएगा। पाठकों को बताता चलूं कि इस पुल के बारे में पाकिस्तान के सबसे बड़े मीडिया संस्थानों में से एक डॉन ने यह लिखा है कि, %यह पुल चीन की सीमा से लगे भारत के बर्फीले क्षेत्र लद्दाख में रसद में भी क्रांति लाएगा।

कहना ग़लत नहीं होगा कि चिनाब और अंजी ब्रिज के उद्घाटन के साथ जम्मू-कश्मीर ने विकास की नई राह पर कदम बढ़ाया है। ये परियोजनाएं न केवल क्षेत्र की कनेक्टिविटी को बेहतर करेंगी, बल्कि पर्यटन, व्यापार और आम लोगों की जिंदगी को भी आसान बनाएंगी। अब कश्मीर की सुंदरता और संसाधन देश-दुनिया से और भी करीब होंगे।अंत में यही कहूंगा कि चिनाब पुल भारतीय इंजीनियरिंग का एक नायाब व बड़ा तोहफा है, जिससे भारत को पाकिस्तान और चीन के खिलाफ रणनीतिक फायदे तो होंगे ही देशवासियों को इसका भरपूर फायदा मिलेगा।

# पर्यटक स्थल बनेगा विष्णुपुर मोईन : मंत्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**नावकोठी (बेगूसराय)।** प्रखंड के विष्णुपुर मोईन को पर्यटक स्थल बनाये जाने की अपार संभावनाएं हैं। सैकड़ों एकड़ में फैले इस प्राकृतिक मोईन की मनोरम छटा देखते ही बनती है। इस मोईन का विकास हो जाने से पर्यटन सहित स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। उक्त बातें सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने हसनपुर बागर पंचायत के चकमुजफ्फर में रविवार को कहीं। स्थानीय युवा शम्भु शरण के नेतृत्व में युवाओं ने सहकारिता मंत्री का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर युवाओं ने विष्णुपुर मोईन के पश्चिमी तट पर बसे चकमुजफ्फर में विष्णुपुर मोईन को विकसित करने तथा उसे पर्यटक स्थल के रूप में जीर्णोद्धार करने की मांग की। श्री कुमार ने विष्णुपुर मोईन और गांव के बसावट की सराहना की तथा कहा कि नमीयुक्त भूमि संरक्षण तथा पर्यावरण संरक्षण सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है। इस साइट के सौन्दर्यीकरण तथा पर्यटन स्थल का स्वरूप प्रदान करने का एक अद्भुत साइट है। विधानसभा में इस स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की बात उठाऊंगा ताकि सरकार इसे चिह्नित कर इसको पर्यटक स्थल बना सके। यह प्रखंड के सभी पंचायत के लोगों के लिए एक वरदान साबित होगा। मौके पर जिप सदस्य अमित देव, रणविजय कुमार, नीरज कुमार, पप्पू, रविन्द्र कुमार, जय प्रकाश सिंह, निरंजन कुमार, विनय कुमार सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# जिला क्रियान्वयन समिति की बैठक 14 को

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी(बेगूसराय)।** जिला स्तरीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की समीक्षात्मक बैठक बखरी नगर परिषद के सम्राट अशोक भवन में निर्धारित की गयी है। 14जून को पूर्वाह्न साढे दस बजे से आहुत बैठक में सांसद सह केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता सहित जिले के सभी माननीय विधायक, विधान पार्षद व अन्य जनप्रतिनिधिगण भाग लेंगे। जिला बीस सूत्री समिति की इस बैठक की अध्यक्षता बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार सह जिले के प्रभारी मंत्री संजय सरावगी करेंगे। प्रभारी मंत्री की मौजूदगी में जिले के सभी बीस सूत्री सदस्य गण सरकार के विभिन्न विभिगों के विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे। डीएम तुषार सिंगला ने जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह जद(यू)जिलाध्यक्ष रूदल राय, भाजपा जिलाध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष राजीव वर्मा सहित जिले के सभी कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के सदस्यों को पत्र जारी करते हुए ससमय बैठक में भाग लेने का अनुरोध किया है। जानकारी देते हुए भाजपा जिला प्रवक्ता सिधेश आर्य ने बताया कि बखरी में पहली बार आयोजित की जा रही जिला स्तरीय प्रशासनिक दृष्टिकोण से बड़ी बैठक को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं सहित आमजन में उत्साह है। मालूम हो कि लंबे समय से बखरी विकास के मामले में पीछे रहा है। पूर्व सांसद डॉ भोला सिंह तथा वर्तमान सांसद व केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के प्रयास से इसकी विकास योजनाओं में गति आयी है। अब प्रभारी मंत्री संजय सरावगी, जिनका बखरी से खासा जुड़ाव है सहित जिले के तमाम आलाधिकारी व जनप्रतिनिधियों के आने से यहां के विकास योजनाओं को और अधिक गति मिलेगी।

# दो दर्जन रक्तवीरों ने किया रक्तदान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बीहट(बेगूसराय)।** बरौनी प्रखंड के मां भगवती धर्मशाला, सिमरिया में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। इस क्रम में सिमरिया के 28 रक्तवीरों ने रक्तदान देकर मानवता की ओर एक कदम बढ़ाया। वहीं, वत्स सेवा समिति की टैगलाइन रक्तदान करें जीवन बचाने के लिए को चरितार्थ किया। इस अवसर पर शिविर के स्थानीय आयोजनकर्ता दिनकर पुस्तकालय के संयुक्त सचिव कृष्ण मुरारी ने बताया कि सिमरियावासियों ने इस बार रक्तदान करने में कीर्तिमान स्थापित किया। उन्होंने बताया कि रक्तदान करने से आपात स्थिति में जरूरतमंदों को रक्त की आपूर्ति करने में सुविधा होती है। वहीं वत्स सेवा समिति के कोषाध्यक्ष चंदन कुमार अपने जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान किया और बताया कि आज सिमरिया में रक्तदान करते हुए हमें गर्व की अनुभूति हो रही है। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से रक्तदान करने से रक्त में आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित होती है जिससे दिल की सेहत में सुधार और दिल की बीमारियों से बचाव होता है। इस शिविर में कुल 28 यूनिट रक्त इकट्ठा हुआ। इसमें सृष्टि रक्त केंद्र, बेगूसराय के निदेशक नवीन कुमार, टेक्नीशियन रंजन कुमार, रोहन कुमार व नरेश कुमार ने सहयोग किया। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर को व्यवस्थित रूप से संचालित करने में दिनकर पुस्तकालय के कोषाध्यक्ष मनीष कुमार, कृष्णा कुमार, राहुल कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# पेट्रोल पम्प पर हुई फायरिंग में तीन गिरफ्तार

## टाप 10 में शामिल 25 हजार का इनामी बदमाश जीवेश कुंवर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया (बेगूसराय)।** थाना क्षेत्र में पेट्रोल पंप पर मारपीट और फायरिंग के मामले में तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसके पास से एक पिस्टल, दो मैगजीन और 7 जिंदा कारतूस बरामद किया गया हैं। यह वारदात शनिवार की शाम बलिया थाना क्षेत्र के सदानंदपुर ढाला के समीप हुई थी। पुलिस ने इस मामले में टाप 10 में शामिल फरार चल रहे 25 हजार के इनामी बदमाश जीवेश कुंवर को भी गिरफ्तार किया है। बलिया डीएसपी नेहा कुमारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इन बदमाशों को पकड़ा है। गिरफ्तार बदमाशों के



खिलाफ पहले से ही कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। पुलिस ने पेट्रोल पंप पर मारपीट और फायरिंग के मामले में तीन युवाओं को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान मनु कुमार, छोटू कुमार और रजनीश कुमार के रूप में हुई है। वहीं, फरार चल रहे शंकर कुमार सिंह की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। पुलिस ने इनके पास से हथियार और कारतूस भी बरामद किया हैं। इस मामले में आगे की जांच और कार्रवाई जारी है। बता दें कि बेगूसराय में 10 रूपये की खातिर बवाल हो गया। बाइक सवार युवकों ने पेट्रोप पंप के नोजलमैन को बुरी तरह पीटा और फायरिंग की। इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गयी। फायरिंग करने के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गये। बताया जाता है कि पेट्रोल भरवाने को लेकर युवकों का नोजल मैन के साथ विवाद हुआ था जिसके बाद दोबारा आये युवकों ने पेट्रोल पंप पर फायरिंग कर दी।

# इंटर छात्र को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोइलवर(भोजपुर)।** प्रखंड के लोदीपुर में रविवार को श्री वैष्णव सेवा धाम का वार्षिक महोत्सव और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में बड़हरा के विधायक सह पूर्व मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। विधायक ने महोत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर एवं ठाकुर जी का दर्शन कर किया। महंत गदाधर दास एवं आयोजक मंडल द्वारा मुख्य अतिथि का अंगवस्त्र, फूलमाला एवं शक्ति का प्रतीक तलवार से भव्य स्वागत किया गया। बड़हरा विधायक द्वारा इंटर कला भोजपुर जिला टॉपर आरुषि कुमारी को प्रशस्ति पत्र और पारितोषिक में दो हजार रूपए देकर



सम्मानित किया गया। उसके अलावा समाज के विभिन्न क्षेत्रों मे महत्वपूर्ण काम करने वाले लोगो को भी सेवा धाम द्वारा प्रशस्ति पत्र विधायक के हाथो सौपा गया। विधायक ने कहा कि आज लड़कियां देश मे सभी क्षेत्रों मे आगे बढ़ कर देश को महान बना रही है। उन्हे जरुरत है हौसला बढाने की। मैं सात बार से बड़हरा विधानसभा का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं और पांच बार मुझे इसी तापा की भूमि से जीत मिला है। मै हमेशा इस क्षेत्र के लिए भी प्रतिनिधि रहूंगा। कुछ भी जरूरत हो तो क्षेत्र के लोग मुझसे मदद ले सकते है।

# चुनाव आयोग को देना चाहिए स्पष्टीकरण : प्रशांत किशोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर रविवार को बिहार बदलाव यात्रा के तहत एक दिवसीय दौरे पर बेगूसराय पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने सिमरिया पुल पर ही प्रशांत किशोर का भव्य स्वागत किया। वहां से गाड़ियों के काफिला के साथ बीहट पहुंचे। बीहट में सबसे पहले सिद्धपीठ बड़ी दुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना की। बिहार के बेहतर भविष्य की कामना की। वहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने हाल ही में हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर राहुल गांधी द्वारा उठाए गए सवालों पर प्रतिक्रिया दी। श्री किशोर ने कहा कि कांग्रेस देश की मुख्य विपक्षी पार्टी है। राहुल गांधी देश में विपक्ष के नेता हैं। अगर उन्होंने चुनाव आयोग की प्रक्रिया पर लिखित रूप से सवाल उठाए हैं तो विपक्ष के नेता के सवालों का जवाब देना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है। चुनाव की निष्पक्षता और शुचिता पर कोई सवाल न उठे। यह सुनिश्चित करना चुनाव आयोग की



जिम्मेदारी है। इसलिए उन्हें अपना स्पष्टीकरण पेश करना चाहिए। इसके बाद वे कार्यकर्ताओं के साथ काफिले को लेकर मटिहानी हाई स्कूल में निर्धारित आम जनसभा को सम्बोधित करने के लिए बेगूसराय ओर रवाना हो गए। इस अवसर पर जनसुराज के जिलाध्यक्ष डा. रजनीश कुमार, डा. सोनू शंकर, डा. रंजन चौधरी, मटिहानी के नेता सह अधिवक्ता कुशेश्वर भगत सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# पूर्व संयुक्त सचिव शंकर प्रसाद श्रीवास्तव की पुण्यतिथि मनी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोप गुट के बैनर तले कर्मचारी नेता, बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ गोप गुट बिहार पटना के पूर्व राज्याध्यक्ष सह बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोप गुट भोजपुर के पूर्व संयुक्त सचिव शंकर प्रसाद श्रीवास्तव की 18 वीं पुण्यतिथि जिला कार्यालय मिल रोड पूर्वी गुमटी आरा में आयोजित की गयी। अध्यक्षता कर्मचारी महासंघ गोप गुट के जिलाध्यक्ष रामानन्द सिंह ने की। सर्वप्रथम शंकर प्रसाद के तैलीय चित्र पुष्प अर्पित किया और उनकी आत्मा के शांति के लिए एक मिनट का मौन रखा गया।



संचालन जिला सचिव उमेश कुमार सुमन ने किया। विषय प्रवेश आज केन्द्र से लेकर राज्य सरकार तक कर्मचारियों की सेवा शर्त में बदलाव और सुविधाओं में कटौती, पुराना पेंशन के जगह एनपीएस, यूपीएस, सहित स्थाई रिक्त पदों पर स्थाई नियुक्ति की मांग की गई। ठेका प्रथा बंद हो, सार्वजनिक क्षेत्र में निजीकरण बंद हो, 08 वां वेतन आयोग का गठन किया जाये, पर उपस्थित विभिन्न सेवा संघों, ट्रेड यूनियन और संघ महासंघ के नेतृत्वकारी नेताओं ने विस्तार से चर्चा किया। कहा कि लोकप्रिय कर्मचारी नेता शंकर प्रसाद का शहादत दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पर गर्व महसूस करते हैं। वे कभी भी किसी के सामने झुककर सरकारी दायित्वों का निर्वहन नहीं किया, हमेशा निडर, निष्पक्ष, निष्ठावान होकर सरकारी दायित्वों और संघ महासंघ के साथ मिलकर कार्य को करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। हमें आज शिक्षा लेने की जरूरत है। मौके पर जानकी प्रसाद, अवधेश पासवान, उपाध्यक्ष रमेश कुमार यादव, कोषाध्यक्ष, धर्म कुमार, जिला सचिव प्राथमिक शिक्षक संघ गोप गुट, मो समीम, जिला सचिव मलेरिया छिड़काव हर बंस कुमारसमेत अन्य मौजूद थे।

# आरएएफ कैम्प में समर कैम्प का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोइलवर/भोजपुर।** क्षेत्रीय केरिपुबल परिवार कल्याण संघ-114 आरएएफ आरसीडब्ल्यू-114 की अध्यक्ष रितु झा द्वारा 114 आरएएफ कैंप परिसर में दो दिवसीय गर्मियों की उमंगों के संग समर कैम्प का आयोजन किया गया। समर कैंप के प्रथम दिन कैंप में तैनात जवानों सहित आसपास के गांवों से आए लगभग तीन दर्जन से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस समर कैंप में बच्चों के लिए विभिन्न रोचक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इनमें स्पून लेमन रेस, बैलून रेस, पॉटरी मेकिंग, म्यूजिकल चेयर तथा सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण शामिल रहा। कार्यक्रम के दूसरे दिन 8 जून को जूम्बा तथा फैंन्सी ड्रेस प्रतियोगिता (थीम-फल व सब्जी), पेपर क्राफ्ट, पेपर टियरिंग तथा ड्राइंग प्रतियोगिताह्ल पर आधारित खेलों तथा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी बच्चों को उचित उपहार देकर अध्यक्ष रितु झा द्वारा सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि यह आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास, रचनात्मकता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास रहा।

# सभी महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 25 सौ रुपये : गरीब दास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बछवाड़ा (बेगूसराय)।** प्रखंड क्षेत्र के भीखमचक पंचायत में कांग्रेस पार्टी के द्वारा महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास ने महिलाओं से संवाद करते हुए कहा कि बिहार में कांग्रेस पार्टी समर्थित इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही 18 वर्ष की आयु से ऊपर सभी माताओं-बहनों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए माई-बहिन मान योजना के माध्यम से उनके बैंक खाते में प्रत्येक महीने पच्चीस रूपये दिया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से महिलाएं आसानी से अपने गांव के विकास के लिए अपनी इच्छा और आकांक्षाओं को भी सूचीबद्ध करा रही हैं। इस दौरान गरीब दास ने कहा कि महिला संवाद कार्यक्रम जुलाई महीने के अंत तक वार्ड स्तर तक किया जाएगा। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बछवाड़ा विधानसभा चुनाव प्रभारी पुष्पेंद्र साहु ने कहा कि कांग्रेस शासित अन्य प्रदेशों में पूर्व से ही नारी न्याय की गारंटी के तहत महिलाओं को आर्थिक रूप से सबल बनाने के लिए 25 सौ रुपए दिया जा रहा है।

# विकास कार्यों में लाएं तेजी : डीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वीरपुर(बेगूसराय)।** प्रखंड के नौला स्थित राजकीयकृत गांधी स्मारक+2 विद्यालय नौलागढ़ में प्रखंड अन्तर्गत संचालित विभिन्न विभागों के जनकल्याणकारी एवं विकासात्मक योजनाओं की प्रगति को लेकर जिलाधिकारी ने विभाग के पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक कर उसकी वस्तु स्थिति का जायजा लिया। साथ ही विभिन्न संचालित योजनाओं से किए जा रहे कार्य को स्थलीय निरीक्षण करते हुए कार्य में तेजी लाने को लेकर निर्देशित



किया। निरीक्षण के क्रम में जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में एक बरैपुरा बसहा धाम एवं चामुंडा देवी मंदिर पहुंच कर दर्शन किए और मंदिर प्रांगण स्थित मूर्ती की विशेषता बताने वाली इतिहास को भी पढ़ कर उन्होंने समझा। वीरपुर बाजार में जल जमाव से जुड़े समस्या को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया। मौके पर विधायक कुंदन कुमार, उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार शक्तिधर, अंचलाधिकारी भाई बीरेंद्र, भाजपा के मंडल सह बीस सूत्री अध्यक्ष वीरशेन बिक्रम, छोटेलाल सिंह,ललन कुमार, मुखिया प्रतिनिधि राम प्रवेश सिंह, मुखिया त्रिपुरारी कुमार समेत कई अन्य जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता के साथ ही ग्रामीण मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सवर्ण आयोग के अध्यक्ष का भव्य स्वागत

**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के सवर्ण आयोग के अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री डॉ महाचंद्र प्रसाद सिंह का पटना से सिवान जाने के क्रम में तरैया में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान तरैया के प्रसिद्ध व्यवसायी सह समाज सेवी ओम प्रकाश सिंह के आवास पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अंग वस्त्र व फूल-मालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान डॉ महाचंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि मैं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद देना चाहता हूं कि मुझे बिहार प्रदेश स्वर्ण आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है, मैं पूरे बिहार प्रदेश का दौरा कर स्वर्ण सामुदाय के लोगों से मिल कर उनकी समस्याओं को सुनकर बिहार सरकार के मुख्यमंत्री के समक्ष रखूंगा और उनका अधिकार दिलाने का काम करूंगा। स्वागत के मौके पर प्रसिद्ध व्यवसायी सह समाजसेवी ओम प्रकाश सिंह, श्रीकांत सिंह, रामचन्द्र तिवारी, नीलकमल सिंह, डॉ रंजय कुमार सिंह, भाजपा नेता विजय प्रकाश सिंह, राजू सिंह, समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### रक्तदान शिविर का आयोजन

**नावकोठी (बेगूसराय)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के राजनीति प्रदीप जयमंगला पुस्तकालय में वत्स सेवा समिति के बैनर तले रक्तदान शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। इस शिविर में 17 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। रोटरी क्लब बेगूसराय के सिनियर लैबटेक्नीशियन अशोक कुमार ने कहा कि रक्तवीरों द्वारा किया गया रक्तदान संकट की घड़ी में जरूरत मंदों के काम आता है। इस रक्तदान से आपात स्थिति में किसी को जीवन दान देता है। महेशवाड़ा के बेगूसराय जिला क्रिकेटर्स रक्तवीर योद्धा के तत्वावधान में दूसरा रक्तदान शिविर है। इस रक्तवीरों के द्वारा किया गया यह पुनीत कार्य सराहनीय है। मौके पर एएनएम पूजा कुमारी, सहआयक अजय कुमार, अजीत कुमार,गुड्डू कुमार, केशव मिश्रा, नीतीश कुमार, हेमन्त कुमार संजीव कुमार, नीतीश कमल, राजू कुमार आदि ने हिस्सा लिया।

### प्रखंड की तीन पंचायतों में लगी किसान चौपाल

**नावकोठी (बेगूसराय)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के समसा, विष्णुपुर तथा रजाकपुर में रविवार को किसान चौपाल का आयोजन किया गया। मक्का अनुसंधान एवं बीज उत्पादन केन्द्र कुसमहौत के प्रधान वैज्ञानिक डा चिकप्पा जीकजर्गी ने कहा कि हमारा संकल्प विकसित कृषि है। इसके लिए किसानों को कृषि के तकनीक को अपनाना आवश्यक है। इसके लिए वैज्ञानिकों की टीम क्षेत्र भ्रमण कर किसानों का फीडबैक ले रही है। इनके स्तर पर किसानों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। अनुतरित सवालों के समाधान हेतु लगातार अनुसंधान किया जा रहा है। तकनीकी अधिकारी राहुल कुमार ने कहा कि बिहार में विश्व का सबसे ज्यादा मक्का उत्पादन किया जाता है। यहाँ के उत्पादित मक्का में स्टार्च की मात्रा अधिक होती है। इस स्टार्च का उपयोग चाकलेट, आइसक्रीम, सेंट सहित 3 हजार प्रोडक्ट में किया जाता है। बिहार के मक्का में नमी की मात्रा कम होती है जिससे इसका मांग अन्य प्रांतों में काफी होता है। अन्य प्रांतों के व्यवसायी इसे अच्छी कीमत देकर खरीद कर ले जाते हैं। बीटीएम विवेकानंद सिंह ने खरीफ मौसम 2025-26 के लिए उपलब्ध मक्का, धान, ढैंचा, अरहर आदि के बीज तथा किसानों को इसे प्राप्त करने के लिए आवेदन करने के तरीके को बताया। एफपीओ के माध्यम से किसानों को होने वाले फायदे से भी रूबरू कराया। मौके पर प्रशिक्षु बीएओ शोभित कुमार, एटीएम सोनम सिंह, किसान सलाहकार सुनील कुमार, संजय कुमार, मुखिया प्रतिनिधि अमरेश पोद्दार, पंसस रंजीत महंत, वार्ड सदस्य अजीत कुमार सहित काफी संख्या में किसानों ने हिस्सा लिया।

### साइकिल पे संडे टीम ने बच्चों को दिए पौधा

**बीहट (बेगूसराय)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रंग-उमंग कार्यशाला निपानियां में भाग ले रहे बच्चों को साइकिल पे संडे अभियान की ओर से 556 वें रविवार के उपलक्ष्य में हर हाथ को पौधा दिया गया। आकाश गंगा रंग चौपाल एसोसिएशन, बरौनी द्वारा केजीएम ड्रीम्स स्कूल निपनियां में आयोजित कार्यशाला के लगभग 140 बच्चों को साइकिल पे संडे अभियान की ओर से एक-एक पौधा भेंट कर पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ दिलाया गया। इस मौके पर अभियान के सदस्यों का स्वागत करते हुए बरौनी नगर परिषद के वार्ड पार्षद कुमार गौतम ने कहा कि आकाश गंगा रंग चौपाल एसोसिएशन आज देश भर में अमिट छाप छोड़ रही है। यह कार्यक्रम इतना खूबसूरत हो गया है कि आने वाले समय में लोगों को इसके लिए और अधिक प्रेरित करने का काम करेगा। वहीं सचिव गणेश गौरव ने कहा कि आज हमको यह फर्क है की साइकिल पे संडे अभियान लगातार अपने संकल्प को लेकर आगे बढ़ रही है। अभियान के संयोजक डा कुंदन कुमार ने कहा कि अभियान का यह सुंदर प्रयास इस रूप में है कि अब हर हाथ का पौधा मिले और हर हाथ पौधों की रखवाली करें। कहा कि केवल पौधारोपण से अभियान आगे बढ़ने वाला नहीं है बल्कि हर पौधे को हमें संरक्षित करने की जिम्मेदारी लेनी होगी। वहीं साइकिल पे संडे अभियान के सदस्य अंशु कुमार ने कहा कि साइकिल पे सन्डे अभियान आने वाली चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए लगातार लोगों को प्रेरित कर रही है। आज जरूरत है कि हम छोटे-छोटे कार्य साइकिल से ही करें। इस अवसर पर साइकिल पे सन्डे के सुजीत कुमार, शिवम कुमार, अंकित कुमार, अजीत कुमार, अक्षत कुमार, विकास कुमार सहित अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर आकाश गंगा के कलाकार नरेश कुमार, आनंद कुमार, बलिराम, संतोष, अंकित, मनीष कुमार, रवि वर्मा, रोहित वर्मा, राधे सहित अन्य के द्वारा पर्यावरण गीत गाकर पौधारोपण संरक्षण का स्वागत किया।

### खेलो बखरी चौथे सीजन का होगा आयोजन

**बखरी(बेगूसराय)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बखरी में अभाविप द्वारा लगातार चौथे साल खेल महासमर का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत कई प्रकार के खेल-कूद के आयोजन कराए जाएंगे। अभाविप के 77 वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित की जाने वाली खेलो बखरी प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर कार्यकर्ताओं की एक बैठक संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अशोक प्रियदर्शी ने की। बैठक में प्रतियोगिता के चौथे सीजन को सफल बनाने की समीक्षा की गई। इस दौरान नगर मंत्री रविंद्र कुमार ने कहा कि खेलो बखरी प्रतियोगिता खेल गतिविधियों को बढ़ाने के लिए एक अनूठा प्रयोग है। अभाविप ऐसे रचनात्मक कार्यक्रम के जरिए युवाओं को खेल से जोड़ने का कार्य करती है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए तीन ग्रुप बनाए गए है। 8 वीं से 10 वीं के छात्र ए, 11 वी ओर 12 वीं के छात्र बी और स्नातक से ऊपर से छात्रों के लिए सी ग्रुप में प्रतियोगिताएं होगी। प्रतियोगिता में सफल आने वाले प्रतिभागियों को स्थापना दिवस के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा। मौके पर नगर सहमंत्री कृष्णा पोद्दार, ललित पासवान, नीरज कुमार, विकास मेहता, पूर्व नगर मंत्री अनुराग केसरी, प्रिंस सिंह परमार, विकास सहनी, सुमित केशरी सहित दर्जनों की संख्या में अभाविप कार्यकर्ता मौजूद थे।

### टेक्सटाइल फैक्ट्री में लगी आग, लाखों की क्षति

**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी नगर पंचायत के कंचनपुर मोहल्ले में स्थित बाबा साड़ी टेक्सटाइल्स फैक्ट्री में शनिवार की मध्य रात्रि शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। इस हादसे में फैक्ट्री में रखे लाखों रुपये के कपड़े व अन्य सामान जलकर पूरी तरह बर्बाद हो गए। सूचना मिलते ही आस-पास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक फैक्ट्री का लगभग सारा सामान जल चुका था। फैक्ट्री की संचालिका बबीता देवी ने बताया कि रात में सभी लोग सो रहे थे, तभी अचानक किसी के शोर मचाने पर लोग जगे। जब तक लोग जुटे, तब तक आग फैक्ट्री के भीतर पूरी तरह फैल चुकी थी और कपड़े धू-धू कर जल रहे थे। आग इतनी तेजी से फैली कि बचाव का कोई मौका ही नहीं मिला। उन्होंने बताया कि फैक्ट्री में प्लाज़ो, पेटीकोट, लेगिंग्स और नाइटी आदि वस्त्र बड़े पैमाने पर तैयार किए जाते हैं। इस हादसे में करीब पाँच लाख रुपये की सामग्री जलकर राख हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते दमकल सेवा की व्यवस्था होती तो नुकसान कम हो सकता था। ग्रामीणों की तत्परता से आग पर काबू तो पाया गया, लेकिन फैक्ट्री पूरी तरह खाक हो चुकी थी। फिलहाल, घटना की जानकारी स्थानीय प्रशासन को दे दी गई है और मुआवजे की मांग की जा रही है।

# 66 के शेयर वाली एनर्जी कंपनी में होने वाली है बड़ी डील

## प्रमोटर बेचेंगे 20 करोड़ शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एनर्जी सेक्टर की कंपनी-सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड के प्रमोटर ब्लॉक डील के जरिए 20 करोड़ शेयर बेच सकते हैं। इस डील के जरिए कंपनी लगभग 1,300 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। यह डील शेयर के मौजूदा बाजार मूल्य से 2% तक की छूट पर पूरी होने की उम्मीद है।

**शेयर का परफॉर्मेंस-** सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड के शेयर की बात करें तो यह बीएसई इंडेक्स पर 66.74 रुपये का है। बीते शुक्रवार को शेयर लाल निशान पर बंद हुआ था। 7 अप्रैल को शेयर की कीमत 46 रुपये और पिछले साल सितंबर महीने में 86.04 रुपये




थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो और हाई है। पिछले दो साल में इस शेयर ने निवेशकों को मल्टीबैगर रिटर्न दिया है।

**83 रुपये है टारगेट प्राइस-** सुजलॉन के शेयर के लिए टारगेट प्राइस 83 रुपये तय किया गया है। घरेलू ब्रोकरेज मोतीलाल ओसवाल ने 83 रुपये के साथ सुजलॉन एनर्जी पर खरीदें रेटिंग दोहराई है।

**कैसे रहे तिमाही नतीजे-** बीते वित्त वर्ष की चौथी जनवरी-मार्च तिमाही में सुजलॉन एनर्जी का मुनाफा पांच गुना से अधिक होकर 1,181 करोड़ रुपये रहा है। मुख्य रूप से आय बढ़ने के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की इसी तिमाही में कंपनी ने 254 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। सुजलॉन एनर्जी की कुल आय मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही में बढ़कर 3,825.19 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 2,207.43 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का मुनाफा बढ़कर 2,072 करोड़ रुपये रहा जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 660 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष में कुल आय बढ़कर 10,993.13 करोड़ रुपये रही जो इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में 6,567.51 करोड़ रुपये थी।

# इंफोसिस को 32403 करोड़ रुपये के जीएसटी मामले में बड़ी राहत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की दूसरी बड़ी आईटी कंपनी इंफोसिस को 32,403 करोड़ की जीएसटी मामले में बड़ी राहत मिली है। जीएसटी इंटेलिजेंस के महानिदेशक (डीजीजीआई) ने वित्तीय वर्ष 2018 से 2022 तक के लिए इंफोसिस के खिलाफ कारण बताओ नोटिस की कार्यवाही बंद कर दी है। कंपनी ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी।




कंपनी ने कहा कि यह मामला बंद हो गया है।

**क्या था इंफोसिस से जुड़ा मामला? -** पिछले साल जुलाई में जीएसटी अधिकारियों ने कंपनी को 32,403 करोड़ रुपये का नोटिस भेजा था। आरोप था कि कंपनी ने अपनी विदेशी शाखाओं से से प्राप्त सेवाओं पर रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म के तहत इंटीग्रेटेड जीएसटी (आईजीएसटी) का भुगतान नहीं किया। जीएसटी के तहत रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म एक ऐसा सिस्टम है।

# अडानी को इस साल मिली 10 करोड़ रुपये से ज्यादा सैलरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के दूसरे सबसे अमीर और अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी को वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 10.41 करोड़ रुपये की सैलरी मिली है। यह रकम उनके उद्योग के कई साथियों और उनकी कंपनी के बड़े अधिकारियों से भी कम है। अडानी ग्रुप की 9 कंपनियां शेयर मार्केट में लिस्ट हैं। इनमें से मात्र दो कंपनियों से ही उन्होंने सैलरी ली है। यह जानकारी ग्रुप की कंपनियों की सालाना रिपोर्ट से मिली है। उनकी कुल सैलरी पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 के 9.26 करोड़ रुपये से 12% ज्यादा है। वहीं सबसे अमीर भारतीय मुकेश अंबानी ने कोविड-19 के बाद से अपनी पूरी सैलरी छोड़ दी है। इससे पहले उन्होंने अपनी सैलरी को 15 करोड़ रुपये तक सीमित कर दिया था।

**इन दो कंपनियों से लिया वेतन-** अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड से उन्हें 2024-25 में 2.26 करोड़ रुपये सैलरी और 28 लाख रुपये भत्ते के तौर पर मिले। एइएल से उनकी कुल कमाई 2.54 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वित्तीय वर्ष में 2.46 करोड़ रुपये थी। इसके अलावा, उन्हें अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन से 7.87 करोड़ रुपये मिले। इसमें 1.8 करोड़ रुपये सैलरी और 6.07 करोड़ रुपये कमीशन शामिल है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में उन्हें एपीएसईजेड से 6.8 करोड़ रुपये मिले थे।



**अडानी से ज्यादा इनकी सैलरी-** अडानी की सैलरी टेलीकॉम के बड़े कारोबारी सुनील भारती मित्तल (32.27 करोड़ रुपये 2023-24 में), राजीव बजाज (53.75 करोड़ रुपये एफवाय24 में), पवन मुंजाल (109 करोड़ रुपये एफवाय24 में), एलएंडटी के चेयरमैन एस एन सुब्रमण्यन (76.25 करोड़ रुपये एफवाय25 में) और इंफोसिस के सीईओ सलिल एस पारेख (80.62 करोड़ रुपये एफवाय25 में) से बहुत कम है। दूसरे प्रमोटरों की तरह अडानी भी ग्रुप की कंपनियों से मिलने वाले डिविडेंड से कमाई करते हैं। डिविडेंड यानी कंपनी के मुनाफे का वह हिस्सा जो शेयरधारकों को दिया जाता है।

**ग्रुप कंपनियों के सीईओ से भी कम वेतन-** अडानी की सैलरी उनकी ग्रुप कंपनियों के कुछ सीईओ से भी कम है। एईएल के सीईओ विनय प्रकाश को 69.34 करोड़ रुपये मिले। प्रकाश की सैलरी में 4 करोड़ रुपये सैलरी और 65.34 करोड़ रुपये भत्ते और वेरिएबल इंसेंटिव शामिल थे। यह इंसेंटिव उन्हें कंपनी के माइनिंग सर्विसेज और इंटीग्रेटेड रिसोर्सेज मैनेजमेंट बिजनेस में शानदार प्रदर्शन के लिए मिला था। रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर विनीत एस जैन को 11.23 करोड़ रुपये मिले, जबकि ग्रुप के सीएफओ जुगेशिंदर सिंह ने एफवाय25 में 10.4 करोड़ रुपये कमाए।

# धूप, पानी और प्यार... जिसे दुनिया कहती थी बेकार

## उस रेगिस्तानी गुलाब से खड़ा कर दिया लाखों का कारोबार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया में कुछ भी चीज बेकार नहीं होती। जरूरत है तो बस उस चीज की अहमियत पता करने की। ठीक उसी प्रकार, जैसे चेन्नई के जलंधर ने किया। जलंधर ने रेगिस्तानी गुलाब को बेचकर लाखों रुपये का कारोबार खड़ा कर लिया है। यह तब है जब उनसे लोगों ने कहा था कि रेगिस्तानी गुलाब किसी काम का नहीं है। यह बेकार है। लेकिन उन्होंने लोगों को गलत साबित कर दिया। जलंधर ने तमिलनाडु के एक छोटे से गांव से रेगिस्तानी गुलाब का कारोबार शुरू किया। इसके पौधे को ज्यादा देखभाल की जरूरत नहीं होती। इसे बस धूप, पानी और प्यार चाहिए। सालों की मेहनत के बाद उनका फार्म अब दुनिया भर में फूल भेजता है। इससे उन्हें हर साल लाखों रुपये की कमाई होती है।



**नजरिए ने बदला नजारा-** जब जलंधर ने पहली बार रेगिस्तानी गुलाब को देखा, तो उन्हें इसमें कुछ खास दिखा। उन्हें इस पौधे में संभावना, सुंदरता और उम्मीद दिखी। दूसरों ने इसे बहुत खास, बहुत नाजुक या एक कमजोर बिजनेस आइडिया बताया। लेकिन उन्हें इसमें सुंदरता और एक मुनाफेदार भविष्य दिखा। दशकों बाद, उनकी वह सोच एक सफल बिजनेस में बदल गई। जलंधर तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले के एक छोटे से गांव ईसनम कुप्पम में रहते हैं। वे 40 सालों से पौधे उगा रहे हैं। लेकिन जब उन्होंने एडेनियम ओबेसम (रेगिस्तानी गुलाब) को देखा तो उनकी किस्मत बदल गई। उन्होंने 1986 में रेगिस्तानी गुलाब का सफर शुरू किया। उन्होंने पहले मुंबई से पौधे इकट्ठा किए। फिर वे ग्राफ्टिंग और हाइब्रिडाइजेशन के बारे में जानने के लिए थाईलैंड, ताइवान और वियतनाम गए। यह एक बड़ा कदम था, जो उन्हें उनकी साधारण शुरुआत से बहुत आगे ले गया। ग्राफ्टिंग एक तकनीक है जिसमें दो पौधों को एक साथ जोड़ा जाता है ताकि वे एक ही पौधे के रूप में बढ़ें।

**आज 450 से ज्यादा किस्म-** आज उनके 15 एकड़ के फार्म में रेगिस्तानी गुलाब की 450 से ज्यादा किस्में हैं। हर एक में तीन अलग-अलग तरह के फूल खिल सकते हैं। इनके रंग भी बहुत सुंदर होते हैं। कुछ छोटे पौधों की कीमत 150 रुपये है। लेकिन कुछ पौधों की जड़ें मोटी और सुंदर होती हैं। इनकी कीमत 12 लाख रुपये तक होती है।

# जुलाई 2025 से बदल जाएंगे जीएसटी के नियम, तीन साल बाद नहीं भर सकेंगे रिटर्न

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अब तीन साल की समय-सीमा समाप्त होने के बाद मासिक और वार्षिक जीएसटी रिटर्न दाखिल नहीं किया जा सकेगा। गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स नेटवर्क (जीएसटीएन) ने शनिवार को कहा कि जुलाई 2025 की टैक्स अवधि से यह लागू हो जाएगा। इसका मतलब है कि करदाता जुलाई 2025 की टैक्स अवधि के लिए अगस्त 2025 में मासिक रिटर्न दाखिल करेंगे। यह इस नई व्यवस्था के अंतर्गत




आएगा। जीएसटीएन ने बताया कि करदाता रिटर्न दाखिल करने की निर्धारित तिथि से तीन साल की अवधि के बाद जीएसटीआर-1, जीएसटीआर 3बी, जीएसटीआर-4, जीएसटीआर-5, जीएसटीआर-5ए, जीएसटीआर-6, जीएसटीआर 7, जीएसटीआर 8 और जीएसटीआर 9 जैसे रिटर्न दाखिल नहीं कर पाएंगे।

**वित्त अधिनियम 2023 के तहत हुआ संसोधन -** समय सीमा में यह संशोधन माल और सेवा कर (जीएसटी) वित्त अधिनियम, 2023 के तहत लागू किए जा रहे हैं। इसके अनुसार, बाहरी आपूर्ति रिटर्न, देयता भुगतान से संबंधित रिटर्न, वार्षिक रिटर्न और स्रोत पर जमा किए गए कर से जुड़े रिटर्न अब समय सीमा समाप्त होने पर दाखिल नहीं किए जाएंगे। यह प्रतिबंध जुलाई 2025 की कर अवधि से जीएसटी पोर्टल पर लागू किया जाएगा।

### इस बदलाव से अनुशासन आएगा- रजत मोहन

एएमआरजी एंड एसोसिएट्स के वरिष्ठ सदस्य रजत मोहन ने कहा कि यह कदम अनुशासन को बढ़ाता है और लंबे समय नियम न मानने वालों पर रोक लगाएगा। साथ ही, उन्होंने कहा कि यह उन करदाताओं के लिए समस्या खड़ी कर सकता है, जो मुकदमेबाजी, सिस्टम के मुद्दों या वास्तविक निरीक्षण के कारण उनकी फाइल अभी भी पेंडिंग। मोहन ने कहा ऐसे असाधारण मामलों को अलग से संभालने का कोई तरीका नहीं होने से उन्हें इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) हमेशा के लिए नहीं मिल पाएगा और वित्तीय नुकसान उठाना पड़ सकता है।

## हर 1 पर 7 शेयर बोनस देने का ऐलान, डिविडेंड भी देगी कंपनी, रिकॉर्ड डेट तय

**नई दिल्ली।** टैक्सटाइल सेक्टर की कंपनी शाइन फैशन (इंडिया) के शेयर आने वाले दिनों में लगातार फोकस में रह सकते हैं। दरअसल, कंपनी ने अपने शेयरहोल्डर्स के लिए बोनस शेयर और डिविडेंड का ऐलान किया है। कंपनी के शेयर बीते शुक्रवार को 3% से अधिक चढ़कर 378 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। कंपनी ने 6 जून को 7:1 के रेशियो में बोनस शेयर देने का ऐलान किया है और इसके लिए रिकॉर्ड डेट की घोषणा की है। रिकॉर्ड डेट 4 जुलाई 2025 तय की गई है। इसका मतलब है कि अगर आपके पास रिकॉर्ड डेट तक कंपनी के 1 शेयर हैं तो आपको 7 शेयर अतिरिक्त मिलेंगे।

डिविडेंड भी दे रही है कंपनी- शाइन फेशन (इंडिया) अपने निवेशकों के लिए डिविडेंड का भी ऐलान किया है। कंपनी ने हर शेयर पर 0.125 रुपये का डिविडेंड देने का ऐलान किया है। इसके लिए भी रिकॉर्ड डेट 4 जुलाई तय की है। बता दें कि कंपनी के शेयर पिछले पांच दिन में म्यूट रिटर्न दिया है। महीनेभर में यह शेयर 10% और सालभर में यह शेयर 110% तक चढ़ गया। सालभर पहले यह शेयर 180 रुपये के भाव पर था।

### बोनस शेयर क्या हैं?

बोनस शेयर किसी कंपनी द्वारा अपने मौजूदा शेयरधारकों को बिना किसी कीमत के दिए गए अतिरिक्त शेयर होते हैं, जो उनकी मौजूदा होल्डिंग के रेशियो में होते हैं। रिकॉर्ड तिथि पर कंपनी के शेयरों के मालिक शेयरधारक बोनस शेयर प्राप्त करने के पात्र हैं। इस संदर्भ में, दो महत्वपूर्ण तिथियां हैं जिनके बारे में आपको पता होना चाहिए - रिकॉर्ड तिथि और एक्स-डेट।

## 13 लाख करोड़ गंवा एक दिन में

# सर्वाधिक घाटा झेलने वाली कंपनियों में शामिल हुई टेस्ला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मार्केट कैप में 13 लाख करोड़ रुपये गंवाकर एलन मस्क की कंपनी टेस्ला अमेरिकी बाजार में एक दिन में सबसे ज्यादा नुकसान वाली टॉप पांच कंपनियों में शामिल हो गई है। कंपनी ने 2025 में अपने बाजार मूल्य का करीब 29 फीसदी से अधिक गंवा दिया है। भारतीय रुपयों में इसकी गणना करें तो यह राशि करीब 32 लाख करोड़ रुपये के आसपास होगी। राष्ट्रपति ट्रंप और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क के बीच बढ़ते विवाद के बाद गुरुवार को टेस्ला के मार्केट कैप में करीब 152.4 बिलियन डॉलर (12,92,000 करोड़ रुपये) की गिरावट आई। डॉव जोन्स के मार्केट डेटा के अनुसार रिकॉर्ड पर यह एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट है। टेस्ला ने पिछले पांच सत्रों में बाजार मूल्य में लगभग 237.2 अरब डॉलर गंवा दिए हैं। 2 जनवरी के बाद से कंपनी के शेयरों में यह पांच दिनों की सबसे खराब गिरावट है। गुरुवार के सत्र के दौरान 276 मिलियन से अधिक टेस्ला शेयरों की खरीदारी-बिकवाली हुई जो जनवरी 2023 के बाद से सबसे




अधिक है। टेस्ला वर्ष 2025 में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाला लार्जकैप स्टॉक भी बन गया है। टेस्ला के शेयरों में गिरावट से जनवरी से अब तक, एलन मस्क को करीब 380 अरब डॉलर (करीब 32 लाख करोड़ रुपये) का नुकसान उठाना पड़ा है। टेस्ला का बाजार पूंजीकरण 2025 में अब तक 29.3 प्रतिशत गिरकर 917 बिलियन डॉलर रह गया है। यह दुनिया की बड़ी कम्पनियों में एक दिन की पांचवीं सबसे बड़ी गिरावट है।

- **आइए जानें एक दिन की पांच सबसे बड़ी गिरावट के बारे में-** अमेरिकी शेयर बाजार में अब तक की सबसे बड़ी गिरावट की बात करें तो टॉप पर मार्क जुकरबर्ग की कंपनी मेटा का नाम है। कंपनी के शेयरों में 03 फरवरी 2022 के दिन 232 अरब डॉलर की गिरावट दर्ज की गई थी।

रुपयों में इसकी गणना करें तो यह राशि करीब 19 लाख 72 हजार करोड़ रुपये के आसपास होगी। एक दिन में सबसे बड़ी गिरावट का दंश झेलनी वाली कंपनियों में दूसरे नंबर में कभी दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी रही एपल का नाम है। 3 सितंबर 2020 को कंपनी के शेयरों में गिरावट के कारण इसका मार्केट कैप एक ही दिन में करीब 182 अरब डॉलर कम हो गया।

यह राशि भारतीय रुपय में 15 लाख 47 हजार करोड़ रुपये है। एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट के मामले में तीसरे नंबर पर माइक्रोसॉफ्ट और चौथे नंबर पर एपल का नाम है।

### मस्क-ट्रंप के बीच तनातनी से टेस्ला के शेयरों के बारे में बढ़ी अनिश्चितता

टेस्ला के शेयरों में हालिया गिरावट के कारण इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग में नरमी, सीईओ एलन मस्क की राजनीतिक पारी व उससे जुड़े विवाद और अब सीधे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनका सार्वजनिक मंच पर झगड़ा रहे हैं। टेस्ला के शेयरों में गुरुवार को भारी गिरावट उस समय आई, जब ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर एलन मस्क की कंपनियों के साथ सरकारी अनुबंधों को समाप्त करने की धमकी दी। इसके बाद मस्क ने अपने एक्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर वाले कर और व्यय विधेयक की तीखी आलोचना की।

# वाणिज्य मंत्रालय ने बताया, चीन में दुर्लभ धातुओं के निर्यात आवेदनों को मंजूरी, देशों का खुलासा नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन ने दुर्लभ पृथ्वी धातुओं के लिए कुछ निर्यात लाइसेंस आवेदनों को मंजूरी दे दी है। इन धातुओं का इस्तेमाल ऑटोमोबाइल, सेमीकंडक्टर, मोबाइल फोन और कई अन्य इलेक्ट्रानिक उद्योगों के निर्माण में किए जाते हैं। चीनी वाणिज्य मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि रोबोटिक्स और इलेक्ट्रिक वाहनों जैसे उद्योगों के लिए दुर्लभ पृथ्वी तत्वों (रेअर अर्थ मटेरियल) की बढ़ती वैश्विक मांग को देखते हुए यह मंजूरी दी गई है। हालांकि, अभी चीन की तरफ से यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि निर्यात लाइसेंस आवेदन की मंजूरी किन-किन देशों की दी गई है।



**दो महीने पहले चीन से दुर्लभ पृथ्वी धातुओं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा था-** बता दें कि चार अप्रैल को चीन ने दुर्लभ पृथ्वी धातुओं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। चीन के इस फैसले से दुनियाभर की ऑटो इंडस्ट्री में हाहाकार मच गया है। जापान में सुजुकी ने स्विफ्ट कार का प्रॉडक्शन रोक दिया है, तो भारत में भी कंपनियों के सामने मैन्युफैक्चरिंग रोकने की नौबत आ रही है।

**इन धातुओं का इस्तेमाल मिसाइल बनाने में भी किया जाता है-** विशेषज्ञों के अनुसार चीन ने यह फैसला अमेरिकी की ओर से लगाए गए टैरिफ के बाद लिया था। हालांकि, चीन का कहना है कि इन धातुओं का इस्तेमाल मिसाइल बनाने में भी किया जाता है इसलिए वह इसके निर्यात पर प्रतिबंध लगा रहा है।

# विजय माल्या आज भी जीते हैं आलीशान जिंदगी!

## 14000 करोड़ की वसूली के बाद भी लैविश है लाइफस्टाइल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 17 भारतीय बैंकों का अरबों डॉलर लेकर लंदन भागे कारोबारी विजय माल्या ने 9 साल बाद अपनी चुप्पी तोड़ी है। एक यूट्यूब चैनल पर चार घंटे के इंटरव्यू में उन्होंने बैंकों से लिए गए लोन, भगोड़े और चोर करार दिए जाने समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने किंगफिशर एयरलाइंस के पतन से लेकर भारत से अपने जाने तक की कहानियां साझा कीं। आइए जानते हैं विजय माल्या के पास कितनी है संपत्ति और कैसी है उनकी लाइफटास्टल-

**कितनी है माल्या की संपत्ति-** किंगफिशर एयरलाइंस के मालिक विजय माल्या, जिन्होंने कभी करोड़ों का कारोबारी साम्राज्य चलाया था। हाल के सालों में उनकी कुल संपत्ति में कमी देखी गई। 28 साल की उम्र में यूनाइटेड ब्रुअरीज ग्रुप के चेयरमैन की भूमिका निभाने के बाद, शराब के इस दिग्गज ने विमानन, पेय पदार्थ और रियल एस्टेट सहित विभिन्न क्षेत्रों में विस्तार किया। फोर्ब्स के अनुसार, 2013 में उनकी अनुमानित कुल संपत्ति लगभग 750 मिलियन डॉलर थी। इस बीच, इंडिपेंडेंट यूके के अनुसार, विजय माल्या की नवीनतम नेटवर्थ रिपोर्ट जुलाई 2022 की है, जब यह लगभग 1.2 बिलियन डॉलर होने का अनुमान लगाया गया था। इंटरव्यू में माल्या ने दावा किया कि वह भारत से भागा नहीं बल्कि उसने अरुण जेटली को लंदन की अपनी यात्रा के बारे में बताया था। हालांकि, उसका पासपोर्ट रद्द कर दिया गया, जिससे वह वहीं फंस गया। ऋण वसूली न्यायाधिकरण (डीआरटी) के अनुसार, उस पर ब्याज सहित 6,203 करोड़ रुपये बकाया हैं। फिर भी, सरकार दावा करती है कि यह 9,000 करोड़ रुपये है और उसने 14,000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति की नीलामी की है। माल्या ने इस बात पर असमंजस व्यक्त किया कि सरकार ने कौन सी संपत्तियां बेची हैं। इन बिक्री के बावजूद, उनके पास अभी भी काफी संपत्ति है और वे लंदन में एक आलीशान बंगले में रहते हैं।



**कभी करते थे 400 रुपये वेतन वाली नौकरी-** माल्या की यात्रा एक व्यवसायी परिवार से शुरू हुई, लेकिन उन्हें मात्र 400 रुपये के वेतन वाली नौकरी करके खुद को साबित करना पड़ा। अपने पिता विट्ठल माल्या के निधन के बाद उन्होंने यूनाइटेड ब्रुअरीज ग्रुप को संभाला, जो किंगफिशर बीयर के लिए जाना जाता है। मार्केटिंग में उनके प्रयासों से किंगफिशर बीयर को 52% बाजार हिस्सेदारी हासिल करने में मदद मिली। विजय माल्या कथित तौर पर न्यूयॉर्क के ट्रम्प प्लाजा, संयुक्त राज्य अमेरिका में एक पेंटहाउस के मालिक हैं, जिसे उन्होंने 2010 में 2.4 मिलियन डॉलर में खरीदा था।

इसके अलावा, इंडिया टुडे के अनुसार, उनके पास उसी बिल्डिंग में तीन लग्जरी कॉन्डो हैं। इनमें से दो लग्जरी कॉन्डो उनकी बेटी के साथ संयुक्त रूप से खरीदे गए थे। इसके अलावा, उनके पास फ्रांस में ले ग्रांडे जार्डिन एस्टेट है जो कान के पास सैंटे-मार्गुराइट द्वीप पर स्थित है।सिद्धार्थ माल्या ने पिछले साल शादी की और अपनी पत्नी के साथ लंदन में रहते हैं।



# 'स्पिरिट' के बाद 'कल्कि 2 से बाहर होंगी दीपिका?

अभिनेत्री दीपिका पादुकोण उस समय चर्चाओं में आ गईं जब वो संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट' से अलग हो गईं। इस फिल्म से दीपिका के बाहर होने की प्रमुख वजह उनके द्वारा 8 घंटे काम करने की मांग करना बताया गया। जिसके बाद इंडस्ट्री में आठ घंटों की शिफ्ट को लेकर एक बहस छिड़ गई। कई लोगों ने दीपिका की इस मांग का समर्थन भी किया। लेकिन ऐसा लगता है कि दीपिका को उनकी ये डिमांड महंगी साबित पड़ रही है। क्योंकि 'स्पिरिट' से बाहर होने के बाद अब उनके हाथ से एक और बड़ी फिल्म फिसल सकती है।

## 'कल्कि 2' से भी बाहर हो सकती हैं दीपिका

कुछ ऐसी रिपोर्ट्स सामने आ रही हैं कि दीपिका के आठ घंटे काम करने की मांग के चलते स्पिरिट के बाद अब वो 'कल्कि 2' से भी बाहर हो सकती है। बॉलीवुड डॉट मोबी की रिपोर्ट का कहना है कि मां बनने के बाद दीपिका की काम के घंटे कम करने की मांग के चलते फिल्म के सेट पर और मेकर्स से टकराव की स्थिति पैदा हो रही है। इस वजह से अब कल्कि 2 के मेकर्स दीपिका की भूमिका को कम करने या यहां तक कि हटाने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, इस बारे में अभी कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।'कल्कि 2' में दीपिका के साथ प्रभास और अमिताभ बच्चन भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। जिस 'स्पिरिट' फिल्म से दीपिका काम के घंटों को लेकर बाहर हुई हैं, उसमें भी प्रभास ही प्रमुख भूमिका में हैं। अब प्रभास के ही लीड रोल वाली 'कल्कि 2' से भी दीपिका के बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है।

## 'कल्कि 2898' एडी में दीपिका ने निभाया है सुमति का किरदार

कल्कि 2898 एडी में दीपिका पादुकोण ने 'सुम' नाम की प्रेग्नेंट महिला का किरदार निभाया है। जिसका अर्थ सुमति से है। ऐसा माना जा रहा है कि दीपिका का किरदार सुमति जिस बच्चे को जन्म देगी, वो ही आगे चलकर कल्कि अवतार बनेगा।



# मीनाक्षी चौधरी ने दो बड़ी फिल्मों से श्रीलीला को किया रिप्लेस

दक्षिण भारतीय सिनेमा में इन दिनों मीनाक्षी चौधरी का जलवा साफ दिख रहा है। 'लकी भास्कर' में दुलकर सलमान के साथ और 'द ग्रेटेस्ट ऑफ आल टाइम्स' में विजय के साथ अपने प्रभावशाली अभिनय से पहचान बना चुकी मीनाक्षी साउथ सिनेमा के निर्देशकों की पहली पसंद अरसे से रही हैं। लेकिन, बैक टू बैक दो फिल्मों में उन्हें जब से श्रीलीला की जगह कास्ट किया गया है, इस कास्टिंग कू की हलचल मुंबई तक चर्चा का विषय बन रही है।

एक समय था जब दक्षिण भारतीय फिल्म जगत में श्रीलीला का जादू सिर चढ़कर बोल रहा था, खासकर 'किस्सिक' जैसे हिट गीतों के चलते। लेकिन अब उसी स्पॉटलाइट में मीनाक्षी चौधरी की दमदार मौजूदगी नजर आ रही है। मीनाक्षी ने हाल ही में श्रीलीला को दो बड़ी फिल्मों से रिप्लेस किया है, और यह कोई संयोग नहीं बल्कि उनके बढ़ते प्रभाव का परिचायक है।

पहली फिल्म है निर्देशक कार्तिक डंडू की अगली फिल्म जिसमें मीनाक्षी को नागा चैतन्य के साथ मुख्य भूमिका में लिया गया है। बताया जा रहा है कि 'ग्रेटेस्ट ऑफ आल टाइम' में उनके शानदार अभिनय को देखकर ही निर्माता-निर्देशक उन्हें पहली पसंद मान रहे थे। आखिरकार, वही हुआ। मीनाक्षी को इस बहुप्रतीक्षित फिल्म की मुख्य अभिनेत्री के तौर पर फाइनल कर लिया गया।

दूसरी फिल्म है 'अनगनागा ओका राजू', जिसमें पहले श्रीलीला को नवीन पोलीशेट्टी के साथ कास्ट किया गया था। टीज़र रिलीज होने के बाद भी फिल्म कुछ समय के लिए ठंडे बस्ते में चली गई थी, वजह बनीं श्रीलीला की डेट्स की परेशानी। इस मौके का लाभ उठाते हुए, मीनाक्षी ने न केवल फिल्म में जगह बनाई, बल्कि नए टीजर में उनकी और नवीन की ताजगी से भरी कैमिस्ट्री ने दर्शकों का दिल जीत लिया।

सूत्रों की मानें तो तेलुगु और तमिल फिल्म जगत के साथ साथ हिंदी सिनेमा की भी 2026 में रिलीज होने वाली कई बड़ी परियोजनाओं के लिए मीनाक्षी पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है।

श्रीलीला भले इन दिनों टी सीरीज की अनाम फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ काम कर रही हों, लेकिन प्रोडक्शन से जुड़े सूत्रों की मानें तो उनकी शोहरत और उनकी काबिलियत में संतुलन बनता दिख नहीं रहा। श्रीलीला का नाम पहले फिल्म'स्पिरिट' के लिए भी चला था लेकिन तृप्ति डिमरी ने वहां बाजी मार ली।





# लियो फेम निर्देशक लोकेश के साथ आमिर की अगली फिल्म कंफर्म, अगले साल शुरू करेंगे शूटिंग

बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर आमिर खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म सितारे जमीन पर को लेकर सुर्खियों में हैं। इसी बीच उनकी अगली फिल्म को लेकर बड़ा अपडेट सामने आ रहा है। रिपोर्ट्स की मानें तो आमिर ने खुद अपनी नई फिल्म को कन्फर्म किया है। राजकुमार हिरानी की फिल्म दादासाहेब फाल्के की बायोपिक के बाद वो साल 2026 में साउथ के डायरेक्टर लोकेश कानगराज की फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। खबरों की मानें तो आमिर की ये फिल्म सुपरहीरो पर आधारित होगी। कुछ ऐसा होगा जो इससे पहले आमिर ने कभी नहीं किया। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान एक बार फिर एक बड़े प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा में हैं। इस बार उनका साथ देने जा रहे हैं साउथ इंडस्ट्री के सुपरहिट डायरेक्टर लोकेश कनागराज। ये जोड़ी पहली बार एक साथ काम करने जा रही है और फिल्म की शूटिंग 2026 के मिड में शुरू होने की पुष्टि खुद आमिर खान ने कर दी है। फिल्म जगत में इसे नॉर्थ-साउथ इंडस्ट्री का एक बड़ा कोलेबोरेशन माना जा रहा है, जहां आमिर की स्टार पावर और लोकेश की डायरेक्शन का मेल एक बड़े धमाके की ओर इशारा कर रहा है। लोकेश कनागराज को 'कैथी', 'मास्टर' और हाल ही में आई 'लियो' जैसी थ्रिलर फिल्मों के लिए जाना जाता है। वहीं आमिर खान ने 'गजनी', '3 इडियट्स', 'पीके' और 'दंगल' जैसी फिल्मों से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है।


## सुपरहीरो थीम पर होगी फिल्म की कहानी

हालांकि फिल्म की कहानी को लेकर अभी तक किसी भी तरह का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन चर्चाएं हैं कि ये एक सुपरहीरो थीम पर आधारित हो सकती है- कुछ ऐसा जो आमिर और लोकेश दोनों के करियर में पहली बार होगा। जब आमिर से फिल्म की कहानी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बस इतना ही कहा, अभी कहानी पर बात करना जल्दबाजी होगी, लेकिन मैं लोकेश के साथ काम करने को लेकर बहुत उत्साहित हूं।

## दादासाहेब फाल्के की बायोपिक में कर रहे काम

इस फिल्म से पहले आमिर खान इस साल के अंत तक राजकुमार हिरानी की फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। यह फिल्म देश के पहले फिल्म निर्माता दादासाहेब फाल्के की बायोपिक होगी। आमिर और हिरानी की जोड़ी पहले '3 इडियट्स' और 'पीके' जैसी सुपरहिट फिल्में दे चुकी है, ऐसे में इस बायोपिक से भी दर्शकों को काफी उम्मीदें हैं। सूत्रों की मानें तो हिरानी की फिल्म पूरी होते ही आमिर पूरी तरह से लोकेश के प्रोजेक्ट पर ध्यान देंगे। बताया जा रहा है कि यह फिल्म सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बड़े स्तर पर रिलीज की जाएगी।

# नेपोटिज्म पर बोले अभिनेता राणा दग्गुबाती, जो परिवार से है उसके लिए रास्ते थोड़े आसान



बाहुबली और राणा नायडू जैसी फिल्मों से लोगों के दिलों में जगह बना चुके साउथ सुपरस्टार राणा दग्गुबाती ने फिल्म इंडस्ट्री में नेपोटिज्म को लेकर अब चुप्पी तोड़ी है। इस दौरान राणा ने अपने फिल्मी बैकग्राउंड के बारे में भी बात की।

## नेपोटिज्म पर क्या बोले राणा?

राणा दग्गुबाती का मानना है कि अगर कोई शख्स फिल्मी परिवार से आता है, तो उसे इस इंडस्ट्री को समझने और मौके मिलने में थोड़ी आसानी जरूर होती है। एक इंटरव्यू में राणा ने कहा, 'किसी भी फील्ड में अगर आपका परिवार पहले से जुड़ा होता है तो आपको उस माहौल को समझने में वक्त नहीं लगता। ठीक वैसे ही जैसे अगर कोई केमिकल इंडस्ट्री या शुगर फैक्ट्री से जुड़ा है, तो वो उसके सारे प्रोसेस और बायप्रोडक्ट्स को जल्दी समझ लेता है।'

## मेरी मां फिल्म लैब में काम करती थीं

आगे बात करते हुए राणा ने कहा, 'मेरा बचपन से ही फिल्मों से गहरा रिश्ता रहा है। मेरी मां फिल्म लैब में काम करती थीं, जिससे उन्हें टेक्निकल चीजें समझने में मदद मिली और मेरे पिता सुरेश बाबू एक सफल फिल्म निर्माता हैं। इसके अलावा, मेरे अंकल वेंकटेश दग्गुबाती और कजिन नागा चैतन्य भी फिल्म इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं।' उन्होंने कहा कि परिवार की विरासत को आगे बढ़ाना एक तरह का दबाव जरूर होता है, लेकिन यही दबाव उन्हें कुछ अलग और अनोखा करने के लिए प्रेरित करता है। इसी सोच के तहत राणा ने साल 2005 में अपनी खुद की प्रोडक्शन कंपनी स्पिरिट मीडिया की शुरुआत की थी। उनका कहना है कि चाहे वो विजुअल इफेक्ट्स हो, एक्टिंग हो या फिल्म प्रोडक्शन, उन्होंने हर काम में यूनिकनेस बनाए रखने की कोशिश की है।

## राणा नायडू नेटफ्लिक्स पर होगी रिलीज

अब दर्शकों की निगाहें हैं राणा नायडू सीजन 2 पर, जो 13 जून को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने जा रहा है। इस सीरीज में राणा के साथ सुरवीन चावला, अर्जुन रामपाल और कृति खरबंदा भी नजर आएंगे।



# कॉमेडी से एक्शन तक हर रोल में छा जाना है आगे 2 बायोपिक भी हैं

**श्रेयस तलपदे अपनी नई फिल्म कंपकंपी के साथ दर्शकों को डराने और हंसाने के लिए तैयार हैं। आगे उनकी हाउसफुल 5 भी आने वाली है। इस इंटरव्यू में उन्होंने फिल्मों से जुड़ने की वजह, शूटिंग के अनुभव और आने वाले प्रोजेक्ट्स पर बात की...**

## आप कंपकंपी से कैसे जुड़े?

इसके दो मुख्य कारण थे। सबसे पहला तो संगीत सिवन सर थे, जो अब हमारे बीच नहीं रहे, वो डायरेक्टर थे। उन्होंने मुझे कहानी सुनाई और बताया कि उन्होंने एक मलयालम फिल्म रोमांचम के राइट्स लिए हैं, जिसे वे अडॉप्ट कर रहे थे। दूसरा कहानी अच्छी लगी और जो रोल मुझे बताया गया, वह भी अच्छा लगा। फाइनली मैंने इसे करने का मन बनाया।

## तुषार कपूर के साथ फिर से काम करने का अनुभव कैसा रहा?

तुषार के साथ शूट करना हमेशा ही अच्छा लगता है। वह मेरे दोस्त हैं, हम उम्र भी हैं और साथ में पहले बहुत सारा काम कर चुके हैं तो हमारे बीच काम करने का एक कंफर्ट लेवल है। इस बार दोनों के रोल बड़े अलग थे। तुषार का तो बहुत जबरदस्त रोल है। तो उसी के ऊपर चर्चा होती रहती थी कि कैसे करें, क्या करें? फरीदाबाद में ठंड बहुत थी तो एक रात को मैं और तुषार और एक वरुण नाम का बंदा था। तीनों ठंड में बिल्कुल सिकुड़ गए थे।

## फिल्म की तुलना स्त्री से हो रही है। इस पर आपका क्या कहना है?

यह तो होता ही रहता है। स्त्री का कंपैरिजन किसी और से हुआ था। अब रेफरेंस के लिए कहीं न कहीं यह चीजें तो होती ही रहेंगी। मुझे लगता है हर फिल्म की एक अपनी आइडेंटिटी होती है, डेस्टिनी होती है। स्त्री के साथ कंपैरिजन हुआ लेकिन क्या बिजनेस स्त्री 2 का जितना हुआ। क्या बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्म उस स्केल पर जाएगी?

## इमरजेंसी में आप अटल जी के रोल में दिखे। क्या आगे भी कोई बायोपिक है?

हिंदी में अभी तक तो कोई बायोपिक नहीं है। मराठी में एक-दो बायोपिक पर काम चल रहा है। साथ ही कुछ अच्छी स्क्रिप्ट स्क्रिप्ट पर भी काम चल रहा है। बाकी अटल बिहारी वाजपेयी जी के रोल के लिए लोगों का जो प्यार मिला। उसके लिए आभारी हूं। उसमें जितना रोल मिला, जितना स्क्रीन स्पेस मिली, उसे बतौर कलाकार शिद्दत से प्ले किया है।

## क्या दर्शक आपको सोलो एक्शन हीरो के रूप में भी देखेंगे?

जरूर देखेंगे। एक फिल्म है जिसका नाम है द इंडिया स्टोरी, जिसमें मैं हूं और काजल अग्रवाल हैं। वह फिल्म भी तैयार हो रही है। अगले साल तक रिलीज भी होगी। मैं हॉरर, कॉमेडी से एक्शन तक सब कुछ कर रहा, हर रोल में छा जाने को तैयार हूं।



डब्ल्यूटीसी फाइनल

## टॉम मूडी ने बताया ऑस्ट्रेलिया-दक्षिण अफ्रीका में कौन बन सकता है विजेता




**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच 11 जून से लॉर्ड्स में ऐतिहासिक डब्ल्यूटीसी के फाइनल की शुरुआत होगी। दोनों देश लॉर्ड्स में आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप को जीतने के लिए खेलेंगे। दक्षिण अफ्रीका दो दशकों में अपनी पहली आईसीसी ट्रॉफी जीतने का इरादा लेकर फाइनल में उतरने जा रही है। ऑस्ट्रेलिया ने जून 2023 में ओवल में खेले गए डब्ल्यूटीसी फाइनल के पिछले एडिशन में भारत को शिकस्त दी थी। इस बार ऑस्ट्रेलियाई खेमा गदा अपने पास ही बरकरार रखना चाहेगा। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर टॉम मूडी का मानना है कि आईसीसी इवेंट्स में ऑस्ट्रेलिया अपने खेल को एक अलग ही लेवल पर लेकर जाता है। उनका मानना है कि ऑस्ट्रेलिया वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में अपनी बढ़त बनाए रखेगा। टॉम मूडी ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, ÷ऑस्ट्रेलिया ने प्रमुख टूर्नामेंट्स में लगातार सफलता के साथ अपनी प्रतिष्ठा बनाई है। जब आईसीसी इवेंट्स की बात आती है, तो ऑस्ट्रेलिया एक टीम के रूप में अपने खेल को दूसरे लेवल पर ले जाती है। वह सच में टूर्नामेंट की चुनौतियों को स्वीकारते हैं और दबाव वाले मुकाबलों में निखरते हैं। यह आत्मविश्वास है। ऐतिहासिक रूप से उनके कई खिलाड़ियों ने कई आईसीसी टूर्नामेंट जीते हैं। वह अपनी पिछली पीढ़ियों को सफलता हासिल करते देखते बड़े हुए हैं। जीतने की मानसिकता उनमें समाई हुई है। पिछले दो सालों में प्रोटियाज ने आईसीसी इवेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। दक्षिण अफ्रीका पुरुष विश्व कप सेमीफाइनल, चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल, पुरुष टी20 विश्व कप फाइनल और अब डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचा है। मूडी का मानना ??है कि ऑस्ट्रेलिया को दक्षिण अफ्रीका की तुलना में थोड़ा ज्यादा फायदा है, क्योंकि उन्हें इस तरह के उच्च दबाव वाले हालात का ज्यादा अनुभव है।

## तय कार्यक्रम के अनुसार भारत आएंगे लियोनल मेसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने उन खबरों को खारिज कर दिया जिसमें बताया जा रहा था कि अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम ने केरल का अपना निर्धारित कर दिया है। अब्दुरहीमान ने स्पष्ट किया कि लियोनल मेसी और उनकी टीम तय कार्यक्रम के अनुसार केरल आएगी। उन्होंने बताया कि प्रायोजक ने इस आयोजन के लिए मैच फीस का भुगतान कर दिया है। अब्दुरहीमान ने कहा कि अर्जेंटीना की टीम के इस साल अक्तूबर-नवंबर में आने की अधिक संभावना है। इस दौरे के दौरान टीम को सरकारी



मेहमान की सुविधाएं मिलेंगी। सरकार उनकी सुरक्षा, आवास और अन्य सुविधाओं का खर्च भी उठाएगी। मीडिया के एक वर्ग में ऐसी खबरें थी कि अर्जेंटीना की टीम ने केरल का अपना निर्धारित दौरा रद्द कर दिया है क्योंकि प्रायोजकों ने अनुबंध के नियमों का उल्लंघन किया है। खेल मंत्री ने हालांकि राज्य में फुटबॉल के प्रशंसकों की उम्मीदों को बनाए रखने की कोशिश की है। अब्दुरहीमान और प्रायोजक दोनों ने इन रिपोर्टों को दृढ़ता से खारिज कर दिया था और दोहराया था कि विश्व चैंपियन खिलाड़ी केरल में मैत्री मैच का हिस्सा होगा। मंत्री ने फेसबुक पर एक संक्षिप्त पोस्ट लिखकर कहा कि मेसी आएंगे। इससे यह मुद्दा फिर से चर्चा में आ गया। उन्होंने इस पोस्ट में प्रायोजक को भी धन्यवाद दिया।

# कोको गॉफ ने जीता फ्रेंच ओपन

### सबालेंका को हराया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड नंबर-2 कोको गॉफ ने फ्रेंच ओपन जीत लिया है। 21 साल की अमेरिकन स्टार ने शनिवार को विमेंस सिंगल्स के फाइनल मुकाबले में दुनिया की नंबर-1 टेनिस स्टार आर्यना सबालेंका को 6-7, 6-2, 6-4 से हराया। दो घंटा 38 मिनट चले मुकाबले में सबालेंका ने पहला सेट 7-6 से जीत लिया था। गॉफ ने करियर का दूसरा ग्रैंड स्लैम जीता है। वे 2023 में यूएस ओपन चैंपियन बनी थी। इस टूर्नामेंट में 10 साल बाद अमेरिका की खिलाड़ी चैंपियन बनी हैं। गॉफ से पहले यहां सेरेना विलियम्स 2015 में चैंपियन बनी थी। पेरिस के फिलिप-चेट्रीर कोर्ट में गॉफ ने पहला सेट 7-6 से गंवाया। फिर अगले दो सेट 6-2, 6-4 से जीतते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। पुरुष वर्ग में सर्बिया के नोवाक जोकोविच सेमीफाइनल मैच हार गए। हार के बाद जोकोविच ने कहा- शायद यह मेरा आखिरी मैच था। मुझे नहीं पता, इसलिए मैं आखिर में थोड़ा अधिक भावुक हूं। अगर यह फ्रेंच ओपन में मेरे करियर का आखिरी मैच था तो दर्शकों ने जिस तरह से मेरा समर्थन किया उसे देखते हुए यह अद्भुत था। जोकोविच अगले साल फ्रेंच ओपन तक 39 वर्ष के हो जाएंगे।

## नीदरलैंड के खिलाफ वापसी करने के लिए उतरेगी भारतीय पुरुष हॉकी टीम

**एम्सटलवीन, एजेंसी।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में नीदरलैंड के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मैच में पहले मैच में मिली हार से उबरकर जीत दर्ज करने की कोशिश करेगी। भारत ने शनिवार को पहले मैच में एक गोल की बढ़त गंवा दी और उसे ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम ने पहले हाफ के शुरू में अच्छा प्रदर्शन किया और कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिला दी। नीदरलैंड ने हालांकि शानदार वापसी की तथा थिज वान डैम के दो गोल की मदद से जीत हासिल की। डैम के गोल में 58वें मिनट में किया गया विजयी गोल भी शामिल था। प्रतियोगिता में अभी सात मैच और खेले जाने बाकी हैं और भारत फिलहाल 15 अंकों के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने मैच के बाद कहा, 'हमने पहले हाफ में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन तीसरा क्वार्टर उतना अच्छा नहीं रहा।





## रिंकू सिंह ने सांसद प्रिया सरोज से की सगाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह ने रविवार 8 जून को लखनऊ में समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज से सगाई कर ली। उनकी शादी इस साल 18 नवंबर को होने वाली है। प्रिया के पिता तूफानी सरोज ने कहा कि सगाई समारोह एक निजी कार्यक्रम था, जिसमें करीबी परिवार के सदस्य, दोस्त और रिश्तेदार शामिल हुए थे। 27 वर्षीय रिंकू ने पिछले कुछ सालों में भारत के लिए 2 वनडे और 33 टी20 मैच खेले हैं और वह आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स की एक महत्वपूर्ण सदस्य हैं। 26 वर्षीय प्रिया जौनपुर के मछलीशहर निर्वाचन क्षेत्र से पहली बार सांसद बनी हैं। दुल्हन के पिता ने कहा, रिंकू और प्रिया एक-दूसरे को काफी समय से जानते हैं। उनकी मुलाकात प्रिया के दोस्त के पिता के जरिए हुई, जो खुद एक क्रिकेटर हैं। दोनों परिवारों के आशीर्वाद से उन्होंने शादी करने का फैसला किया।

## इंग्लैंड की दिग्गज क्रिकेटर ने अचानक छोड़ा क्रिकेट, वर्ल्ड कप से ठीक पहले लिया चौंकाने वाला फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला टीम के खिलाफ घरेलू सीरीज से ठीक पहले इंग्लैंड की स्टार स्पिनर ने क्रिकेट से ब्रेक ले लिया है. महिला प्रीमियर लीग 2025 में यूपी वारियर्स की ओर से खेलने वाली ये खिलाड़ी कब तक ब्रेक पर रहेंगी, इसका खुलासा नहीं हो पाया है, लेकिन इसी साल सितंबर में होने वाली महिला वनडे वर्ल्ड कप से पहले उनका ब्रेक पर जाना इंग्लैंड के लिए बड़ा झटका है. ये खिलाड़ी इंग्लैंड की ओर से क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में खेलती हैं और वो 177 मैचों में 297 विकेट चटका चुकी हैं. उनके न खेलने की वजह से इंग्लैंड की गेंदबाजी कमजोर दिखाई दे रही है. इसके अलावा इंग्लैंड को इसी महीने से भारत से टी20 और वनडे सीरीज खेलनी है. 6 साल की सोफी एक्लेस्टनने क्रिकेट से ब्रेक लेने का फैसला क्यों किया है? इस मामले से इंग्लैंड के हेड कोच छार्लेट एडवर्ड्स ने पर्दा उठाया है. रिपोर्ट्स के मुताबिक एडवर्ड्स ने बताया कि सोफी फिलहाल क्वाड्स यानी की जांघ की मसल की चोट से जूझ रही हैं. इसकी वजह से उन्होंने क्रिकेट से ब्रेक लेने का फैसला किया है. वनडे की नंबर-एक इस



गेंदबाज को वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के दौरान भी ब्रेक पर रखा गया गया था. उस दौरान सोफी घुटने की चोट से रिकवरी कर रही थीं.

रिपोर्ट्स के मुताबिक इंग्लैड के कोच ने बताया कि सोफी पिछले कुछ समय से चोट से परेशान हैं. इसी वजह से उन्होंने क्रिकेट से ब्रेक लिया है. वो कितने समय तक ब्रेक पर रहेंगी इसका खुलासा नहीं हो पाया है. लेकिन पूरी टीम उनके फैसले के साथ है. एडवर्ड्स ने कहा कि हम चाहते हैं कि वो भारत के खिलाफ होने वाली सीरीज से पहले फिट हो जाएं, लेकिन इसका फैसला सोफी ही लेंगी.

## 20 करोड़ मिलते ही श्रेयस अय्यर वॉशरूम में भागे, प्रीति जिंटा के सामने किया गजब खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी** पंजाब किंग्स को 2014 के बाद पहली बार आईपीएल के फाइनल पहुंचाने वाले कप्तान श्रेयस अय्यर ने एक बड़ा खुलासा करके सबको चौंका दिया है. उन्होंने पंजाब की को-ओनर प्रीति जिंटा के सामने इस बात का खुलासा किया कि इस सीजन की नीलामी के दौरान जब उन्हें 20 करोड़ रुपये से ऊपर रकम मिलने की जानकारी मिली तो वो सीधे वॉशरूम की ओर भाग गए थे. श्रेयस अय्यर को इस सीजन में पंजाब किंग्स ने 26.75 करोड़ रुपये में खरीदा था. श्रेयस ने आईपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन किया और टीम को खिताबी मुकाबले तक ले गए, जहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगुलरु ने पंजाब को 6 रन से हराकर पहली बार आईपीएल ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया था. पिछले सीजन में श्रेयस अय्यर की कप्तानी में कोलकाता नाइट राइडर्स ने खिताब जीता था. इसके बावजूद केकेआर ने उन्हें रिलीज कर दिया था. आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में वो 2 करोड़ रुपये की बेस प्राइस पर उतरे थे, लेकिन पंजाब किंग्स ने उन्हें 26.75 करोड़ रुपये में अपनी टीम में शामिल कर लिया था. वो ऋषभ पंत




के बाद ढ्ढक्क के दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी हैं. श्रेयस अय्यर ने प्रीति जिंटा को दिए एक इंटरव्यू में कहा, आईपीएल 2025 के मेगा नीलामी के दौरान जब मेरी बोली 20 करोड़ के पार पहुंची तो मुझे घबराहट होने लगी और मैं वॉशरूम में चला गया था. श्रेयस अय्यर को अपनी टीम में शामिल करने के लिए दिल्ली कैपिटल्स (ष्ठष्ट) और पंजाब किंग्स में होड़ लगी हुई थी. शुरू में इसमें कोलकाता नाइट राइडर्स भी शामिल हुआ था, लेकिन 10 करोड़ की बोली लगाने के बाद वो पीछे हट गया, पर पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स में बोली जारी रही. दिल्ली कैपिटल्स ने 26.50 करोड़ रुपये तक बोली लगाई, लेकिन अंत में पंजाब किंग्स ने 26.75 करोड़ रुपये की बोली लगाकर बाजी मार ली और श्रेयस अय्यर को अपनी टीम में शामिल कर लिया.

### आईपीएल में किया शानदार प्रदर्शन

पंजाब के कप्तान बनने के बाद श्रेयस अय्यर टीम को एक नई ऊंचाई तक ले गए. उन्होंने टीम को फाइनल तक पहुंचाया. हालांकि फाइनल में पंजाब भले ही हार गई, लेकिन उसने इस सीजन में शानदार प्रदर्शन करके सभी आलोचकों का मुंह बंद कर दिया. इसके अलावा श्रेयस अय्यर ने बल्ले से भी शानदार प्रदर्शन किया. उन्होंने इस सीजन में 16 मैचों में 50.33 की औसत से 604 रन बनाए हैं. इसमें 6 अर्धशतक शामिल हैं.

# आईपीएल तो खत्म हो गया... अब मैदान पर कब दिखेंगे विराट कोहली?

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को 6 रनों से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग 2025 अपने नाम कर लिया था. रजत पाटीदार की अगुवाई में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु जहां पहली बार आईपीएल चैम्पियन बनी, वहीं श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली पंजाब किंग्स की पहली खिताबी जीत का इंतजार कायम रहा. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत में पूर्व कप्तान विराट कोहली की अहम भूमिका रही थी, जिन्होंने 15 मैचों में 54.75 की औसत से 657 रन बनाए.

आईपीएल 2025 की समाप्ति के बाद भारतीय फैन्स की निगाहें टीम इंडिया के इंग्लैंड दौरे पर रहने वाली हैं. इंग्लैंड दौरे पर भारत को मेजबान टीम के खिलाफ 20 जून से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है. इस



टेस्ट सीरीज का पार्ट विराट कोहली नहीं रहने वाले हैं क्योंकि उन्होंने पिछले महीने (12 मई) टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया था. कोहली टी20 इंटरनेशनल से पहले ही संन्यास ले चुके थे, ऐसे में वो अब केवल वनडे इंटरनेशनल में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते नजर आने वाले हैं. यानी विराट कोहली अब अगस्त के महीने में मैदान पर दिखाई दे सकते हैं. बता दें कि भारतीय टीम का इंग्लैंड दौरा 4 अगस्त को समाप्त होना है. फिर भारतीय टीम को बांग्लादेश दौरे पर जाना है, जहां उसे तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलने हैं. इस बात की पूरी संभावना है कि बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज में विराट कोहली खेलेंगे. कोहली के अलावा रोहित शर्मा भी उस वनडे सीरीज का पार्ट रहेंगे और टीम की कप्तानी भी करेंगे. भारत और बांग्लादेश के बीच वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 17 अगस्त को होगा. यानी कोहली उस मुकाबले के जरिए एक्शन में दिखेंगे. फिर 20 अगस्त और 23 अगस्त को बाकी के दो वनडे मुकाबले होंगे. इसके बाद 26 अगस्त, 29 अगस्त और 31 अगस्त को टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले जाएंगे. भारत-बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय सीरीज दोनों दक्षिण एशियाई पड़ोसियों के बीच बढ़ती क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता को और मजबूत करेगी.

विराट कोहली टी20 और टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट बाद अपना पूरा फोकस वनडे क्रिकेट पर लगाने जा रहे हैं. कहा जा रहा है कोहली का अंतिम लक्ष्य वनडे वर्ल्ड कप 2027 है, जहां वो खिताबी जीत के साथ इंटरनेशनल क्रिकेट से विदाई लेना चाहेंगे. 2027 का ओडीआई वर्ल्ड कप साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में अक्टूबर-नवंबर के महीने होना है. यानी उस वर्ल्ड कप में अब भी दो साल से ज्यादा का समय बचा हुआ है. भारतीय टीम को वर्ल्ड कप 2027 की तैयारी के लिए कम से कम 27 वनडे मुकाबले मिलने जा रहे हैं. यानी विराट कोहली के पास वर्ल्ड कप की तैयारियों के लिए ये एक बड़ा प्लेटफॉर्म होगा. मौजूदा शेड्यूल के मुताबिक ओडीआई वर्ल्ड कप 2027 से पहले भारतीय टीम आठ अलग-अलग देशों के खिलाफ वनडे सीरीज खेलेगी. इस दौरान न्यूजीलैंड एकमात्र ऐसी टीम रहेगी, जिसके खिलाफ टीम इंडिया दो बार वनडे सीरीज खेलने उतरेगी.

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध बांग्लादेशियों पर दिल्ली पुलिस का बड़ा ऐक्शन, एक जगह पकड़े गए 66 आप्रवासी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने राजधानी में अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ बड़ा ऐक्शन लिया है। पुलिस ने शहर में कई वर्षों से अवैध रूप से रह रहे 66 बांग्लादेशी नागरिकों को शनिवार रात को हिरासत में लिया। इस घटना की जानकारी देते हुए एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि उत्तर-पश्चिम दिल्ली में बिना वैध दस्तावेजों के रह रहे इन लोगों को बांग्लादेश भेजने की तैयारी है। इसके लिए दिल्ली पुलिस ने प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। पिछले कई महीनों से दिल्ली में अवैध बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से ज्यादातर अवैध बांग्लादेशियों को वापस बांग्लादेश वापस भी भेज दिया गया है। इस मामले की जानकारी देते हुए दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इन विदेशी नागरिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और पहचान सत्यापन की प्रक्रिया विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय के साथ में शुरू कर दी गई है। इन सभी लोगों ने अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया था और वे वीजा और आप्रवासन नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। अधिकारी ने कहा कि एफआरआरओ इन सभी के निर्वासन से पहले कानूनी और दस्तावेज संबंधी औपचारिकताएं पूरी कर रहा है। सभी को नियमानुसार बांग्लादेश भेजा जाएगा। इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। देश में रह रहे अवैध बांग्लादेशियों पर लगातार ऐक्शन जारी है। पिछले कुछ महीनों में दिल्ली में सैकड़ों की संख्या में अवैध बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें कई ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जो सदियों से दिल्ली में रह रहे थे। हालांकि, इन लोगों के पास भारत की नागरिकता नहीं थी और इनके पास वैध वीजा भी नहीं है। ऐसे में भारत सरकार इन सभी अवैध बांग्लादेशियों को उनके देश वापस भेजने की तैयारी कर रहा है। इसकी प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। पिछले दिनों गिरफ्तार किए गए कई बांग्लादेशियों को सरकार ने वापस भेज भी दिया है।

### अरावली के जंगलों को आग से बचाएगा एआई, धुंआ उठते ही तुरंत पहुंचेगा वन विभाग को मैसेज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अरावली के जंगलों को आग की घटनाओं से बचाने के लिए वन विभाग अब एआई का इस्तेमाल करेगा। फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया (एफएसआई) उपग्रह आधारित रिमोट सेंसिंग और जीआईएस उपकरणों से अरावली के जंगलों पर नजर रखेगा। अरावली के जंगलों में अब कहीं पर भी अगर दस मीटर से अधिक वाले क्षेत्र में आग की घटना होती है तो एआई के माध्यम से फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा इस पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। जैसे ही आग की कोई घटना होगी तुरंत मैसेज वन विभाग और दमकम विभाग के पास पहुंच जाएगा। इससे अरावली के जंगलों को ज्यादा नुकसान नहीं होगा। वन्य जीवों के जीवन की भी रक्षा हो सकेगी। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के जंगलों की निगरानी के बाद अब अरावली के जंगलों की निगरानी भी फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा की जाएगी। अप्रैल और मई माह में अरावली के जंगलों में आग लगने की छह घटनाएं हो चुकी हैं। बंधवाड़ी लैंडफिल साइट के आसपास तीन से चार बड़ी घटनाएं भी हो चुकी हैं। इसके बाद मानेसर एरिया के नौरंगपुर और शिकोहपुर गांव की पहाड़ियों में भी आग लग चुकी हैं। इन घटनाओं को रोकने के लिए वन विभाग की तरफ से अभी तक वन कर्मचारियों को लगाया हुआ है। वन विभाग के कर्मचारी अरावली के आसपास क्षेत्र में नजर बनाए रखते हैं। कई बार स्थानीय लोग भी सूचना देते हैं। जब तक दमकल विभाग के पास यह सूचना पहुंचती है तब तक आग भीषण रूप से ले लेती है। उपग्रह आधारित रिमोट सेंसिंग और जीआईएस उपकरणों के जरिए अरावली की निगरानी की जाएगी। इस दौरान अगर कहीं पर भी धुआं उठता दिखा तो तुरंत प्रभाव से उस जगह की लोकेशन के साथ फोटो का संदेश वन विभाग को भेजा जाएगा। स्थानीय दमकल विभाग को भी इसका संदेश भेजा जाएगा।

# अगले महीने से चलेगी स्लीपर वंदे भारत; साल के अंत तक 30 ट्रेनों को चलाने की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
भारतीय रेल में ट्रेनों के सफर का अनुभव बदलने जा रहा है। रेल यात्री जल्द ही विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस सेमी हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन (स्लीपर) में सफर का आनंद उठा सकेंगे। चालू वित्तीय वर्ष में सरकार ने 30 वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को चलाने का लक्ष्य रखा है। पहली ट्रेन जुलाई के अंत तक पटरियों पर दौड़ने लगेगी। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का स्पीड ट्रॉयल पूरा हो चुका है। अनुसंधान डिजाइन एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) लखनऊ ने ट्रेन की तकनीक व स्पीड संबंधी जांच पूरी कर ली है। रेलवे बोर्ड पहले वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का रेलमार्ग व किराया तय कर रहा है। इसके बाद अगले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ट्रेन को हरी झंडी दिखा सकते हैं। अधिकारी ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 30 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों को चलाया जाएगा। इसमें सरकार के सार्वजनिक उपक्रम (पीएसयू) भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) बंगलुरु में 10 वंदे भारत स्लीपर ट्रेन बनकर तैयार है। पहली ट्रेन को हरी झंडी मिलने के बाद अन्य ट्रेनों को चरणबद्ध तरीके से पटरी पर उतारा जाएगा। उन्होंने बताया कि इंटीग्रल कोच



फैक्टरी (आईसीएफ) चेन्नई में आठ से 10 वंदे भारत का निर्माण हो रहा है। बीईएमएल व आईसीएफ संयुक्त रूप से उक्त ट्रेन के कोच को बना रहे हैं। अगली पीढ़ी की वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की डिजाइन 160 से 240 किलोमीटर प्रतिघंटा की जा रही है। वर्तमान में राजधानी, शताब्दी सहित वंदे भारत (चेयरकार) अधिकतम 130 किमी प्रतिघंटा की गति से दौड़ रही है। भावी पीढ़ी की अत्याधुनिक सुविधाओं और उन्नत तकनीक के साथ वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को जल्द ही 160 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से चलाने की योजना है। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से इनकी रफ्तार बढ़ाई जाएगी। इस रफ्तार के साथ वंदे भारत ट्रेन को प्रमुख रूप से दिल्ली-हावड़ा व दिल्ली-मुंबई रेलमार्गों पर चलाया जाएगा। विदित हो कि उक्त रेलमर्गों को हाई स्पीड बनाने के लिए टक्कररोधी तकनीक कवच लगाने व अन्य सुरक्षा उपाय किए जा रहे हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक अनौपचारिक मुलाकात में इस बात की ओर इशारा किया था कि भविष्य में विदेशी बुलेट ट्रेनों के बजाए वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों को हाई स्पीड पर चलाया जाएगा। उनका तर्क है कि विश्व मानक के अनुसार 240 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार को हाई स्पीड माना गया है। इससे अधिक रफ्तार पर ट्रेन परिचालन का खर्च बढ़ जाता है।

# दिल्ली में फ्लाईओवर के नीचे पढ़ते झुग्गी के बच्चे, मिलने पहुंचीं स्वाति मालिवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था को लेकर पिछली आप सरकार तमाम वादे करती रही। राज्यसभा सांसद स्वाति मालिवाल ने एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें झुग्गी में रहने वाले बच्चे फ्लाईओवर के नीचे पढ़ते हुए दिख रहे हैं। उन्होंने ट्वीट में लिखा- ये बच्चे स्कूल तो जाते हैं लेकिन दुखद है कि 7वीं तक के कुछ बच्चों को अपना नाम भी नहीं लिखना आता था। स्वाति मालिवाल ने जब बच्चों से पूछा कि आप बड़े होकर क्या बनना चाहते हैं, तो आगे जानिए बच्चों ने क्या जवाब दिया। इसके अलावा मालिवाल ने बच्चों को सामान भी बांटे।



स्वाति मालिवाल द्वारा शेयर किया गया वीडियो दिल्ली के कीर्ति नगर का बताया गया है। यहां के एक फ्लाईओवर के नीचे पुनर्जागरण समिति द्वारा बच्चों को मुफ्त में ट्यूशन पढ़ाई जाती है। स्वाति मालिवाल ने बताया कि यहां करीब 100 से अधिक बच्चे फ्री में ट्यूशन पढ़ते हैं। ट्वीट के कैप्शन में लिखा- ये बच्चे स्कूल तो जाते हैं लेकिन दुखद है कि 7वीं तक के कुछ बच्चों को अपना नाम भी नहीं लिखना आता था। इन ट्यूशंस ने बच्चों का 0 से तैयार करना शुरू किया। सांसद ने एक बच्ची से पूछा- आप क्या बनना चाहती हैं बड़े होकर? बच्चा ने मासूमियत भरे अंदाज में कहा- सीए। इसके बाद कई बच्चियों ने कहा कि वो बड़े होकर पुलिस बनना चाहती हैं। एक बच्चे ने कहा कि वो इंडियन आर्मी में जाना चाहता है। इसके बाद स्वाति मालिवाल ने पूछा कि इंडियन आर्मी कौन-कौन बनना चाहता है तो पीछे बैठे कई बच्चों ने एक साथ हांथ खड़े कर दिए।

बच्चों को पढ़ाने वाले टीचर ने अपनी समस्या बताते हुए कहा- आप आज आने वाली थीं, इसलिए यहां आज झाड़ू लगी है। मगर इससे पहले यहां कोई झाड़ू नहीं लगती है। इस पर स्वाति ने वहां मौजूद कर्मचारियों को हड़काते हुए कहा- ये पूरा एरिया साफ होना चाहिए। आपको मुझे प्रॉमिस करना होगा कि जब मैं दोबारा आऊं तो मुझे ये एरिया साफ चाहिए। कल सुबह से मेरे को हर दिन यहां सफाई चाहिए। क्योंकि, जब ये जगह साफ होगी, तभी बच्चे पढ़ पाएंगे।

स्वाति ने पढ़ाने वाले टीचरों को आश्वासन दिया कि यहां कल सब सफाई हो जाएगी। मैं प्रशासन से बात करती हूं कि किस तरह से यहां टीन की शेड डाली जाए। कूलर का आप मुझे बताइए, मैं उसका बंदोबस्त करा दूंगी।

## हम कुछ नहीं कर सकते, कोर्ट का आदेश है; मद्रासी कैंप पर हुए ऐक्शन पर रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के मद्रासी कैंप पर चले बुलडोजर और बेघर हुए लोगों का मुद्दा गरमाता जा रहा है। आम आदमी पार्टी के नेता इस मसले पर पहले से हमलावर हैं। इस बीच आज नेहरू कैंप,हैदरपुर पहुंची सीएम रेखा गुप्ता का इस पूरे मामले पर बयान आया है। रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार और प्रशासन इसपर कुछ नहीं कर सकता,ये आदेश कोर्ट की तरफ से आया है। कोई भी कोर्ट के आदेश की अवहेलना नहीं कर सकता।

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता नेहरू कैंप,हैदरपुर में 24 सीटों वाले जेएससी (जन सेवा कैंप) के निर्माण कार्य का उद्घाटन करने पहुंची थीं। इस दौरान उनके सामने मद्रासी कैंप पर बुलडोजर चलाने पर भी सवाल किया गया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि अगर कोर्ट ने कोई आदेश दिया है, तो न सरकार और न ही प्रशासन उसके बारे में कुछ कर सकता है। मद्रासी कैंप के तोड़े जाने की सच्चाई यह है कि यह बारापुला नाले के किनारे बसा हुआ था। उन्होंने आगे कहा कि कोर्ट ने




इस झुग्गी बस्ती को हटाने का आदेश चार बार दिया था ताकि नाले की सफाई के लिए मशीनें लगाई जा सकें,नहीं तो,2023 जैसी बाढ़ दिल्ली में फिर से देखने को मिलेगी। कोई भी कोर्ट के आदेशों की अवहेलना नहीं कर सकता।

रेखा गुप्ता ने इस मसले पर आगे कहा कि उस कैंप के निवासियों को घर आवंटित किए गए हैं और उन्हें वहां स्थानांतरित कर दिया गया है। दिल्ली में तीन जगहों पर कार्रवाई की गई,जिसमें रेलवे ट्रैक के पास बनी एक झुग्गी बस्ती भी शामिल है। रेलवे ने कार्रवाई की। अगर जानमाल का नुकसान होता है तो कौन जिम्मेदार होगा? क्या सौरभ भारद्वाज,आतिशी या अरविंद केजरीवाल को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए? कोर्ट जानता है कि वह क्या कर रहा है।

### लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर किसने दी कांग्रेस नेता को धमकी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ट्रांस हिंडन के टीला मोड़ थाना क्षेत्र में रहने वाले कांग्रेस नेता को लॉरेंस बिश्नोई का नाम लेकर 10 दिन में मारने की धमकी दी गई है। उन्होंने हिंदू रक्षा दल के कार्यकर्ताओं समेत चार के खिलाफ शनिवार को रिपोर्ट दर्ज कराई। इससे पहले भी उन्होंने पीछा करने का आरोप लगाया था। पसौंडा में रहने वाले अकबर चौधरी ने पुलिस को शिकायत दी थी। उन्होंने बताया कि वह कांग्रेस की अल्पसंख्यक कमेटी में प्रदेश महासचिव हैं। छह जून की सुबह करीब 11 बजे अनजान नंबर से उन्हें फोन आया,जिसे उठाते ही सामने से आवाज आई कि अनु चौधरी और दक्ष चौधरी का दोस्त बोल रहा हूं। वह कुछ कह पाते,इससे पहले ही फोन करने वाले ने गाली गलौज कर अशोभनीय टिप्पणी की और कहा कि उन्हें 10 दिन में मार देंगे।

पीड़ित के मुताबिक कॉलर खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य भी बता रहा था।

# मॉनसून की रफ्तार पर लगा ब्रेक

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
देश में समय पहले एंट्री लेने वाले मॉनसून की रफ्तार पर ब्रेक लग गया है। पिछले हफ्ते तक उत्तर भारत की तरफ मॉनसून तेजी से बढ़ रहा था लेकिन अब इसकी रफ्तार धीमी पड़ गई है जिससे दिल्ली एनसीआर समेत कई राज्यों में गर्मी महसूस की जा रही है। आने वाले दिनों में दिल्ली का तापमान 43 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। ऐसे में हर किसी को इस वक्त दिल्ली में मॉनसून का इंतजार है।




आम तौर जून के महीने में दो तरह के मौसम देखने को मिलते हैं। महीने के पहले भाग में जहां गर्मी झेलनी पड़ती है तो वहीं दूसरे भाग में मॉनसून के आने के बाद बारिश और तेज हवाओं वाला मौसम देखा जाता है। स्काईमेट वेदर के अनुसार आम तौर पर दिल्ली में मॉनसून 27 जून को दस्तक देता है। हालांकि इस बार सामने आई नई तारीखों के मुताबिक ये दो दिन पहले ही दिल्ली में एंट्री ले सकता है। यानी दिल्ली में इस बार 24-25 जून के मॉनसून की दस्तक संभव है जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिल सकती है। बात करें अगले एक हफ्ते की तो दिल्ली के लोगों को भीषण गर्मी झेलनी पड़ सकती है। इस बीच दो दिन पारा 43 डिग्री के पार भी पहुंच सकता है और बारिश की संभावना भी ना के बराबर है। हालांकि हफ्ते के आखिरी तीन दिन आसमान में बादल छाए रह सकते हैं।

भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक दिल्ली में 8 जून को मौसम साफ रहेगा जबकि कल धूल उड़ाने वाली हवाएं चल सकती हैं। आज अधिकतम तापमान 41 डिग्री और कल 42 डिग्री दर्ज किया जा सकता है। इसके बाद 10 और 11 जून से गर्मी और भी ज्यादा बढ़ सकती है और अधिकतम तापमान 43 डिग्री पहुंच सकता है। वहीं न्यूनतम तापमान 28 डिग्री दर्ज किया जा सकता है। 12 जून से आसमान में बादल छाए रहने की आशंका है। इस दौरान तापमान में भी मामूली गिरावट आ सकती है। 12 जून को जहां अधिकतम तापमान 42 डिग्री दर्ज किया जा सकता है वही 13 और 14 जून को ये 41 डिग्री के आसपास रह सकता है। मौसम विभाग ने दिल्ली से सटे गुरुग्राम और फरीदाबाद के लिए हीटवेव का येलो अलर्ट भी जारी किया है। आईएमडी ने 9, 10 और 11 जून को गुरुग्राम और फरीदाबाद के लिए हीटवेव का येलो अलर्ट जारी किया है।

## पाकिस्तान में आतंकियों को मिलता है इनाम..., थरूर ने शहबाज सरकार को फिर लताड़ा; डॉक्टर शकील की कैद पर साधा निशाना

**वाशिंगटन , एजेंसी।** कांग्रेस नेता शशि थरूर ने पाकिस्तान पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने डॉ. शकील अफरीदी के साथ पाकिस्तान के रवैये की आलोचना की। शकील अहमद ने अल-कायदा के सरगना ओसामा बिन लादेन को ढूंढने में और उसे मारने में अमेरिका की मदद की थी। कांग्रेस नेता थरूर ने यह बात अमेरिकी सांसद ब्रैड शर्मन के उस पोस्ट के जवाब में कही, जिसमें उन्होंने पाकिस्तान से डॉ. अफरीदी को रिहा करने की मांग की थी। शर्मन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, मैंने पाकिस्तानी डेलिगेशन से कहा कि वे अपनी सरकार को डॉ. शकील अफरीदी को रिहा करने के लिए कहे, जो ओसामा बिन लादेन को पकड़ने में मदद करने की वजह से जेल में बंद हैं। डॉ. अफरीदी की रिहाई 9/11 के पीड़ितों के लिए इंसाफ का एक अहम कदम होगा।



बता दें जिस वक्त भारतीय डेलिगेशन अमेरिका के वाशिंगटन में था, उस वक्त शर्मन पाकिस्तानी डेलिगेशन को वाशिंगटन में ही आईना दिखा रहे थे। शशि थरूर ने अमेरिकी सांसद शर्मन के बयान पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, सांसद ब्रैड शर्मन का यह बयान स्वागत योग्य है। यह याद दिलाता है कि पाकिस्तान वह मुल्क है, जहां न सिर्फ आतंकी सरगना ओसामा बिन लादेन को पनाह दी गई (वह भी सेना के कैंप के पास एक सुरक्षित ठिकाने में), बल्कि उस बहादुर डॉक्टर को गिरफ्तार कर सजा दी गई, जिसने उसका ठिकाना अमेरिकियों को बताया। पाकिस्तान में आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों को इनाम मिलता है और आतंकियों का पर्दाफाश करने वालों को सजा डॉ. शकील आफरीदी एक पाकिस्तानी डॉक्टर हैं। उन्होंने अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए को ओसामा बिन लादेन को पकड़ने में मदद की थी। वे खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी थे। 2008 में उनका अपहरण मंगल बाग नाम के एक बस ड्राइवर से आतंकी बने लश्कर-ए-इस्लाम के कमांडर ने किया था।

### रूस ने कर दिखाया एक और कमाल, अंतरिक्ष में बनाएगा अपना ड्रोन प्लेटफॉर्म; रोबोट संभालेंगे जिम्मेदारी

**मॉस्को।** अंतरिक्ष में एक ऐसा प्लेटफार्म बनाया जाएगा जिस पर ड्रोन तैनात किए जाएंगे। इस प्लेटफार्म के रखखाव की जिम्मेदारी रोबोट संभालेंगे। यह बात अभी भले ही आपको किसी साइंस फिक्शन फिल्म या कल्पना लगे लेकिन जल्द ही यह बात हकीकत में बदलने वाली है। रूस ने स्वचालित अंतरिक्षयान या ड्रोन को आर्बिटल स्पेस स्टेशन से संचालित करने के लिए एक तकनीक का पेटेंट कराया है। सामरिक तौर पर ड्रोन की बढ़ती अहमियत के मद्देनजर रूस दुनिया का पहला ड्रोन प्लेटफार्म बनाने जा रहा है। यह प्लेटफार्म रोबोट से लैस होगा। शुरुआत में रूस के ऑर्बिटल स्टेशन (आरओएस) पर इसका परीक्षण किया जाएगा। बाद में चंद्र मिशन में भी इस तकनीक का उपयोग किया जाएगा। रूस के फ?र्स्ट डिप्टी प्राइम मिनिस्टर डेनिस मंटुरोव ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को एक बैठक में बताया कि 2030 तक रूस को अपने खुद के अंतरिक्ष स्टेशन के लिए मॉड्यूल-दर-माड्यूल योजनाबद्ध बदलाव करना सुनिश्चित करना होगा। आरओएस दुनिया का पहला ड्रोन प्लेटफार्म बनेगा। यह बैठक पुतिन ने राष्ट्रीय परियोजनाओं का जायजा लेने के लिए बुलाई थी। रूस इस समय अपना ऑर्बिटल स्टेशन बनाने जा रहा है। इसे 2027 से 2033 के बीच कक्षा में तैनात करने की योजना है। आरओएस का पहला चरण साइंटिफिक एंड पावर माड्यूल (एसपीएम) को 2027 के अंत में लॉन्च किया जाना है। 2030 तक यूनिवर्सल-नोड, गेटवे और बेस मॉड्यूल भी लांच करने की योजना है। ये सभी मिलकर अंतरिक्ष स्टेशन का आधार बनाएंगे। दूसरे चरण में 2031 से 2033 के बीच दो मॉड्यूल को डाक करके स्टेशन का विस्तार किया जाएगा। अप्रैल 2021 में, रोस्कोस्मोस के अधिकारियों ने 2024 के बाद अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से बाहर निकलने की योजना की घोषणा की थी। 2030 तक रूस आइएएस से अलग हो सकता है।

# इजरायल ने फलस्तीनी मुजाहिदीन कमांडर किया ढेर

**यरूशलम , एजेंसी।**
इजरायली सेना ने कहा कि उसके सैनिकों ने गाजा शहर में हमलों में फिलिस्तीनी मुजाहिदीन आंदोलन के कम से कम दो सीनियर मेंबर को मार गिराया है। इजरायली फोर्स ने कहा कि दोनों में एक कमांडर भी शामिल है। कमांडर पर 7 अक्टूबर को इजरायल पर हुए घातक हमले में शामिल होने का आरोप है।

आईडीएम और शिन बेट सुरक्षा एजेंसी ने एक संयुक्त बयान में कहा कि मुजाहिदीन ब्रिगेड के प्रमुख असद अबू शरैया एक ज्वाइंट ऑपरेशन में मारा गया। मुजाहिदीन ब्रिगेड फिलिस्तीनी मुजाहिदीन आंदोलन की हथियारबंद शाखा है। इजरायल ने अबू शरैया पर 2023 में हमास के नेतृत्व वाले हमले में अहम भूमिका निभाने और इजरायली बंधकों के अगवा, हिरासत और हत्या में सीधे तौर पर शामिल होने का आरोप लगाया।

आईडीएम के अनुसार अबू शरैया ने इजरायल के सबसे कम उम्र के बंधक कफिर बिबास के परिवार और उसकी हत्या की थी। कफिर की उम्र 9 महीने थी।

एक अलग हमले में, महमूद मुहम्मद हामिद कुहैल नामक एक अन्य आतंकवादी भी मारा गया। माना जाता है कि वह भी इजरायल में अक्टूबर 2023 में हुए हमले में शामिल था। फिलिस्तीनी आतंकवादी समूहों की ओर से मौतों पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई। वहीं आईडीएम और इजरायल सुरक्षा एजेंसी ने शनिवार को जानकारी दी की कि उन्हें 36 साल के थाई नागरिक नट्टापोंग पिंटा का शव मिला है। नट्टापोंग पिंटा को 7 अक्टूबर 2023 के हमले के दौरान मुजाहिदीन ब्रिगेड ने अगवा कर लिया था। दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा शहर में शुक्रवार को एक ज्वाइंट ऑपरेशन के दौरान पिंटा का शव बरामद किया गया था।



इस बीच, हमास की सशस्त्र शाखा अल-कासिम ब्रिगेड ने दावा किया कि इजरायली सेना गाजा में एक जगह की घेराबंदी कर रही है। इस जगह पर ही हमास ने एक इजरायली नागरिक को बंधक बनाया हुआ है। हमास के प्रवक्ता अबू ओबेदा ने बंधक का नाम मतान जांगाउकर बताया है। अबू ओबैदा ने धमकी देते हुए कहा कि दुश्मन उसे (मतान) जीवित नहीं बचा पाएंगे। इजरायल ने इस दावे पर सार्वजनिक रूप से इस मामले पर प्रतिक्रिया नहीं दी है, हालांकि इजरायली मीडिया ने बताया है कि बाकी बंधकों को नुकसान से बचने के लिए चल रहे सैन्य अभियान सावधानी के साथ चलाए जा रहे हैं।

# स्नूकर स्टार नील रॉबर्टसन ने हांगकांग का निवासी बनने की घोषणा की

**बीजिंग, एजेंसी।**
ऑस्ट्रेलियाई स्नूकर स्टार नील रॉबर्टसन ने 6 जून को सोशल मीडिया पर घोषणा की कि उन्होंने और उनके परिवार ने हांगकांग का पहचान पत्र प्राप्त कर लिया है, और इसे एक महत्वपूर्ण व्यक्तिगत क्षण और पूरे परिवार के लिए गौरव की बात बताया। रॉबर्टसन ने कहा कि चीन का हांगकांग विशेष प्रशासनिक क्षेत्र हमेशा से उनकी धन्य भूमि रही है, जहां उन्होंने बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं और इस शहर के साथ गहरी दोस्ती कायम की है। उन्होंने कहा कि भविष्य में वह हांगकांग में और अधिक व्यवसाय तथा करियर की योजनाएं बनाएंगे।




बताया जाता है कि रॉबर्टसन ने हांगकांग की गुणवत्ता प्रतिभा प्रवेश योजना के माध्यम से हांगकांग की पहचान प्राप्त की। गौरतलब है कि चीन के हांगकांग विशेष प्रशासनिक क्षेत्र की सरकार ने जून 2006 में गुणवत्ता प्रतिभा प्रवेश योजना शुरू की, जिसका उद्देश्य हांगकांग में बसने के लिए उच्च तकनीक प्रतिभाओं या उत्कृष्ट प्रतिभाओं को आकर्षित करना और हांगकांग की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना है। हाल के वर्षों में, प्रसिद्ध स्नूकर खिलाड़ी जुड ट्रम्प और रोनी ओसुलिवन इस योजना के माध्यम से हांगकांग के निवासी बने हैं।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 08-06-2025 21:39 Page 1



# गोमो के बीएसएफ जवान का लोगों ने किया गर्मजोशी से स्वागत



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान धनबाद जिले के तोपचांची प्रखंड अंतर्गत गोमो के बीएसएफ जवान राजेश कुमार द्वारा राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अपना अमूल्य योगदान देने के लिए रविवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जंक्शन (गोमो) रेलवे स्टेशन में गर्मजोशी से स्वागत किया गया।
इस संबंध में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने बताया कि गोमो के शिव मंदिर कालीपारा निवासी राधिका राग के पुत्र राजेश कुमार 120 बटालियन सीमा सुरक्षा बल में तैनात है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उन्होंने अदम्य साहस एवं वीरता का परिचय दिया था। ऑपरेशन के दौरान घायल होने के बाद भी उन्होंने पाकिस्तान की गोलाबारी का मुंहतोड़ जवाब दिया था।
इसके बाद उन्हें 166 मिलिट्री अस्पताल, सतवारी में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। वहां उचित उपचार के उपरान्त ठीक होने जाने पर उन्हें 25 मई 2025 को डिस्चार्ज किया गया। बटालियन ने राजेश कुमार को 5 जून 2025 से 2 जुलाई 2025 तक चिकित्सकीय अवकाश दिया है। जिसमें वे अपने घर पर रहेंगे। अंचल अधिकारी तोपचांची डॉ संजय कुमार सिंह ने बताया कि अदम्य साहस एवं वीरता का परिचय देने वाले राजेश कुमार हॉस्पिटल से रिलीज होकर स्वास्थ्य लाभ के लिए आज जम्मू से कोलकाता एक्सप्रेस से नेताजी सुभाष चंद्र बोस जंक्शन (गोमो) पहुंचे। उपायुक्त के निदेर्शानुसार प्रशासन - पुलिस और आम जनता द्वारा ढोल - नगाड़े के साथ उनका स्वागत कर उनके घर सम्मानपूर्वक पहुंचाया गया।
मौके पर अंचल अधिकारी तोपचांची डॉ संजय कुमार सिंह, थाना प्रभारी हरिहरपुर श्री राहुल कुमार झा, इंस्पेक्टर असीम कमल टोपनो, आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर आलोक कुमार, सांसद प्रतिनिधि सुभाष रवानी, माननीय विधायक प्रतिनिधि जगदीश चौधरी, स्टेशन प्रबंधक श्री एसएन झा, बीसी मंडल, जिला परिषद सदस्य विकास महतो, मुखिया प्रतिनिधि रवि सिंह, चैंबर के अध्यक्ष धीरज कुमार सहित सैंकड़ों जनता भारत माता की जय के नारे लगाते हुए उनके घर तक पहुंचे।

# शहीद स्मारक पर 'जय हिन्द सैनिक सम्मान समारोह' का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग के ऐतिहासिक शहीद स्मारक परिसर में रविवार को 'जय हिन्द सैनिक सम्मान समारोह' का भव्य और भावनात्मक आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर भारतीय सेना से सेवानिवृत्त वीर सैनिकों, सूबेदारों और हवलदारों को उनके अद्वितीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।
समारोह के मुख्य अतिथि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी एवं नगर निगम पर्यवेक्षक मुन्ना सिंह रहे। उन्होंने पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिह्न और अंगवस्त्र भेंट कर वीर सैनिकों का सम्मान किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि भले ही इन सैनिकों की वर्दी अब उनके शरीर से अलग हो चुकी है, लेकिन उनके हृदय में भारत माता के प्रति वही ज्वलंत भावना आज भी जीवित है। उन्होंने कहा कि इन वीरों का हर एक क्षण, जो उन्होंने देश की सीमाओं पर बिताया, हम सबके लिए प्रेरणा है।
मुन्ना सिंह ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रारंभ से ही राष्ट्र की सुरक्षा, सैनिकों के सम्मान और उनके परिवारों के कल्याण के लिए कटिबद्ध रही है। उन्होंने यह आश्वासन भी दिया कि ऐसे वीरों के अनुभवों और योगदान को राष्ट्र निर्माण में प्रमुखता दी जाएगी।




सम्मान समारोह में जिन पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया, उनमें कप्तान डी.डी. सिंह, एच.एफ.ओ. एस.पी. सिंह, कप्तान पी.के. पांडेय, एस.एम. ए.के. राणा, एस.एम. एच.एच. प्रसाद, एस.एम. ए.के. पांडेय, सूबेदार जी.के. सिंह, सूबेदार जोसेफ बस्ता, सूबेदार फादर मिंटो, सूबेदार मुरारी प्रसाद, सूबेदार केशव प्रसाद मेहता, सूबेदार डी.डी. मिश्रा, एचएनबी अनील सिंह, हवलदार बी.पी. मेहता, हवलदार सोनजय सिंह, हवलदार मुरारी जी, हवलदार बिंदेश्वरी सिंह, हवलदार विष्णुदेव राणा, सार्जेंट आर.पी. सिंह, सार्जेंट यशेश कुमार, एन.के. प्रमोद साहू, एन.के. विवेक कुमार सिंह, एन.के. राजीव सिंह, एन.के. प्रदीप कुमार साव, एन.के. रामलखन सिंह, रितेश सिंह, हवलदार श्याम सुंदर

## आपका समर्पण राष्ट्र की अमूल्य पूंजी : मुन्ना सिंह

सिंह, हवलदार सिद्धनाथ तिवारी, हवलदार सुरेंद्र उरांव, हवलदार उपेंद्र सिंह, हवलदार चक्रधारी प्रसाद, हवलदार शकील राय और हवलदार सुमित उरांव शामिल रहे।
इसके अतिरिक्त केंद्रीय अध्यक्ष अरविंद ओझा, अवध कुमार भारती, रामानंद मिश्रा, अजय प्रसाद, भोलनाथ प्रसाद, वीरेंद्र सिंह, मधुसूदन प्रसाद, दिलीप सिंह, महेंद्र गोप, नीरज ओझा, पूर्व उप सचिव सुरेश दांगी, वरिष्ठ सलाहकार राजदेव प्रसाद, निरंजन सिंह, अरुण कुमार ओराव, शिव शंकर कुमार, अशोक राणा, रविन्द्र प्रसाद सिंह, मनोज गोप, नीरज कुमार, किशोर यादव, विवेक तिवारी, मालेश्वर पांडेय, शत्रुघ्न यादव, राजेंद्र प्रसाद, मनोज भारती, लालमन राणा, सुनिल कुमार, अशोक दांगी, सहजाद आलम और मालेश्वर पांडे भी समारोह में उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन शहीदों को मौन श्रद्धांजलि, राष्ट्रगान और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति के साथ किया गया। शहीद स्मारक परिसर देशभक्ति की भावना और गर्व से ओतप्रोत रहा।

# बाउंड्री तोड़ स्कॉर्पियो घर के दरवाजे तक पहुंची, बाल-बाल बचे लोग

## कई सामानों की हुई क्षति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर बाउंड्री तोड़ घर के मुख्य दरवाजे के पास पहुंच गई। तेज आवाज से घर में रह रहे लोग भयभीत हो गए।
घटना बीएस सिटी थाना क्षेत्र के थाना मोड की है। स्कॉर्पियो सेक्टर 3 ए क्वार्टर संख्या 001 की बाउंड्री तोड़कर घर के दरवाजे के पास जा घुसी। गनीमत रही कि घर के बच्चे सहित अन्य लोग घर के अंदर मौजूद थे।
तेज आवाज जब हुई तो घर के लोग बाहर निकले तो देखा कि एक स्कॉर्पियो घर के दरवाजे के पास आकर खड़ी है। इसकी सूचना घर के मालिक को दी गई। हादसे के बाद पूरे इलाके में अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया ।
मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके का जायजा लिया ।हादसे के बाद गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया। गाड़ी बिना नंबर की बताई जा रही है। इस



हादसे में किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं है।
घर के मालिक मणिलाल सिंह ने बताया कि गर्मी का दिन है हम लोग घर के दरवाजे के पास प्रतिदिन बैठते हैं ।लेकिन मैं घर पर नहीं था उसी लिए सभी लोग नारद थे ।अगर बाहर रहते तो बड़ा हादसा हो सकता था ।मेरे बाउंड्री सहित अन्य सामानों का बहुत नुकसान हुआ है।
घर में रहने वाली बच्ची अंशु ने बताया कि तेज आवाज के बाद बाहर निकाला तो गाड़ी को दरवाजे के बाहर पाया। सब इंस्पेक्टर वीरेंद्र खाखा ने बताया कि इस हादसे में कोई घायल नहीं हुआ है गाड़ी मालिक का पता लगाया जा रहा है गाड़ी तेज गति से रहने के कारण यह हादसा होना प्रतीत हो रहा है।

# कायस्थ महासभा ने चयनित प्रतिभाओं को किया सम्मानित, दी उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, हजारीबाग जिला कार्यालय में रविवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अरुण प्रभात सिन्हा ने की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सी.बी. सहाय, प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार सिन्हा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यगण और जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य चित्रांश समाज के उन तीन मेधावी युवाओं को सम्मानित करना था, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर समाज का नाम रोशन किया। अंकित अभिषेक - पिता अशोक कुमार, माता नीलम कुमारी। अंकित का इस वर्ष वढरउ परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा और



उनका चयन भारतीय विदेश सेवा के लिए हुआ।प्रेयस प्रत्यूष - पिता डॉ. पवन कुमार, माता ज्या ज्योति। स्वप्निल सिन्हा - पिता संजीव किशोर प्रसाद, माता वंदना बक्शी। स्वप्निल ने परीक्षा में उच्च रैंक प्राप्त किया। समाज की ओर से इन तीनों कुलश्रेष्ठों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्न और उत्तम भविष्य की शुभकामनाओं के साथ सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महासभा के सभी उपाध्यक्ष, अनुमंडल संयोजक, विभिन्न उपसमितियों के अध्यक्ष एवं सदस्यगण तथा प्रकोष्ठों के अध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित रहे। समारोह में जिला संगठन मंत्री अजय कुमार अंबष्ट ने कायस्थ महासभा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और समाज के प्रति उसके योगदानों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने महासभा की स्थापना से लेकर आज तक के सामाजिक एवं संगठनात्मक कार्यों को साझा किया। कार्यक्रम का समापन जिला कार्यकारी अध्यक्ष बृज मोहन प्रसाद द्वारा अल्पाहार के बाद औपचारिक घोषणा के साथ किया गया।

# प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू ने सिमडेगा में की समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा में आज कांग्रेस वर्किंग कमिटि के स्थायी आमंत्रित सदस्य सह झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी डॉ के राजू, झारखण्ड प्रदेश काँग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे की उपस्थिति में सिमडेगा परिसदन में संगठन सृजन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक हुई। डॉ के राजू ने सभी10 प्रखंडों के अध्यक्ष एवम प्रखण्ड पर्यवेक्षक , सभी18 मण्डल अध्यक्ष से संघटन के बारे में विस्तृत जानकारी ली। जिलाध्यक्ष को निर्देशित दिया कि सभी मण्डल प्रखण्ड और मण्डल कमिटि सदस्यों को तत्काल नियुक्ति पत्र जारी करें। सभी प्रखण्ड एवं मण्डल अध्यक्ष, पर्यवेक्षक हर पंचायत में जाकर रात्रि विश्राम के साथ ग्रामीण कांग्रेस कमिटि का निर्माण करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अध्यक्ष एवम समिति के सदस्यों के घरों मे जाकर काँग्रेसी झंडा लगाएं और जन-जन तक कांग्रेस के नीति सिद्धांतों को पहुंचाएं।प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने संगठन सृजन में सबों की भागीदारी सुनिश्चित करने और सबों को पेसा कानून की जानकारी देने की बात कही। सिमडेगा जिला संघटन प्रभारी सह विधायक भूषण बाड़ा,पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज साहू, जिला पर्यवेक्षक रमा खलखो ने भी संबोधित किया।

## उपायुक्त का पंचायत रात्रि चौपाल 14 जून को

**बोकारो।** उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा का पंचायत में रात्रि चौपाल आगामी 14 जून को होगा। इसको लेकर उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी तैयारी का निर्देश दिया है। जानकारी हो कि, पहले 08.जून रविवार को पंचायत में रात्रि चौपाल प्रस्तावित था। लेकिन, अपरिहार्य कारणों से इसे स्थगित कर दिया गया है।

# ताल सीजन 4 की प्रतिभा खोज प्रतियोगिता जमशेदपुर में शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमशेदपुर।** ताल सीजन 4ः जमशेदपुर में शुरू हुई पूर्वी भारत की सबसे बड़ी प्रतिभा खोज प्रतियोगिता।
प्रथम ऑडिशन 15 जून को मिलनी क्लब, बिस्टूपुर में, ग्रैंड फिनाले 10 अगस्त को जमशेदपुर में आयोजित होगा।
जमशेदपुर के परसुडीह स्थित साई गुरुकुल द्वारा पूर्वी भारत की बहुचर्चित प्रतिभा प्रतियोगिता ᳵतालᳵ के चौथे सीजन की औपचारिक घोषणा की गई। यह प्रतियोगिता पूर्वी भारत के पांच प्रमुख शहरों—जमशेदपुर, रांची, बोकारो, धनबाद और कोलकाता—में ऑडिशन के माध्यम से आयोजित की जा रही है।इस श्रृंखला का पहला ऑडिशन 15 जून को जमशेदपुर के बिस्टूपुर मिलनी क्लब में सुबह 10 बजे से शुरू होगा। चयनित प्रतिभागियों को अंतिम चरण के लिए आमंत्रित किया जाएगा, जिसका ग्रैंड फिनाले 10 अगस्त को भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा।
कार्यक्रम की खास बात यह है कि इस बार सेलिब्रिटी जज के तौर पर मशहूर कोरियोग्राफर आकांक्षा शर्मा मौजूद रहेंगी, जो बॉलीवुड के कई बड़े सितारों के साथ काम कर चुकी हैं। साथ ही सिंगिंग व मॉडलिंग के क्षेत्र से कोलकाता और जमशेदपुर के प्रसिद्ध गुरुओं व विशेषज्ञों की निर्णायक मंडली भी मंच की शोभा बढ़ाएगी।
प्रेस कॉन्फ्रेंस में साई गुरुकुल के संस्थापक अरूप मजूमदार, संगीत शिक्षिका सोमा मुखर्जी, मॉडल मीता घोष, प्रज्ञा परोमिता चक्रवर्ती, और नृत्य शिक्षक प्रकाश, लिटिल, निखिल समेत अन्य कलाकारों ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सिर्फ बच्चों को मंच देना नहीं है, बल्कि प्रशिक्षकों की प्रतिभा और प्रशिक्षण क्षमता को भी उजागर करना है। साई गुरुकुल के अनुसार, इस आयोजन से प्राप्त समस्त आय वृद्धाश्रम को समर्पित की जाएगी, जिससे समाज सेवा का भी एक महत्वपूर्ण संदेश दिया जा सके।

## शिक्षक पात्रता परीक्षा में नागपुरी और कुड़ुख को शामिल करने का विरोध

**डालटनगंज।** शिक्षक पात्रता परीक्षा नियमावली में नागपुरी और कुड़ुख को शामिल किए जाने का विरोध शुरू हो गया है। पलामू के सांसद वीडी राम ने इसके खिलाफ भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं के साथ सड़क पर उतरने की चेतावनी दी है। रविवार दोपहर 3 बजे मेदिनीनगर स्थित आवास पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए यह बात कही। सांसद ने कहा कि पलामू प्रमंडल के तीनों जिले पलामू, गढ़वा एवं लातेहार में ज्यादातर मगही और भोजपुरी भाषा बोली जाती है। इसके बावजूद नियमावली में इन दोनों भाषाओं को शामिल नहीं किया गया। पलामू प्रमंडल के युवाओं के साथ यह घोर अन्याय है। इसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल में नागपुरी और कुड़ुख भाषा की पढ़ाई नहीं होती है। एक कॉलेज स्तर के शिक्षक भी थे वह भी रिटायर हो चुके हैं।

# निरसा खुदिया नदी में शव मिलने से सनसनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**निरसा।** निरसा थाना क्षेत्र के नायाडंगा काली मंदिर के निकट खुदिया नदी में रविवार को शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर लोंगों की भीड़ जुट गई। पूर्व मुखिया मजनू बाउरी ने पुलिस को सूचना दी। निरसा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। शव को पानी से निकाला गया। शव की पहचान नही हो पायी है ।पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चलेगा कि पानी मे डूबने से मौत हुई है या हत्या कर नदी में फेंक दिया गया है। शव की पहचान नही हो पाई है ।पूर्व मुखिया मजनू बाउरी सहित स्थानीय लोंगों ने कहा कि खुदिया नदी का यह क्षेत्र डेंजर जॉन बन गया है ।अधिकांश लोग यहां स्नान करने आते हैं ।पिछले एक साल में अबतक आठ दस लोंगों की नहाने के क्रम में मौत हो चुकी है। उनलोंगों ने प्रशासन से मांग किया है कि इस क्षेत्र को डेंजर जॉन घोषित करते हुये बैरिकेटिंग किया जाय ।

# सांसद ने की एनटीपीसी के परियोजना अधिकारियों संग बैठक

## विस्थापितों के हक में रखीं कई मांगें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** एनटीपीसी की विभिन्न परियोजनाओं से जुड़ी समस्याओं और विस्थापितों के हितों को लेकर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने एक महत्वपूर्ण बैठक की। यह बैठक जुलु पार्क स्थित एनटीपीसी गेस्ट हाउस सभागार में आयोजित हुई, जिसमें बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी सहित एनटीपीसी के विभिन्न परियोजनाओं के वरीय अधिकारी उपस्थित रहे।
बैठक में सांसद ने एनटीपीसी के पकरी बरवाडीह, चट्टी बरियातू और केरेडारी कोल माइंस से जुड़े मुद्दों को जोरशोर से उठाया और स्थानीय लोगों, खासकर विस्थापितों के लिए कई मांगें रखीं।
गैर-तकनीकी पदों पर बाहरी कर्मचारियों के पर शत-प्रतिशत स्थानीय एवं विस्थापितों को नौकरी देने की मांग। पकरी-बरवाडीह नॉर्थ वेस्ट माइंस में प्रत्येक विस्थापित परिवार को एक-एक नौकरी सुनिश्चित करने का आग्रह। बड़कागांव चौक पर लगने वाले जाम से राहत के लिए सीकरी से होराम तक बाईपास पथ के अविलंब निर्माण की मांग। विस्थापितों के मकान खाली करवाने के मामले में जबरदस्ती नहीं, बल्कि आपसी सहमति और संवाद से कार्रवाई करने की बात। सीएसआर फंड के सदुपयोग पर जोर देते हुए अस्पताल, स्कूल, पुस्तकालय, और जॉब ओरिएंटेड ट्रेनिंग प्रोग्राम की स्थापना की मांग। कोल हैंडलिंग प्लांट और रैपिड लोडिंग सिस्टम शुरू होने से प्रभावित होने वाले लगभग 800 स्थानीय लोगों की रोजगार सुरक्षा और नए रोजगार सृजन पर विचार करने की बात। बंद पड़ी गारमेंट यूनिट को पुनः चालू कर लगभग 200 महिलाओं को दोबारा रोजगार देने की मांग।
इस बैठक में हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल और बड़कागांव विधायक रोशन लाल



चौधरी के साथ-साथ एनटीपीसी के कई परियोजना प्रमुख, एजीएम और डीजीएम स्तर के अधिकारी शामिल रहे। इनमें बादम परियोजना प्रमुख अरुण कुमार सक्सेना, पकरी बरवाडीह परियोजना प्रमुख सुब्रत कुमार दास, कोल माइनिंग मुख्यालय रांची के एजीएम प्रशांत सिंह, एचआर अधिकारी रोहित पाल, अनिरुद्ध कुमार सिंह, बदरुद्दीन अंसारी, और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य एनटीपीसी की परियोजनाओं से प्रभावित लोगों की समस्याओं का समाधान निकालना और स्थानीय विकास को प्राथमिकता देना था। सांसद ने सभी मांगों पर गंभीरता से विचार कर ठोस कदम उठाने की अपील की है।

## करंट से मिस्त्री की मौत

**केरेडारी, हजारीबाग।** केरेडारी प्रखंड के डामहाबागी बिजली सब स्टेशन में कार्यरत लाइनमैन ऑपरेटर उदय कुमार की शनिवार को करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, उदय कुमार पोल पर चढ़कर बिजली मरम्मत कार्य कर रहे थे, तभी अचानक करंट की चपेट में आ गए। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बिजली सप्लाई बंद किए गया था परंतु अचानक बिना सूचना के चालू कर दिया गया ।

# रेड क्रॉस ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद के द्वारा स्वास्थ्य कैंप बासमुडी, रंगोनी पंचायत बाघमारा प्रखंड एवं टुंडी विधानसभा एवं गिरीडीह लोकसभा में सुबह 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक लगाया गया है जिसमें 60 पेशेंट पुरूष एवं महिला ने स्वास्थ्य संबंधी सुझाव और दवाईयां ली।आज के कार्यक्रम में चेयरमैन कौशलेंद्र कुमार सिंह , चेयरमैन सलाहकार कुमार मधुरेन्द्र सिंह एवं कोषाध्यक्ष श्वेतांबरा पाठक, वाहन नोडल पदाधिकारी देवेन्द्र कुमार एवं अनिल भगत एवं नोडल पदाधिकारी स्वास्थ्य डाक्टर जिम्मी अभिषेक, डाक्टर प्रमोद कुमार सिन्हा, आयुष डाक्टर जालंधर सिंह, डाक्टर जी एन ओझा, डाक्टर बालेश्वर प्रसाद, आजीवन सदस्य सुभाष खेतान, कृष्ण कुमार वर्मा ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की, इस क्रम में बासमुडी में सभी का ब्लड प्रेशर एवं शुगर जांच एवं दवाईयां उपलब्धता अनुसार दिया गया, बासमुडी रंगोनी पंचायत के उपमुखिया रुकमनी देवी, वार्ड पार्षद आरती देवी उपलब्ध रहीं और अंततः कैंप का समापन किया गया।

## देवघर से दिल्ली जाने वालों की बढेगी परेशानी

**देवघर।** रात में विमान से देवघर से दिल्ली जाने और आने वाले यात्रियों के लिए 15 जून से परेशानी बढ़ने वाली है। देवघर-दिल्ली के बीच उड़ान भरने वाली इंडिगो फ्लाइट की सेवा तीन माह के लिए बंद होने वाली है। इंडिगो प्रबंधन के इस निर्णय के कारण अब 14 जून के बाद की फ्लाइट की बुकिंग भी बंद कर दी गई है। इसको लेकर यात्रियों में निराशा भी देखी जा रही है। हालांकि देवघर एयरपोर्ट से देवघर-दिल्ली और दिल्ली-देवघर के बीच इंडिगो की दिन की फ्लाइट हर दिन यात्रियों के लिए उपलब्ध है। लेकिन रात की फ्लाइट तीन माह के लिए बंद होने जा रही है। देवघर एयरपोर्ट में इंडिगो के प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-टू में काम हो रहा है। इस नाइ फ्लाइट सेवा 15 जून से अगले तीन माह तक बाधित रहेगी।बताते चलें कि देवघर एयरपोर्ट से 16 अप्रैल 2025 से ही रात्रि विमान सेवा की शुरूआत हुई है।इतना ही नहीं यह निर्णय यात्रियों के साथ इंडिगो प्रबंधन के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रहा है।

# कृषि वैज्ञानिकों ने गुमला के किसानों के साथ किया संवाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुमला।** गुमला के पालकोट प्रखंड अंतर्गत बागेसेरा गांव के पंचायत भवन में आज कृषि विज्ञान केंद्र बिशनपुर के द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कृषि वैज्ञानिकों ने मानसून आने के पूर्व कृषि कार्यों के तकनीक और सरकारी योजनाओं की जानकारी के साथ नवाचार पर सीधा संवाद किया।
उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान रांची के निदेशक डॉक्टर अभिजीत करने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य गांव में किसानों तक पहुंचना है और उनकी समस्या का निदान करना है साथ-साथ उनके अनुभवों का लाभ लेकर कृषि के क्षेत्र में आए बदलाव और नवाचार के साथ-साथ सरकारी योजनाओं से अवगत कराना है। क्योंकि खेती का विकास होगा तभी कृषक समृद्ध हो पाएंगे।
कृषि विज्ञान केंद्र बिशनपुर के वैज्ञानिक डॉक्टर संजय पांडे ने कहा कि 29 में से 12 जून तक चलने वाले विकसित कृषि संकल्प अभियान को देश के 700 जिलों में केंद्र और राज्य के समन्वय से किया जा रहा है। गुमला जिले के 159 पंचायत में 135 पंचायत में इस अभियान को पहुंचाने के लिए लगातार कार्यक्रम संचालित किया जा रहे हैं। कृषि वैज्ञानिकों की इसके लिए तीन टीमें बनाई गई है और आज तक 90 पंचायत में इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित किया जा चुका है। श्री पांडे ने कहा कि ऐसे के माध्यम से किसानों को मिट्टी के स्वास्थ्य की जानकारी भी दी जा रही है। जिससे कि किसानों को अधिक से अधिक उपज मिले और उनकी आय बढ़े।
कृषि विज्ञान केंद्र की महिला वैज्ञानिक निशा तिवारी ने कहा कि यहां खेती बाड़ी में पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं का योगदान भी काम नहीं होता है और आप देख रहे हैं इस कार्यक्रम में महिला किसानों की भी उपस्थिति काफी है इसलिए इन महिलाओं के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए कृषि कार्य के लिए प्रेरित किया जा रहा है ।खासकर मडुवे की खेती से लोग दूर हो रहे थे इसलिए उन्हें प्रेरित किया जा रहा है कि वह मडुवा की खेती भी करें और अधिक फायदा उठाएं। इस बैठक में भाग लेने वाले किसान कृष्णा उरांव ने कहा कि खेती-बाड़ी के संबंध में वैज्ञानिकों ने बहुत अच्छी सलाह दी है। पहले की खेती और अब की खेती में काफी बदलाव हुए हैं। उन्नत बीज और खाद के प्रयोग से अच्छी पैदावार हो रही है और अधिक लाभ मिलने लगा है।
किसान मनोहर उरांव ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने उन्हें खेती करने के तौर तरीकों के साथ-साथ मिट्टी के स्वास्थ्य की जानकारी और कृषि बीमा के संबंध में भी बताया है। उन्नत बीज के प्रयोग से फ्री है जिससे उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति हो रही है और अब सारे लोग खुशहाल हैं।

## विधायक ने सिलाई मशीन देने का किया वादा

**धनबाद।** सुकन्या सामाजिक जन सहयोग ट्रस्ट, धनबाद के नेतृत्व मे आओ रोजगार करे कार्यक्रम निर्देशक अमाल दास, जिला अध्यक्ष, रामा शीश चौहान की देख रेख मे संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद के विधायक राज सिन्हा और एमपीजी ग्रुप के सीओ दिलीप प्रसाद नोनिया उपस्थित रहे। अतिथि डॉ, अर्जुन पांडे, के, वर्मा, लखन विश्वकर्मा, भोला नाथ राम, जगन्नाथ शर्मा, अधिवक्ता हीरा लाल चौहान, प्रभु चौहान, रेहान सर, उपस्थित हुये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये । विधायक ने लोगों को रोजगार को बढावा देने के लिए 10 दस सिलाई- मशीन देने का वादा किया। उन्होंने जनता को आह्वान किए देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है हर हाथ मे रोजगार हो, और मैं उस सपना को पूरा करने के दिए दिन रात लगे हुये है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी.कॉर्प.लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादकः मनोज विशाल
फोन नंबरः 9431145865, 8210783623,
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्याः JHAHIN/2017/72655,
Email : bokaronbt@gmail.com

CMYK